छोड़ने के लिए दबाव डाला जा रहा है। पाकिस्तान की ओर से शरणार्थियों की बाढ़ पहले ही बहुत आ चुकी है। अब इसे रोकने के लिए क्या सरकार के पास कोई ऐसा तन्त्र है जो वहां से आने वाले शरणार्थियों की उचित व्यवस्था करे अथवा शरणार्थियों की इस बाढ़ को आने से रोके ?

श्री भागवत झा आजाद : जैसा कि मैंने शुरू में ही कहा था वहां से शरणार्थियों के आने के मुख्य कारण आर्थिक संकट और असुरक्षा की भावना है। अतः मैं माननीय सदस्य की इस बात से सहमत हूँ कि असुरक्षा की भावना भी उनके इधर आने का एक कारण है। जहां तक मशीनरी की बात है, सरकार ने इसके लिए प्रबन्ध किया हुआ है। इसके लिए एक विभाग है। जिनके पास वैध स्थानान्तरण सम्बन्धी दस्तावेज होते हैं, भारत में उन्हें ही आने की अनुमति दी जाती है। सरकार की यह नीति नहीं है कि उनके इस प्रकार से आने को प्रोत्साहन दिया जाये। यदि वे हमारी ओर आते हैं तो उनकी व्यवस्था करने के लिए एक मशीनरी हमारे पास है।

श्री स्वैल : यह एक मानवीय समस्या है जो कुछ समय बाद देश की बड़ी समस्याओं में से एक बन जायेगी। अतः क्या यह सरकार का कर्त्तव्य नहीं है कि ऐसी समस्या के बारे में पूर्वकल्पना करके उसके समाधान पर विचार करे। क्या सरकार ने ऐसी संभावित समस्या से निपटने की किसी विधि पर विचार किया है ?

अध्यक्ष महोदय : मंत्री महोदय इसका उत्तर दे चुके हैं।

श्रीमती ज्योत्स्ना चन्दा : पूर्वी पाकिस्तान से आये कुछ शरणार्थी ऐसे भी हैं जो आसाम में ही बसना चाहते हैं किन्तु आसाम सरकार उन्हें किसी प्रकार की सहायता नहीं दे रही है। मेरे जिले में ही कुछ लोग ऐसे हैं। क्या केन्द्रीय सरकार आसाम सरकार को ऐसे लोगों की सहायता करने के लिए कहेगी ? कछार जिले में ऐसे लोग पिछले चार-पांच वर्ष से रह रहे हैं।

श्री भागवत झा आजाद : आसाम राज्य के लिए 12000 परिवारों को बसाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। मैं आसाम सरकार को बधाई देता हूँ कि उसने आसाम राज्य में 12000 परिवारों को बसा लिया। अब वहां पर जो लोग हैं उनके आसाम से बाहर अन्य स्थानों पर जाने के लिए हमने व्यवस्था की है। हमने उन्हें यह सलाह दी है कि वे किसी अन्य स्थान पर जाकर बसें। दंडकारण्य परियोजना में हमने ऐसा ही काम किया है। किन्तु दुर्भाग्य है कि वे परिवार आसाम से बाहर जाना पसन्द नहीं करते चूंकि वे वहां सरकार की सलाह की उपेक्षा करके रह रहे हैं अतः उनकी कोई भी सहायता नहीं की जा सकती, क्योंकि राज्य सरकार के अनुसार उक्त राज्य में अब और अधिक भूमि नहीं है।

श्री स० मो० बनर्जी : समाचार पत्रों से मालूम होता है पूर्वी पाकिस्तान से बड़ी संख्या में शरणार्थी भारत मे आ रहे हैं। क्या सरकार ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की असुरक्षा के प्रश्न पर पाकिस्तान सरकार से बातचीत की है। यदि हाँ, तो इस सम्बन्ध में पाकिस्तान सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

श्री भागवत झा आजाद : हमारा सम्बन्ध उन लोगों को बसाने से है जो यहाँ आ गये हैं शरणार्थी के रूप में रह रहे हैं। माननीय सदस्य को यह प्रश्न वैदेशिक-कार्य मंत्रालय से पूछना चाहिए।

श्री स० मो० बनर्जी : यह बात तो ठीक है कि शरणार्थियो को माना शिवर में भेजा जा रहा है । किन्तु पाकिस्तान से आने वाले शरणार्थियों की समस्या तो गम्भीर रूप धारण करती जा रही है । क्या यह बात आपने वैदेशिक-कार्य मंत्री को नहीं बताई है । मंत्रि परिषद् तो एक ही है ।

श्री भागवत झा आजाद : आपकी यह बात सच है । वैदेशिक-कार्य मंत्रालय यह काम कर रहा है ।

Shri Balraj Madhok : Mr. Speaker, The influse of refugees from Pakistan is not a new one. In this respect several agreements have already been signed between India and Pakistan. The Nehru-Non Agreement and the Nehru-Liaquat Agreement are important among them. According to these agreements Pakistan Government are bound to give protection to Hindu and Bodh minority there, and similarly Government of India are also bound to give protection to Muslims here. The population of Muslims in India has gone up from 3 crores to 6 crores, this is solid proof that they have been given full protection. But it is not so in case of Pakistan. It is apparant from the fact that the Hindu population in Pakistan has reduced from $2\frac{1}{2}$ crores to 1 crore. At present there are Hindus in Pakistan who constitute about 10 per cent of population. May I know whether Government have ever discussed with Pakistan Government in light of there agreements the issue of giving the same rights to Hindus in Pakistan as are available for Muslims in India, if they are not prepared to do so, the action Government of India propose to take ?

Shri Bhagwat Jha Azad : As regards the issue of rehabilitation, we hed talks with Pakistan Government about the bank balance and the properties of refugees left in Pakistan. But as you know the attitude of Pakistan towards us in this respect is not sympathetic. Our agreement was in respect of West Pakistan...

Shri Balraj Madhok : The Nehru-Liaquat Agreement covers the whole of Pakistan.

Shri Bhagwat Jha Azad : This agreement covers only West Pakistan. It does not apply to East Pakistan. But even then we are making our efforts to persuade Pakistan to see to this issue sympathetically. But I am sorry to say that we are not getting the favourable response from Pakistan in this respect.

Shri Balraj Madhok : Will you take some action in this matter ?

Shri Bhagwat Jha Azad : What kind of action ?

श्री विश्वनारायण शास्त्री : 2,0 ,000 शरणार्थी तो ऐसे हैं जिन्होंने अपने नाम शिविरों में लिखा रखे है । किन्तु वहां पर हजारों शरणार्थी ऐसे भी हैं जो शिविरों में दर्ज नहीं हैं । इससे ऐसा अनुमान लगाया जाता है कि वहाँ पर शरणार्थियों की संख्या 3 लाख के आस-पास पहुंच जायेगी । चूंकि आसाम राज्य में 12000 परिवार बसाये जा चुके हैं, और यही लक्ष्य उसके लिए निर्धारित था, इसलिए अब सरकार शरणार्थियों को आसाम से बाहर ले जाने के लिए क्या कार्यवाही कर रही है ताकि वहां पुन: तनाव की स्थिति उत्पन्न न हो ?

श्री भागवत झा आजाद : हमारी नीति यह है कि जो लोग उधर से प्रवास-प्रमाणपत्र लेकर आते है, उन्हें ही उधर सहायता दी जाती है । किन्तु राज्य सरकारों को ऐसी हिदायतें भी दी गई हैं कि जिन मामलों में ठीक समझे ऐसे लोगों को भी सहायता दे सकते हैं जिनका नाम

दर्ज नहीं है। जहां तक उन्हें आसाम से बाहर बसाने का सम्बन्ध है, हम उन्हें अन्यत्र ले जाना चाहते हैं, हमारे पास उनके लिए योजनाएं तैयार हैं, किन्तु वे वहां जाने के लिए तैयार नहीं हैं। अत: मैं माननीय सदस्यों और जनता का सहयोग मांगते हैं कि वे उन्हें वहां जाने के लिए राजी करें।

श्री समर गुह : भारत के नेताओं द्वारा की गई गलती अर्थात विभाजन के जो लोग शिकार बने वे न घर के रहे न घाट के। आसाम में उनके लिए स्थान नहीं है, पश्चिमी बंगाल भी और अधिक शरणार्थियों को नहीं बसा सकता। अध्ययन दल की सिफारिशों के अनुसार अन्दमान में पूर्वी बंगाल से आये 75000 शरणार्थी बसाये जायेंगे। क्या सरकार यह कार्य चौथी पंचवर्षीय योजना तक पूरा कर लेगी ? इस बात को देखते हुए कि नेहरू-लियाकत और नेहरू-नून समझौते समस्त प्राय: हो गये हैं, पारपत्र और वीजा व्यवस्था चालू कर दी गई है ; और पूर्वी पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की सम्पत्ति को पूर्वी पाकिस्तान सरकार द्वारा जब्त कर लिया गया है, क्या सरकार पूर्वी पाकिस्तान से आये शरणार्थियों को भी उनकी पूर्वी पाकिस्तान में छूट जाने वाली सम्पत्ति के लिए उसी प्रकार से मुआवजा देने के प्रश्न पर पुन: विचार करेगी जैसे पश्चिमी पाकिस्तान से आये लोगों को दिया गया था ?

श्री भागवत झा आजाद : यह प्रस्ताव हमारे पास है कि शरणार्थियों को अन्दमान में बसाया जाये। इसके लिये हम योजना बना रहे हैं। कुछ शरणार्थी और कुछ देश के अन्य भागों में पहुंच गये हैं। हम अपने इस वचन को पूरा करना चाहते हैं कि जो लोग पाकिस्तान से इस प्रकार भारत में आये है उन्हें बसाने की जिम्मेदारी हमारी है। हम न केवल अन्दमान बल्कि देश के अन्य भागों के लिए भी योजनाएं बना रहे हैं। हम चाहते हैं कि आसाम और पश्चिमी बंगाल से शरणार्थी अन्य स्थानों पर जहां के लिए योजनाएं बनी हुई हैं, जाकर बसें ; यदि शरणार्थी उनसे बाहर जाना नहीं चाहते, तो हम क्या करें। जहां तक पूर्वी पाकिस्तान से आये लोगों को मुआवजा देने का प्रश्न है, अभी कोई ऐसा प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है। जहां तक प्रवासी प्रमाणपत्रों का सम्बन्ध है, हमारी नीति यह है कि भारत आने वाले शरणार्थियों के पास प्रमाण-पत्र होने चाहिए। अब हमने यह प्रक्रिया सरल कर दी है और अब किसी को भी प्रवासी प्रमाणपत्र को लेने में कठिनाई न होगी जो ऐसा प्रमाणपत्र लेना चाहता है। प्रवासी प्रमाणपत्र की व्यवस्था लागू करने का उद्देश्य शरणार्थियों की सहायता करने का है। प्रमाणपत्रों के जारी करने से सरकार उनका भार अपने ऊपर ले सकेगी। ऐसा हमने उनके हित के लिए ही किया है।

श्री समर गुह : श्रीमान, यद्यपि मैंने सीधे प्रश्न पूछे थे किन्तु मंत्री महोदय ने उनका उत्तर नहीं दिया। मेरा पहला प्रश्न अन्दमान में 75000 शरणार्थियों को बसाये जाने के बारे में अध्ययन दल की सिफारिशों के बारे में था।

श्री समर गुह : मैं इस बात का स्पष्ट उत्तर चाहता हूं कि चौथी योजना में कितने व्यक्तियों को अन्दमान में भेजा जायेगा। मंत्री महोदय ने इस प्रश्न को टाल दिया है। दूसरे, पूर्वी पाकिस्तान से आये शरणार्थियों को प्रतिकर सम्बन्धी सुविधा न देने का जो कारण था वह दूर हो गया है। इस बात को देखते हुए क्या सरकार इस प्रश्न पर पुनर्विचार करेगी ?

अध्यक्ष महोदय : मंत्री महोदय प्रश्न के इस भाग का उत्तर दे चुके हैं।

श्री समर गुह : सरकार ने एक अध्ययन दल को अन्दमान भेजा था। उस दल ने लौटकर अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है। महोदय, आपको पता ही है कि हम अभी अन्दमान जाकर आये हैं और हमें स्थिति की पूर्ण जानकारी है। पहली योजना में केवल 300 परिवारों को वहां भेजा जायेगा।

Shri Prem Chand Verma : Mr. Speaker, Sir, although one hour has passed yet you have not asked any body to speak from our benches.

अध्यक्ष महोदय : यदि आपको बोलने के लिये नहीं कहा गया तो इसका अर्थ यह नहीं है कि किसी का भी नाम नहीं लिया गया। क्या आप बैठ जायेंगे ?

श्री समर गुह : महोदय, आपने मंत्री महोदय को मेरे प्रश्न का उत्तर देने के लिए कहा है।

Shri Prem Chand Verma : You can not take away our rights. While sitting on this Chair, you have to be impartial.

अध्यक्ष महोदय : कृपया आप बैठ जाइये। यदि आप नहीं बैठेंगे और इसी प्रकार से हठ करते रहेंगे तो मुझे आपको सदन से बाहर चले जाने के लिए कहना पड़ेगा। श्रीमती चन्दा, श्री बरुआ, श्री शास्त्री और श्री दामानी आपके दल के सदस्य हैं और उन्हें बोलने का अवसर दिया गया है।...(अन्तरबाधा)

Shri Prem Chand Verma : But who has been asked to speak from these benches ?

श्री शिव नारायण : आप इस तरह का व्यवहार नहीं कर सकते। आप को अध्यक्ष-पीठ का सम्मान करना चाहिये।

अध्यक्ष महोदय : उनकी तो यह आदत हो गई है।

Shri A. B. Vajpayee : Some unnecessary excitement is created in this House for the last two days. At first Shri Hukam Chand Kachwai was exchanging some hot words with you and now Shri Prem Chand Verma spoke in a harsh tone. I request that both the sides should behave peacefully and gently. It is quite natural and necessary for you to give opportunity to all the Members. At the same time if anyone of us do not get an opportunity to speak, we should not get excited and it is not proper to break the discipline of the House. I want that everybody should Cooperate in maintaining the dignity of the House.

अध्यक्ष महोदय : सितम्बर में, कनाडा में होने वाले अध्यक्षों के सम्मेलन में मैंने भाग लिया था और वहां मैंने विशेष रूप से सभी अध्यक्षों से एक प्रश्न पूछा था कि प्रश्नोत्तर काल में वे कितने प्रश्नों को निबटा देते हैं। आस्ट्रेलिया के अध्यक्ष ने 25 तथा ब्रिटेन के अध्यक्ष ने यह संख्या 30 बताई। किसी भी अध्यक्ष ने 20 या 25 से कम संख्या नहीं बताई। अधिकतर मामलों में तो 25 ही बताई गई। मैंने उनसे पूछा कि वे कैसे इतने प्रश्न निबटा लेते हैं। ब्रिटेन में हाऊस आफ कामन्स के अध्यक्ष ने बताया कि पहले जिस सदस्य ने प्रश्न पूछा है उसे बोलने देता हूं और बाद

में एक अनुपूरक प्रश्न पूछने को अनुमति देता हूँ। अधिकांश मामलों में तो एक या दो सज्जनो को प्रश्न पूछने के लिये कहा जाता है। हाऊस आफ कामन्स तो हमारे सदन से काफी बड़ा है, उसके लगभग 650 सदस्य हैं। आस्ट्रेलिया और कनाडा के सदन हमारे सदन से कुछ छोटे अवश्य हैं किन्तु वहां भी 20-25 प्रश्न निबटा लिये जाते हैं।

हमें 20,000 प्रश्न प्राप्त हुए हैं और उनमें से 30 को सदा प्रकाशित किया जाता है। किन्तु मैं पराजय स्वीकार करता हूँ कि भरसक प्रयत्न करने पर भी मैं पांच प्रश्न से अधिक नहीं निबटा सकता।

श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी : यह अल्प संख्यक सरकार है इसीलिये कठिनाई होती है।

अध्यक्ष महोदय : ऐसे प्रश्न पर भी काफी समय लग जाता है जिसमें आसाम के सदस्य की ही दिलचस्पी हो सकती है। इस प्रश्न का सम्बन्ध बंगाल और आसाम से है, मेरा विचार था कि बंगाल और आसाम के सदस्यों को बोलने का अधिक अवसर दिया जाय। इसी प्रकार यदि प्रश्न का सम्बन्ध उत्तर प्रदेश से होता है तो मेरा प्रयत्न यही होता है कि उस राज्य से सम्बन्धित सदस्यों को अवसर दूं। मैं इस बात का सदा ध्यान रखता हूँ कि जिन सदस्यों की किसी प्रश्न में अधिक दिलचस्पी हो उन्हें बोलने की अनुमति अवश्य मिले। मेरा प्रस्ताव यह है कि एक प्रश्न को औसतन 5 से 10 मिनट तक का समय लगना चाहिये। किन्तु होता यह है कि पहले दो प्रश्नों को ही आधे घंटे से अधिक का समय लग जाता है। फिर आप खीझते हुए कहते हैं कि 'मेरे प्रश्न का क्या हुआ'। मुझे कई माननीय सदस्यों को अप्रसन्न करना पड़ता है। आप के बीच में जब मैं बैठता था तो अधिक खुशनसीब था। यहाँ बैठने पर तो श्री बनर्जी जैसे अच्छे मित्रों को भी खोना पड़ रहा है।

श्री स० मो० बनर्जी : मुझे आपसे कोई शिकायत नहीं।

अध्यक्ष महोदय : पहले ही दिन मैंने ईश्वर के समक्ष शपथ ग्रहण की थी कि मैं ईमानदारी से तथा द्वेष रहित होकर कर्तव्य का पालन करूंगा। मैं उसी बात पर दृढ़ रहूँगा। किसी भी प्रश्न के बारे में मैं इसलिये शीघ्रता करता हूँ ताकि अन्य प्रश्नों को भी समय दिया जा सके। अब प्रश्नोत्तर काल समाप्त हो गया है।

श्री कार्तिक ओराओं : अगला प्रश्न मेरे नाम से था। बिना किसी दोष के मुझे क्यों इससे वंचित किया जा रहा है।

श्री स० मो० बनर्जी : अध्यक्ष महोदय, आपने व्यक्तिगत रूप में मेरा नाम लिया था। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मुझे आपसे कोई शिकायत नहीं। अपने स्थान से उठने की तो मुझे पिछले 13 वर्षों से आदत सी हो गयी है। मैं ऐसा केवल आपका ध्यान आकर्षित करने के लिये करता हूँ। आप मुझे बैठने के लिये कहेंगे तो मैं बैठ जाऊंगा।

अध्यक्ष महोदय : कई बार मुझे जानबूझ कर नजर चुरानी पड़ती है। ऐसा भी आपके हित के लिये ही करता हूँ। मेरी आपसे व्यक्तिगत प्रार्थना है कि जब आप खड़े हों तो मेरी ओर हाथ या उंगली उठा कर अथवा घूंसा दिखाकर न बोलिये।

श्री स० मो० बनर्जी : भविष्य में ऐसा न करने का मैंने निश्चय कर लिया है ।

श्री गणेश घोष : महोदय, पूर्वी पाकिस्तान से पश्चिम बंगाल में आने वाले शरणार्थियों का प्रश्न बहुत महत्व पूर्ण है । इस बात को ध्यान में रखते हुए क्या आप एक और अवसर देंगे ? (**अन्तर्बाधा**)

अध्यक्ष महोदय : मैंने पहले ही स्वीकार किया है कि पूर्वी पाकिस्तान से पश्चिम बंगाल में आने वाले शरणार्थियों के प्रश्न पर चर्चा के लिये मैं बाद में अवश्य अनुमति दूंगा । मुझे आशा है कि आपको काफी समय मिलेगा । इधर बैठे मेरे मित्रों को बोलने का अवसर नहीं मिला उन्हें निश्चय ही समय दिया जायेगा ।

प्रश्नों के लिखित उत्तर

WRITTEN ANSWERS TO QUESTION

देश में प्रधान मंत्री के दौरों के समय यात्रा कर रहे संवाददाताओं का चयन

*241. **श्री मजहरि महतो** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में प्रधान मंत्री के विभिन्न दौरों की रिपोर्ट देने हेतु समाचार संगठनों तथा संवाददाताओं का चयन करते समय प्रेस इनफार्मेशन ब्यूरो और भारत श्रमजीवी पत्रकार संघ से सलाह ली जा ती है ;

(ख) कितने संवाददातओं ने प्रधान मंत्री के विमान में एक ओर की यात्रा की तथा फिर अपने घरों (होम-टाउन) से दल के साथ वापस नहीं आये;

(ग) क्या समाचारपत्रों तथा संवाददाताओं के चयन के बारे में प्रधान मंत्री सचिवालय प्रेस इनफार्मेशन ब्यूरो की अधिकृत सलाह लेता है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) से (घ). प्रधान मंत्री के दौरे की रिपोर्ट देने के लिए समाचार संगठनों तथा संवाददाताओं का चयन करने में पत्र सूचना कार्यालय प्रधान मंत्री सचिवालय से बराबर सम्पर्क रखता है । पत्र सूचना कार्यालय की सलाह का आदर न करने का प्रश्न नहीं उठता । भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ से सलाह नही ली जाती, परन्तु प्रेस एसोसिएशन, जो भारत सरकार से मान्यता प्राप्त संवाददाताओं का प्रतिनिधि संगठन है, से प्राय: सलाह ली जाती है ।

(ख) 1-1-1969 से अब अब तक की अवधि के दौरान पांच पत्रकारों ने प्रधान मंत्री के साथ दिल्ली से एक ओर की यात्रा की और वे दल के साथ नहीं लौटे । इनमें से तीन एक विदेशी टेलीवीजन संगठन के प्रतिनिधि थे जो दिल्ली से गोरखपुर गये थे शेष दो पत्रकारों में से

एक मद्रास के एक दैनिक समाचारपत्र तथा दूसरा कलकत्ता के एक समाचार समूह का प्रतिनिधि था। ये दिल्ली से क्रमश. मद्रास और कलकत्ता गये थे परन्तु दल के साथ वापिस नहीं आये थे।

बिहार में ग्रामदान आन्दोलन में सरकारी तंत्र का दुरुपयोग

244. **श्री कार्तिक उमरांव** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बिहार सरकार ने आचार्य विनोबा भावे के ग्रामदान आन्दोलन में सरकारी तन्त्र का अवैध रूप से उपयोग करने दिया है ;

(ख) यदि हाँ, तो क्या सरकार ने राज्य सरकार को इस बारे में कोई हिदायतें जारी की थीं; और

(ग) यदि नहीं, तो सरकार इस मामले में क्या कार्यवाही करेगी?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) ग्रामदान आन्दोलन के लिए बिहार सरकार ने सरकरी मशीनरी का अवैध रूप से कोई उपयोग नहीं किया है।

(ख) और (ग). प्रश्न ही नहीं होना।

पोर्ट ब्लेयर अन्दमान में आरा मिल

245. **श्री समर गुह** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(क) क्या पोर्ट ब्लेयर, अन्दमान में राजकीय आरा मिल घाटा में चल रही है अथवा लाभ में;

(ख) क्या यह मिल सारे एशिया में सब से बड़ी आरा मिल है :

(ग) क्या अन्दमान और नीकोबार द्वीप समूहों में इमारती लकड़ी के अधिक उत्पादन को ध्यान में रखते हुए इस मिल का विस्तार करने और द्वीप समूहों के विभिन्न भागों, विशेष रूप से नये बसे क्षेत्रों में, इसकी नई शाखाओं, को खोलने की काफी गुन्जाइश है ;

(घ) यदि हां, तो वहां बसने वालों को रोजगार देने और मुख्य भू-भाग (मेनलैंड को इमारती लकड़ी का सामान निर्यात करने के लिए उस क्षेत्र में आरा मिल उद्योग के विस्तार की सरकार की कोई योजना है; और

(ङ) क्या मुख्य भू-भाग को परिवहन की कठिनाइयां होने के कारण बढ़िया ईमारती लकड़ी से अधिक उत्पादन में बाधा पड़ रही है और यदि हां, तो पोर्ट ब्लेयर में आरा मिल के उत्पादों के लिए परिवहन सुविधाओं में सुधार करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) : (क) ट्रेडिंग एकाउन्ट्स के अनुसार अन्दमान में पोर्ट ब्लेयर स्थित राजकीय आरा मिल घाटे में चल रही है।

(ख) एशिया की अन्य आरा मिलों के बारे में आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं ।

(ग) इस समय जिन क्षेत्रों में कार्य हो रहा है वहां आरा मिलों के विस्तार और उनकी नई शाखाएं खोलने के विषय में अभी कोई गुन्जाइश नहीं है । ज्यों ही नये क्षेत्रों में कार्य शुरू होगा वहां नई शाखायें खोलने के प्रश्न पर विचार किया जायेगा ।

(घ) मौजूदा आरा मशीन काफी बड़ी है और वह द्वीप समूह में इमारती लकड़ी की आवश्यकताओं को पूरा कर सकती है, अत: इस क्षेत्र में आरा मिल उद्योगों को विस्तृत करने की सरकार की कोई योजना नहीं है । फिर भी नये क्षेत्रों में प्लाइवुड यूनिट्स आदि लकडी पर आश्रित उद्योगों की स्थापना करने का प्रश्न सरकार के विचाराधीन है ।

(ङ) वर्तमान कार्य-क्षेत्रों से जहाजों द्वारा मुख्य भूभाग में इमारती लकड़ी लाने के विषय में कोई कठिनाई अनुभव नहीं की जा रही है ।

Land Reforms

*246. **Shri Ram Sewak Yadav :** **Shrimati Sushila Rohatgi :**
Shri Muhammad Sheriff :

Will the Minister of Food and Agriculture be pleased to state :

(a) the action taken by State Governments on the circular letter sent by the Prime Minister to the Chief Ministers of States regarding the implementation of legislation regarding the ceiling on land holdings, distribution of surplus land among the landless cultivators (belonging to the Scheduled Castes, Backward Classes and Advisis), security of the lands of cultivators and unemployment among the agricultural labour ;

(b) whether the legislation regarding ceiling on land holdings has been made in all the States ;

(c) if so, whether the object of fixing ceiling on land holdings is achieved thereby ;

(d) the names of the States where the legislation on the said subject is in force and the names of such States where it is not and the reasons for which it is not being enforced there ; and

(e) the difficulties in enforcing such legislation in the Union Territories and Bihar which is under President's Rule ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Co-operation (Shri Annasahib Shinde) : (a) In the replies received so far, Chief Ministers have welcomed the suggestions made by the Prime Minister with regard to—guarantee of a fair share of fertilizers, seeds and irrigation facilities to the small farmers, ensuring security of tenure and fair regulation of rent, effective enforcement of ceiling and distribution of surplus lands to land-less agriculturists, consolidation of holdings and expansion of employment opportunities for the landless labourers. Further action is awaited.

(b) Legislation imposing ceiling on the extent of land a person may hold has been enacted in all the States except NEFA.

(c) Ceiling has been imposed on existing holdings as well as future acquisition. The provisions in the legislation are designed to make available surplus lands for redistribution.

(d) The legislative provisions for imposition of ceiling on holdings have been enforced, except in Mysore, Orissa and Kerala. In Mysore and Kerala, provisions will be

enforced after the applications for resumption of land from tenants have largely been disposed of. In Orissa the provisions will be enforced after the stay orders are vacated.

(e) In Delhi, enforcement of the ceiling legislation has been held up due to stay orders. In Himachal Pradesh the enforcement of the ceiling provisions has been deferred till the finalisation of the recommendations of a high power Committee for introducing a uniform legislation through out the State of Himachal Pradesh. In Manipur ceiling provisions will be enforced after the survey and settlement of operations have been completed. In Tripura ceiling provisions are being gradually enforced as survey and settlement operations are being completed. In Bihar instructions have been issued for effective enforcement of ceiling provisions.

भारत सेवक समाज के कार्यों की जांच

*247. **श्री देवकी नन्दन पाटोदिया :**

श्री रघुवीर सिंह शास्त्री :

क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत सेवक समाज द्वारा की गई वित्तीय अनियमितताओं की जांच करने के लिए स्थापित आयोग के जांच क्षेत्र पर भारत सेवक समाज ने आपत्ति की है ;

(ख) क्या भारत सेवक समाज आयोग के कार्य में सहयोग नहीं दे रहा है और उसने आयोग द्वारा भेजी गयी प्रश्नावली का उत्तर देने से इन्कार कर दिया है; और

(ग) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री डा० एरिंग) : (क) और (ख). जी नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

पश्चिमी बंगाल में तिब्बतियों का आगमन

*248. **श्री वेणी शंकर शर्मा :** श्री रवि राय :

श्री चपलाकांत भट्टाचार्य :

क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पश्चिम बंगाल सरकार के सामने और अधिक तिब्बती शरणार्थियों के आगमन की समस्या आ रही है ;

(ख) क्या केन्द्र पश्चिम बंगाल सरकार को यह परामर्श दिया है कि वे उन तिब्बती शरणार्थियों के लिये भोजन तथा आराम की व्यवस्था करें जो पूर्वी तिब्बत में कैद पचेनलामा के लापता होने के समाचारों के कारण देश में आ सकते हैं ;

(ग) क्या मालूम हुआ है कि भूटान सीमा क्षेत्रों में स्थित चौकियों को भी तिब्बती शरणार्थियों के इस सम्भावित आगमन के बारे में सूचित कर दिया गया है ;

(घ) यदि हां, तो अब तक कितने तिब्बती शरणार्थी आये हैं ; और

(ङ) उनके ठहरने आदि के लिये क्या प्रबन्ध किया गया है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) और (ख). जी, नहीं ।

(ग) जी, नहीं । भूटान सीमा पर स्थित हमारी चौकियों को स्थायी हिदायतें हैं कि विदेशियों को आने से रोका जाये ।

(घ) और (ङ). प्रथम जनवरी, 1969, से भूटान सरकार ने जैगाँव (पश्चिम बंगाल) में स्थित हमारी चौकी को 33 तिब्बती सौंपे हैं । इन तिब्बतियों की छान-बीन की जा रही है । उनके रहने तथा भोजन की आवश्यक व्यवस्था कर दी गई है ।

सुपर बाजार, में चोरी के कारण हानि

*249. **श्री जयसिंह :**
श्री यज्ञदत्त शर्मा :
श्री हरदयाल देवगुण :
श्री वासु देवन नायर :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चोरियों के कारण राजधानी के सुपर बाजारों में प्रतिवर्ष भारी हानि हो रही है और यदि हां, तो उसकी राशि कितनी है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि यह चोरियां कुछ कर्मचारियों की सहमति से हो रही हैं ; और

(ग) यदि हां, तो इन चोरियों के लिये कितने व्यक्तियों को उत्तरदायी ठहराया गया है और उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में उप मन्त्री (श्री डा० एरिंग) : (क) जी हां । अनुमान है कि चोरियों तथा कमियों के कारण हुई हानि पहले दो वर्षों में बिक्री के 2.5 प्रतिशत के लगभग है और तीसरे वर्ष में 1 प्रतिशत के लगभग होने की सम्भावना है ।

(ख) कुछ मामलों में कर्मचारी भी अन्तर्ग्रत थे ।

(ग) 19 कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की गई थी और उनमें से 14 कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गई थीं । कर्मचारियों के अलावा अनेक व्यक्ति पकड़े गये थे और ये मामले पुलिस में दर्ज कराए गए थे ।

कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत कर्मचारियों के लिये चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार

*250. **श्री धीरेश्वर कलिता :**
डा० रानेन सेन :

क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि धन के अभाव के कारण कर्मचारी राज्य बीमा योजना के

अन्तर्गत कर्मचारियों के लिये वर्तमान चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार तथा उनमें सुधार पर कुप्रभाव पड़ा है ; और

(ख) यदि हां, तो इस योजना के लिये अधिक धन राशि की व्यवस्था करने हेतु क्या कार्यवाही की गई है ?

श्रम, रोजगार और पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) निगम की वर्तमान आय पूंजीगत तथा व्यय वहन करने के लिये पर्याप्त नहीं है ।

(ख) नियोजकों के विशेष अंशदान की दर को 1 जनवरी, 1970 से कुल मजूरी बिल के 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 3½ प्रतिशत तथा 1 अप्रैल, 1970 से मजूरी बिल का 4 प्रतिशत किया जा रहा है ।

काश्मीर के लिये कृषि-उद्योग समूह

251. **डा० प० मंडल** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि केन्द्रीय विशेषज्ञों के परामर्श से **काश्मीर** के **औद्योगिक** विकास निगम ने जिस विशाल कृषि उद्योग समूह को बनाने के लिये अन्तिम रूप दिया है, उस का स्वरूप क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : अपेक्षित जानकारी एकत्र की जा रही है और प्राप्त होते ही सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

श्रम सम्बन्धी समस्याओं को हल करने के लिये नियुक्त आयोग

*252. **श्री गाडिलिंगन गौड** : क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) श्रम सम्बन्धी समस्याओं तथा अन्य सम्बद्ध मामलों का हल करने के लिये सरकार ने अब तक कितने आयोग नियुक्त किये हैं ;

(ख) इन आयोगों की मुख्य सिफारिशें क्या हैं और उनमें से कौनसी सिफारिशों को सरकार ने क्रियान्वित कर दिया है ; और

(ग) शेष सिफारिशों को कब तक क्रियान्वित कर दिया जायेगा और उन्हें अब तक क्रियान्वित न करने के क्या कारण हैं ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) से (ग). एक विवरण, जिसमें पिछले तीन वर्षों में नियुक्त किए गए आयोगों के सम्बन्ध में सूचना दी गई है, सभा की मेज पर रख दिया गया है । [**ग्रन्थालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 2176/69**]

चीनी उद्योग में संकट

253. श्री कृ० मा० कौशिक :
श्री अजमल खां :
श्री क० प्र० सिंह देव :
श्री रा० की० अमीन :
श्री दे० प्रभात :

क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अभी हाल ही में देश के विभिन्न भागों में चीनी उद्योग गम्भीर संकट से गुजरा है ;

(ख) क्या चीनी के निर्यात से भारत को प्राप्त होने वाली विदेशी मुद्रा की आय पर इस का किसी तरह दुष्प्रभाव पड़ा है ; और

(ग) क्या चीनी के संकट का निवारण करने में भारत सरकार ने कोई सहयोग दिया है और यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग). प्रश्न ही नहीं उठते ।

खाद्यान्नों के आयात के बिना खाद्य समस्या का हल

254. श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार खाद्यान्नों का आयात किये बिना राष्ट्र की खाद्य समस्या को हल कर सकती है ; और

(ख) खाद्यान्न प्राप्त करने तथा उसे प्रभावित क्षेत्रों में वितरित करने के लिये क्या शीघ्र और वांछनीय व्यवस्था की गई है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे): (क) जब तक देश में खाद्यान्नों की आवश्यकता लायक उत्पादन नहीं होता है और उपयुक्त बफर स्टाक भी तैयार नहीं हो जाता है, तब तक विदेशों से खाद्यान्नों का आयात जारी रखना आवश्यक होगा ।

(ख) अधिकांश राज्यों में अब खाद्यान्नों की अधिप्राप्ति भारतीय खाद्य निगम करता है । सहकारी संगठनों और सीधे सरकारी एजेंसियों के माध्यम से भी कुछ राज्यों में अधिप्राप्ति की जाती है । जो प्रणाली अपनाई गयी है वह सन्तोषजनक ढंग से चल रही है यद्यपि जहां कहीं आवश्यक पाया जाता है उसमें सुधार किए जा रहे हैं और बराबर किए जाते रहेंगे । खाद्यान्नों के सरकारी स्टाक का वितरण मुख्यत: राशन की दुकानों और उचित मूल्य की दुकानों से किया जाता है और यह प्रणाली भी न्यूनाधिक संतोषजनक ढंग से चल रही है ।

पश्चिम बंगाल को पटसन की खेती के अन्तर्गत भूमि की सिंचाई के लिये केन्द्रीय अनुदान

255. **श्री ज्योतिर्मय बसु :**
श्री सि० कु० मोडक :
श्री भगवान दास :
श्री मुहम्मद इस्माइल :
श्री गणेश घोष :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने पश्चिम बंगाल सरकार के लिये नदियों से पानी लेकर पटसन की खेती के अन्तर्गत भूमि की सिंचाई की एक योजना के लिये चार करोड़ रुपये मंजूर किये थे ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि सरकार ने अपनी मंजूरी अचानक रोक ली है ; और

(ग) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं होते ।

औद्योगिक श्रमिकों को लाभ का कुछ अंश दिये जाने की योजना

*256. **श्री सीताराम केसरी** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि औद्योगिक श्रमिकों को लाभ का कुछ अंश दिये जाने की एक योजना पर सरकार विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) कब तक निर्णय किये जाने की संभावना है ?

श्रम रोजगार और पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) जी नहीं। बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 में उसके अंतर्गत आने वाले कर्मचारियों के लिए बोनस के भुगतान की पहले ही व्यवस्था है।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठते ।

व्यावसायिक केन्द्रों की स्थापना

*257. **श्री जगन्नाथ राव जोशी :**
श्री अटल बिहारी वाजपेयी :
श्री बृज भूषण लाल :
श्री शारदानन्द :
श्री सूरज भान :

क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए देश में व्यावसायिक केन्द्रों की स्थापना सम्बन्धी योजना के बारे में कोई निर्णय कर लिया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो योजना का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो, असाधारण विलम्ब के क्या कारण हैं ?

श्रम, रोजगार और पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) और (ख). मामला अभी भी विचाराधीन है ।

कृषि और सहायक उद्योगों के लिये भूमि हीन मजदूरों को काम में जुटाने की प्रायोगिक योजना

258. श्री राम कृष्ण गुप्त : क्या खाद्य, तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भूमि सेना का निर्माण करने के लिए कृषि और सहायक उद्योग के लिए भूमि-हीन मजदूरों को काम में जुटाने की प्रायोगिक योजना किस अवस्था में है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस योजना के कब तक क्रियान्वित होने की संभावना है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे): (क) से (ग). भूमि राज्य का विषय है और कृषि योग्य अधिशेष भूमि पर भूमिहीन मजदूरों को बसाने की प्रत्येक राज्य की अपनी अपनी स्कीम होती है । कृषि योग्य परती भूमि के सुधार के सम्बन्ध में राज्य सरकार के कार्यक्रम की पूर्ति के लिए 1968-69 तक एक केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम चालू थी । चौथी योजना शुरू होने पर यह स्कीम अब राज्य क्षेत्र को सौंप दी गई है ।

Reinstatement of P and T Employees who participated in September 19, 1968 Strike

*259. **Shri Bhogendra Jha** : Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) whether all the employees of the Post and Telegraph Department, who were suspended/dismissed from service because of their participation in one day token strike of the 19th September, 1968, have since been reinstated and all the cases filed against them have been withdrawn ;

(b) if not, the reasons therefor and the details in regard thereto ; and

(c) whether break-in-service in respect of those employees, who have been reinstated, has since been waived ; if not, whether this issue is under consideration ?

The Minister of Information and Broadcasting and Communications (Shri Satya Narayan Sinha) : (a) and (b). No, Sir, The number of P and T employees who have not been reinstated in service was 424 on 15-11-1969. The employees in whose cases there was a complaint of violance are not eligible for reinstatement. Cases of Employees in which there was complaint of intimidation of public servants, loyal workers or their families or of active instigation are being reviewed in accordance with the latest policy of the Home Ministry.

(c) No, Sir.

देश में कृषि क्रांति के बारे में विश्व बैंक के सलाहकार का प्रतिवेदन

260. **श्री मीठा लाल मीना :**
श्री एस० पी० राममूर्ति :
श्री सी० मुत्तुस्वामी :
श्री चं० चु० देसाई :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कृषि पर एक प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ तथा विश्व बैंक के सलाहकार श्री वोल्फ लाडेजांस्की सितम्बर में भारत आये थे और उन्होंने हमारे देश में कृषि क्रांति के बारे में एक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था ;

(ख) यदि हां, तो हमारे देश में कृषि क्रांति के बारे में श्री वोल्फ द्वारा की गई सिफारिशों तथा व्यक्त किये गए विचारों का ब्योरा क्या है ;

(ग) क्या यह सच है कि वह कृषि क्रांति के कार्यक्षेत्र को बढ़ाने के पक्ष में थे क्योंकि उनके मतानुसार अन्यथा खेतों से अधिक उपज तथा अधिक आय अपेक्षाकृत कम संख्या में किसानों तक ही सीमित रह जाएगी ; और

(घ) उसके बारे में भारत सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) तथा (ख) जी हां । श्री वोल्फ लाडेजांस्की, जिन्होंने फरवरी तथा मध्य मई 19 9 में पंजाब के दो जिलों तथा अप्रैल 1969 में बिहार के दो जिलों का दौरा किया था, दिनांक 28 जून 1969 तथा 27 सितम्बर, 1969 को 'इकनौमिक एण्ड पौलिटिकल वीकली' में औद्योगिकी विकास तथा इसके प्रभाव के सम्बन्ध में अपने विचार प्रकाशित किए थे ।

(ग) जी हां ।

(घ) भारत सरकार ने श्री लाडेजांस्की के लेखों में दी हुई बातों को नोट कर लिया है । इन लेखों की प्रतियां पंजाब तथा बिहार सरकारों को भी भेज दी गई हैं ।

Production of Cashewnuts

*261. **Shri Maharaj Singh Bharati** : Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) the number of States where cultivation of cashewnut has started and whether we are self-sufficient in supplying the requisite quantity of cashewnut through indigenous sources to Cashewnut factories ; if not, the time by which we shall become self sufficient in this respect ; and

(b) the extent to which cashewnut production is expected to increase by the end of the Fourth Five Year Plan and the annual cashewnut production expected during the Fifth Five Year Plan through the Cashewnut trees planted during the Fourth Five Year Plan period ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Co-operation (Shri Annasahib Shinde) : (a) Kerala, Mysore, Tamil Nadu, Orissa, Andhra Pradesh and Goa are the chief cashew producing areas. To a limited extent it is also grown in West Bengal, Maharashtra and Tripura.

India is not self-sufficient in the supply of rawnuts to the processing factories and the

requirements have to be met by imports from East African countries. All efforts are being made to raise indigenous production progressively and attain self-sufficiency as early as potsible.

(b) It is proposed to step up production by 76,'00 tonnes by the end of 1973-74. Annual expected production in the Fifth Plan will depend upon the targets of area actually achieved.

Stoppage of Broadcasts from Voice of America in Indian Languages

*262. **Shri Hukam Chand Kachwai :** Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communication** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the U. S. Government have decided to stop broadcast in Indian languages from the Voice of America ; and

(b) if so, the reactions of Government thereto ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) and (b). A news item has appeared in the Press to this effect. But Government have no official confirmation of this.

भूमि अधिग्रहण समिति का प्रतिवेदन

263. **श्री मयाबन :** क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने भूमि अधिग्रहण अधिनियम के समूचे ढांचे पर विचार करने के लिए भूमि अधिग्रहण समिति नियुक्त की है ;

(ख) यदि हां, तो क्या प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है ; और

(ग) यदि हां, तो उसकी मुख्य सिफारिशें क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हां ।

(ख) रिपोर्ट अभी प्रस्तुत नहीं की गई है । रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 30 नवम्बर 1969 थी जिसको अब 31 जनवरी, 1970 तक बढ़ा दिया गया है ।

(ग) प्रश्न ही नहीं होता ।

Recommendation of National Commission on Labour Regarding Settlemen of Labour Disputes

*264. **Shri Ranjeet Singh :** **Shri Om Prakash Tyagi :**
Shri Narain Swarup Sharma : **Shri Manibhai J. Patel :**
Shri Ram Gopal Shalwale : **Shri N. Sreekantan Nair :**

Will the Minister of **Labour and Rehabilitation** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the National Commission on Labour has recommended that the present arrangements for solving the disputes between the workers and mill-owners be scrapped and permanent judicial arrangements made in this regard ; and

(b) if so, the reaction of Government thereto ?

The Minister of State in the Ministry of Labour, Employment and Rehabilitation (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) The National Commission has recommended the setting up

of independent Industrial Relations Commissions at the Centre and in the States to discharge the functions of conciliation and adjudication of industrial disputes ; besides the President, who would be person having prescribed judicial qualifications, the proposed Commissions are to have an equal number of judicial and non-judicial members.

(b) Government's decision on this and other recommendations will be taken after the consultations, which are in progress at present, are over.

रुई का उत्पादन तथा आयात

265. **श्री एस० आर० दामानी** : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1966 से प्रति वर्ष रुई के उत्पादन के क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं और वास्तविक उत्पादन कितना हुआ ;

(ख) खाद्यान्न के उत्पादन में वृद्धि करने के जो परिणाम निकले हैं उनकी तुलना में रुई के उपरोक्त उत्पादन की स्थिति क्या है ;

(ग) क्या यह सच है कि देश को प्रति वर्ष 80 करोड़ रुपए से लेकर 90 करोड़ रुपए के मूल्य की रुई का आयात करना पड़ता है क्योंकि सतत रुचि और प्रयास के अभाव के कारण मांग के अनुसार उत्पादन नहीं हो सका है ; और

(घ) इस स्थिति को ठीक करने के लिए इस समय क्या गम्भीर प्रयत्न किये जा रहे हैं और आयात को पूर्णतया समाप्त करना कब तक सम्भव हो सकेगा ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) से (घ). सभा पटल पर विवरण (विवरण 1 तथा 2) रख दिये गये हैं । [ग्रन्थालय में रखे गये । देखिये संख्या एल० टी० 2127/69]

लम्बे रेशे की कपास का उत्पादन बढ़ाने की योजना

266. **श्री नन्द कुमार सोमानी :**
श्री सु० कु० तापड़िया :

क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इंडियन काटन मिल्स फेडरेशन के चेयरमैन ने भारत में लम्बे रेशे की कपास का उत्पादन बढ़ाने के लिये एक योजना प्रस्तुत की है ;

(ख) यदि हाँ, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं ; और

(ग) क्या सरकार का विचार उसे कार्यान्वित करने का है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हाँ ।

(ख) योजना की मुख्य बातों को प्रदर्शित करने वाला एक विवरण संलग्न है ।

(ग) योजना की जांच की जा रही है ।

विवरण

निम्नलिखित राज्यों में 3 वर्ष के अन्तर्गत, 2.5 लाख एकड़ क्षेत्र पर लम्बे रेशे वाली कपास की किस्मों के विकास की योजना परिकल्पित की गई है :

राज्य	लक्ष्य भूमि (लाख एकड़)
आंध्र प्रदेश	1.5
मैसूर	0.5
महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश तथा राजस्थान	0.5

2. 3 वर्ष की अवधि के अन्तर्गत उपरोक्त लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये विकास व्यय 3.35 करोड़ रुपये निकाला गया है ।

3. योजना का उद्देश्य लम्बे रेशे वाली कपास का 5 वर्षों में 5 लाख एकड़ भूमि में उत्पादन करके लगभग 4 लाख गांठों के अनुमानित उत्पादन से आत्म-निर्भरता लाने का है ।

उर्वरक पर से केन्द्रीय शुल्क का हटाया जाना

267. **श्री सरजू पाण्डेय :**
श्री नवल किशोर शर्मा :
श्री अदिचन :
श्री दे० वि० सिंह :
श्री मुरासोली मारन :
श्री रा० कृ० बिड़ला :

क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चालू वर्ष के बजट में उर्वरक पर 10 प्रतिशत उत्पादन शुल्क लगाये जाने के बाद उर्वरक की खपत में अत्यधिक कमी हुई है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या उर्वरक की खपत में अत्यधिक कमी को ध्यान में रखते हुए उनका मन्त्रालय उर्वरक पर शुल्क समाप्त करने की सिफारिश करेगा ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी नहीं । राज्य द्वारा की गई खपत के अनुमान से पता चलता है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष खरीफ के मौसम में उर्वरक की खपत में लगभग 12.5 प्रतिशत वृद्धि होने की आशा है । फिर भी उर्वरकों की खपत में इतनी वृद्धि नहीं हुई जितनी की योजना बनाई गई थी ।

(ख) और (ग). प्रश्न ही नहीं होता ।

Report of National Commission on Labour

*268. **Shri Molahu Prashad** : Will the Minister of Labour and Rehabilitation be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a suggestion to make decisions of the Labour Courts

binding on all has been made in the report submitted by Shri P. B. Gajendragadkar, Chairman of the National Commission on Labour ;

(b) if so, the salient points thereof and the reaction of Government thereto ;

(c) whether it is also a fact that his Ministry has not so far brought out any publication of the report in Hindi or both (Hindi and English) languages ; and

(d) if so, the reasons therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Labour, Employment and Rehabilitation (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) and (b). The National Commission on Labour has recommended the constitution of Standing Labour Courts in each State to deal with disputes relating to rights and obligations, interpretation and implementation of awards and claims arising out of rights and obligations under the relevant provisions of laws or agreements as well as disputes in regard to unfair labour practices and the like. As envisaged by the Commission, Labour Courts will be Courts where all such disputes will be tried and their decisions implemented.

This and other recommendations of the National Commission on Labour are under Government's consideration in consultation with the parties and interests concerned.

(c) and (d). The report has been published in English. Steps are being taken to get it translated in Hindi.

चुकन्दर से चीनी

269. **श्री हिम्मतसिंहका** : क्या **खाद्य तथा कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चौथी योजना में चुकन्दर की चीनी बनाने को बढ़ावा देने का कोई कार्यक्रम है; और

(ख) यदि हां, तो चुकन्दर की चीनी के कितने कारखानों को लाइसेंस दिया जा चुका है और कितने कारखानों को दिया जायेगा और कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक की अधिष्ठापित उत्पादन क्षमता का अनुमान क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) चौथी पंचवर्षीय योजना में चुकन्दर से चीनी बनाने के लिए ऐसा कोई कार्यक्रम तैयार नहीं किया गया है । तथापि, राष्ट्रीय शर्करा संस्था कानपुर, इच्छुक चीनी फैक्ट्रियों की सहायता से देश के विभिन्न क्षेत्रों में चुकन्दर से चीनी बनाने के लाभालाभ का हिसाब लगाने के लिए पाइलट संयंत्र परीक्षण कर रही है ।

(ख) सरकार ने अब तक न तो किसी फैक्ट्री को जो कि कच्चे माल के रूप में पूर्णतः चुकन्दर पर निर्भर करती हो, लाइसेंस दिया है और न ही ऐसा कोई प्रस्ताव लम्बित पड़ा है ।

उत्तर प्रदेश जनसंघ कार्यकारिणी समिति द्वारा गन्ने के ऊंचे मूल्यों की मांग

270. **श्री राम सिंह अयरवाल** :
श्री कंवर लाल गुप्त :
श्री वंश नारायण सिंह :

क्या **खाद्य तथा कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को उत्तर प्रदेश जनसंघ कार्यकारिणी समिति की इस मांग का पता है कि गन्ने का मूल्य बढ़ाया जाना चाहिए और भूमिहीन व्यक्तियों को भूमि दी जानी चाहिए ;

(ख) क्या यह सच है कि जनसंघ ने गन्ने का मूल्य 7 रुपये 37 पैसे प्रति क्विंटल की बजाय, जिसकी घोषणा केन्द्रीय सरकार ने की है 15 रुपये प्रति क्विंटल निश्चित करने की मांग की थी ;

(ग) क्या यह भी सच है कि समिति ने चीनी की मिलों के गैर-सरकारी स्वामित्व का अन्त करने की माँग की है और वे गन्ना उत्पादकों को स्वामी बनाना चाहते हैं ;

(घ) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ; और

(ङ) उन माँगों को पूरा करने के लिए अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) से (ग). इस सम्बन्ध में सरकार के ध्यान में एक प्रेस रिपोर्ट आयी है ।

(घ) और (ङ). सरकार तो केवल गन्ने का न्यूनतम मूल्य निर्धारित करती है और वास्तविक मूल्य गन्ना उत्पादकों तथा चीनी फैक्ट्रियों द्वारा तय किया जाता है । गन्ने का न्यूनतम मूल्य बढ़ाने का विचार नहीं है । जहां तक चीनी मिलों का निजी स्वामित्व समाप्त करने की मांग का सम्बन्ध है, इस विषय के विभिन्न पहलुओं की जांच की जा रही है । भूमि-हीनों को भूमि बांटने का काम राज्य सरकार करती है ।

मत्स्य पालन संस्थापनों के प्रशासनिक अधिकारियों के वेतनमान

1601. **श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कृषि विभाग के अन्तर्गत मत्स्य पालन संस्थापनों जैसे कुछ अधीनस्थ कार्यालयों के प्रशासनिक अधिकारियों के पदों के वेतनमान, सरकारी कार्यालयों के अन्य सभी विभागों में उनके समकक्षियों की तुलना में यद्यपि उनका उत्तरदायित्व कम है, बहुत कम रखा गया है ; और

(ख) क्या सरकार का विचार इस स्थिति पर पुनर्विचार करने तथा सरकारी संस्थापनों के सभी अधिकारियों के साथ इन अधिकारियों को समान स्तर देने का है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) तथा (ख). कृषि विभाग के अधीन मात्स्यकी संस्थानों में प्रशासन अधिकारियों के पदों के लिए वर्तमान वेतनमान द्वितीय वेतन आयोग द्वारा निश्चित किया गया था । मात्स्यकी और अन्य संस्थानों में प्रशासन-अधिकारियों के लिये वेतनमान निर्धारित करते समय द्वितीय वेतन आयोग ने इन पदों और उनसे संलग्न कार्यों के लिए पूर्व-निर्धारित वेतनमानों को ध्यान में रक्खा होगा । प्रशासन-अधिकारी के पद के वेतनमान में बढ़ोतरी करने के लिये एक मात्स्यकी संस्थान से अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है और उसके गुणावगुण को दृष्टि में रखते हुए उस पर विचार किया जायेगा ।

हिन्दी टेलिप्रिंटर्स

1602. **श्री बाबू राव पटेल** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जैसा कि राज्य मन्त्री प्रो० शेर सिंह ने कहा है कि मंत्रालय

ने इतने अधिक हिन्दी टेलीप्रिंटर बना लिये हैं कि उनको कोई भी खरीदने को तैयार नहीं है और सरकारी ऋण पर भी कोई व्यक्ति उनको खरीदने या किराये के आधार पर लेने के लिये तैयार नहीं है ;

(ख) यदि हां, तो मांग का पूर्व निर्धारण किये बिना ही इतने बड़े पैमाने पर हिन्दी टेलीप्रिंटर का निर्माण क्यों किया गया ;

(ग) पिछले वर्ष कितने तथा कितने मूल्य के हिन्दी, अंग्रेजी और अरबी भाषा के टेलीप्रिन्टरों बनाये गये तथा बेचे गये और कितने तथा कितने मूल्य के टेलीप्रिन्टर स्टाक में है ; और

(घ) पिछले वर्ष अरबी और अंग्रेजी के कितने-कितने टेलीप्रिंटर किन-किन देशों को निर्यात किये गये ?

सूचना तथा प्रसारण मन्त्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) जी नहीं। संचार राज्य-मंत्री ने तो केवल यह कहा था कि हिन्दुस्तान टेलीप्रिंटर्स लि० द्वारा देवनागरी लिपि के दूरमुद्रकों का निर्माण भारत में किया जा रहा है तथा इन मशीनों को खरीदने के इच्छुक पक्षकार, यदि कम्पनी को अपने पक्के आदेश (आर्डर) दे दें तो इन्हें तुरन्त प्राप्त कर सकते हैं

(ख) 1968-69 के दौरान देवनागरी लिपि के दूरमुद्रकों का निर्माण विभिन्न उपयोक्ताओं की मांगों के आधार पर किया गया था।

(ग) और (घ). वर्ष 1968-69 के सम्बन्ध में अपेक्षित सूचना नीचे दी जा रही है :-

	उत्पादित मात्रा	मूल्य (रु०)	बेची गई मात्रा	मूल्य (रु०)	31-3-1969 को भण्डार में	1968-69 के दौरान निर्यातित मात्रा और वे देश जिन्हें निर्यात किया गया।
देवनागरी	470 (संख्या)	32.45 लाख	407 (संख्या)	30.22 लाख	60 (संख्या) *	
अंग्रेजी	4461 प्रदद	269.40 लाख	4401 प्रदद	266.00 लाख	80.85 प्रदद @	30 (संख्या) लंका को 2 (संख्या) भूटान को
अरबी	कोई नहीं	—	कोई नहीं	—	—	—

* 3 (संख्या) के आन्तरिक उपयोग के अन्तरण के पश्चात् :

@ इनमें पिछले वर्ष से अप्रानीत तथा विशेष प्रयोजनों जैसे अनुसन्धान तथा प्रदर्शनी के लिए रोक रखी गयी मशीनें सम्मिलित हैं।

पाकिस्तान से आये शरणार्थियों का पुनर्वास

1603. **श्री बाबू राव पटेल** : क्या श्रम तथा पुनर्वास मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सितम्बर, 1965 के भारत पाकिस्तान संघर्ष के पश्चात् पाकिस्तान से भारत में आये शरणार्थियों की कुल संख्या कितनी है ;

(ख) उनको फिर से बसाने के लिए अब तक कुल कितनी धन राशि व्यय की गई है तथा पश्चिम बंगाल सरकार ने सभी शरणार्थियों को फिर से बसाने के लिये कुल कितनी धन राशि की मांग की थी ; और

(ग) क्या सरकार को पश्चिम बंगाल के भू तथा राजस्व मंत्री द्वारा दिये गये उस वक्तव्य के बारे में विदित है जिसमें कहा गया है कि केन्द्र सरकार केवल उन्ही व्यक्तियों को शरणार्थी मानती है जो जनवरी, 1951 से पूर्व भारत में आये थे, यदि हां, तो नये शरणार्थियों की समस्या को सुलझाने के लिए सरकार का क्या प्रस्ताव है ।

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) पश्चिम पाकिस्तान से लगभग 4,500 व्यक्ति और पूर्वी पाकिस्तान से लगभग 55,000 व्यक्ति ।

(ख) केवल उन लोगों के जोकि सितम्बर 1965 के भारत पाकिस्तान संघर्ष के बाद भारत आये थे, पुनर्वास पर किये गये कुल व्यय की जानकारी उपलब्ध नहीं है ।

इन लोगों के पूर्ण पुनर्वास हेतु धन राशि के लिये पश्चिम बंगाल सरकार से कोई भी विशेष मांग नहीं आई है ।

(ग) जी, नहीं ।

कलकत्ता व्यापारी संस्था द्वारा भारतीय खाद्य निगम के विरुद्ध आरोप

1604. **श्री बाबू राव पटेल** : क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कलकत्ता व्यापारी संघ के एक वर्ग ने एक ज्ञापन में आरोप लगाया है कि भारतीय खाद्य निगम के पश्चिम बंगाल के साथ किये चावल के व्यापार में अनिश्चित रूप से मुनाफाखोरी की है ; और यदि हां, तो भारतीय खाद्य निगम ने कितने टन चावल का क्रय-विक्रय किया है तथा वर्ष 1968-69 के दौरान निश्चित रूप से कितना लाभ कमाया है ;

(ख) क्या यह सच है कि 60 थोक व्यापारियों को व्यापार से वंचित कर दिया गया है जिससे उनके 1,00,000 टनों की क्षमता वाले गोदाम खाली पड़े हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि खाद्यान्न वसूली में वृद्धि करने की नई नीति को देखते हुए भारतीय खाद्य निगम के पास 20 लाख टन खाद्यान्न को रखने के लिये अपने पर्याप्त गोदाम नहीं हैं ; और

(घ) यदि हां, तो अतिरिक्त माल को गोदामों में रखने के लिये क्या उपाय किये गये हैं तथा ऐसा करने में कितनी लागत आई है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) सरकार को ऐसा कोई ज्ञापन प्राप्त नहीं हुआ है लेकिन यह पता चला है कि संघ ने बंगाल में भारतीय खाद्य निगम द्वारा चावल में मुनाफाखोरी करने के सम्बन्ध में कुछ आरोप लगाए हैं। 1968-69 वर्ष में भारतीय खाद्य निगम (कलकत्ता) ने 5.93 लाख मीटरी टन खाद्यान्न सप्लाई किया था।

क्योंकि 1968-69 वर्ष और बाद की अवधि के लेखे अभी तैयार नहीं हैं, यह कहना सम्भव नहीं है कि निगम को बंगाल सहित राज्यों में चावल के व्यापार में कितना लाभ, यदि कोई हुआ, होगा।

(ख) सरकार के पास कोई सूचना उपलब्ध नहीं है।

(ग) जी नहीं।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता।

Animal Husbandry Programme in Maharashtra

1605. **Shri Deo Rao Patil** : Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) whether a scheme has been prepared to start a programme for animal husbandry, especially for cows, in Maharashtra ; and

(b) if so, the agency through which this scheme would be implemented and the details of this scheme and the amount of financial assistance to be given for this scheme by the Central Government and the State Government, respectively ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasaheb Shinde) : (a) In addition to the provision made in the Fourth Five Year Plan for development of Animal Husbandry and Dairying, in the various States, including Maharashtra, the Central Government has recently formulated a project estimated to cost Rs. 95.40 crores with the assistance of World Food Programme which *inter alia* provides for expansion of the milk processing facilities in the metropolitan city of Bombay and for increasing milk production in its rural Milk Shed areas *viz* the States of Maharashtra and Gujarat through improved breeding, feeding and management of milch animals.

(b) A new Government Company is being set up by the Central Government for the implementation of the project in Maharashtra and other States. A representative of the Government of Maharashtra will also be represented on the Board of Directors. The project contemplates import of 1,2 ,000 tonnes of skimmed milk powder and 42,000 tonnes of Butter Oil, donated by World Food Programme free of cost but which when reconstituted into liquid milk will generate funds worth about Rs. 95.40 crores. These funds will be utilized by the new Government Company in order to finance Public Sector dairies and the State Governments for expanding milk processing facilities in the Public Sector dairies and for increasing milk production in their rural milk shed areas. This financing will be done in the form of loans and grants in such a manner that the overall pattern of assistance to the Public Sector dairies and State Governments may be 30% grant and 70% loan. No other financial assistance is contemplated for the implementation of the Project, either by the Central or State Government.

आकाशवाणी के कर्मचारियों को गृह-निर्माण के लिये ऋण की मंजूरी

1606. **श्री अब्दुल गनी दार** : क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गई दिल्ली के आकाशवाणी के महानिदेशक को जनवरी, 1969 के अब तक गृह-निर्माण के लिये ऋण हेतु मिले प्रार्थना पत्रों की कुल संख्या क्या है तथा अब तक कितने मामले अनिर्णीत पड़े हैं ;

(ख) आकाशवाणी द्वारा यह ऋण मंजूर करने में सामान्यतः कितना समय लगता है ;

(ग) ऋण की मंजूरी में देरी के बारे में कितने अभ्यावेदन प्राप्त हुये हैं तथा उन पर क्या कार्यवाही की गई है और यदि नहीं की गई तो उसके क्या कारण हैं ;

(घ) ऐसे कितने मामले हैं जिनमें प्रार्थियों से मूल हिन्दी दस्तावेजों का अंग्रेजी अनुवाद मांगा गया था तथा इसके कारण क्या हैं ; और

(ङ) भविष्य में इस प्रकार की देरी को रोकने के लिये क्या उपाय किये जाने का प्रस्ताव है ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क)

प्राप्त हुए	शेष
14	9

(ख) यह नियमों में निर्धारित औपचारिकतायें पूरी होने पर निर्भर करता है ।

(ग) दो/एक मामला विधि मन्त्रालय में है । दूसरे के जो उस मन्त्रालय ने लौटा दिया है, शीघ्र ही निपटाए जाने की सम्भावना है ।

(घ) केवल उस मामले में जहां विक्रय विलेख (सेलडीड) हिन्दी में था और विधि मन्त्रालय को उसके अंग्रेजी अनुवाद की आवश्यकता थी ।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

पश्चिम बंगाल के दीनापुर जिले के पंजपारा शाखा डाकघर का स्तर बढ़ाया जाना

1607. **श्री जार्ज फरनेन्डीज** : क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पश्चिम बंगाल के दीनापुर जिले में स्थित पंजपारा शाखा डाकघर का स्तर बढ़ा कर उसे उप-डाकघर करने की मांग की गई है ;

(ख) यदि हां, तो इस मांग पर विचार नहीं किये जाने के क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या सरकार इस मांग को पूरा करने के लिये कार्यवाही करेगी ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) विभागीय मानकों के अनुसार इस डाकघर का दर्जा बढ़ाने का औचित्य नहीं था।

(ग) कलकत्ता के पोस्टमास्टर जनरल इस मामले पर पुनः विचार कर रहे हैं। विभागीय मानकों की पूर्ति होने पर इस डाकघर का दर्जा बढ़ा दिया जायेगा।

दिल्ली में टेलीविजन के कार्यक्रमों के समय में वृद्धि

1608. **श्री न० रा० देवघरे** : क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार दिल्ली में टेलीविजन कार्यक्रम के समय में वृद्धि करने के बारे में विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां तो उस का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी, हां।

(ख) टेलीविजन कार्यक्रम का प्रसार साधनों तथा सुविधाओं की वृद्धि पर निर्भर करता है। इसका ब्यौरा अतिरिक्त सुविधाओं के उपलब्ध होने पर तैयार किया जायेगा।

(ग) सवाल नहीं उठता।

नियुक्ति के स्थान से बाहर अन्य स्थान पर पदोन्नत करने की पेशकश

160 **श्री अब्दुल गनी वार** : क्या सूचना और प्रसारण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी के बन अर्हता प्राप्त/गैर-अर्हता प्राप्त सी० जी० 2, सी० जी० 1 स्टोर-कीपरों की संख्या कितनी है जिन्होंने वर्ष 1965 से अपनी नियुक्ति के स्थान के अतिरिक्त अन्य स्थान पर हैड क्लर्क/लिखापाल के पद पर पदोन्नति को स्वीकार नहीं किया है ;

(ख) उन अर्हता प्राप्त/गैर-अर्हता प्राप्त व्यक्तियों की संख्या कितनी है जिनको पदोन्नत कर दिया गया है यद्यपि उन्होंने अपनी नियुक्ति के स्थान के अतिरिक्त अन्य स्थान पर पदोन्नति को अस्वीकार कर दिया था ;

(ग) क्या यह भी सच है कि कुछ अर्हता प्राप्त/गैर-अर्हता प्राप्त व्याक्तियों को जिन्होंने अपनी नियुक्ति के स्थान के अतिरिक्त अन्य स्थान पर पदोन्नति को अस्वीकार कर दिया था, पदोन्नति से वंचित रहना पड़ा और यदि हां, तो एक ही प्रकार के मामलों में दोहरा व्यवहार किये जाने के क्या कारण हैं ;

(घ) इस सम्बन्ध में कितने अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं ; और

(ङ) उन पर क्या कार्यवाही की गई है और यदि कोई कार्य नहीं की गई है तो इसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) 20.

(ख) शून्य । दो व्यक्तियों ने अपने नियुक्ति के स्थान के अतिरिक्त अन्य स्थान पर पदोन्नति पर जाना शुरू में अस्वीकार कर दिया था, परन्तु बाद में उन्हें दूसरे स्थान पर तैनात कर दिया गया था ।

(ग) जी हां, दोहरा व्यवहार करने का प्रश्न नहीं है । जो व्यक्ति अपनी नियुक्ति के स्थान के अतिरिक्त अन्य स्थान पर जाना अस्वीकार कर देते हैं, वे पदोन्नति का अधिकार खो देते हैं ।

(घ) 20.

(ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

Recruitment of Production Assistants

1610. **Shri Ram Charan :** Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to refer to the replies given to Unstarred Question Nos. 4449 and 5217 on the 21st and 28th August, 1969 respectively regarding the Production Assistants and state :

(a) whether it is a fact that in reply to part (b) of Unstarred Question No. 5217, it was stated that the Selection Committee did not appoint only those persons, who were the casual employees whereas the names of those persons, who were the casual employees were given in the reply to this question ;

(b) whether it is also a fact that the names of the persons who were appointed as Production Assistants treating them as Staff Artistes, were given in the reply to Unstarred Question No. 4449 and the names of these three persons were also given in the list attached in reply to Unstarred Question No. 5217 ;

(c) whether it does not amount to misleading the House deliberately ; and

(d) the name of the officer responsible for this lapse and the action Government propose to take against him ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) to (c). Yes, Sir. The list containing names of ten persons furnished in reply to part (a) of Unstarred Question No. 5217 inadvertently included one name who was not a casual employee. The mistake is regretted. There was no intention to mislead the House. The three names given in reply to Unstarred Question No. 4449 include a direct recruit.

(d) The officials concerned are being instructed to very careful in future.

आकाशवाणी दिल्ली में प्रोडक्शन असिस्टेंट

1611. **श्री एस० एम० जोशी :** क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मंत्री प्रोडक्शन असिस्टेंटों के बारे में 21 अगस्त, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4315 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आकाशवाणी दिल्ली के प्रभागों में नियुक्त किये गये प्रोडक्शन असिस्टेंटों की सही संख्या 10 थी न की 7 जैसा कि उक्त उत्तर में बताया गया था ;

(ख) क्या यह सच है कि जान-बूझ कर तथ्यों को छिपाने का प्रयत्न किया गया था क्योंकि

जो व्यक्ति नियुक्त किये गये थे वे मन्त्रालय तथा आकाशवाणी के अधिकारियों के सम्बन्धी थे ; और

(ग) क्या सरकार का विचार गलत सूचना देने के जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करने का है ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी, हां । सही संख्या 10 है ।

(ख) जी, नहीं । गल्ती असावधानी से हुई जिसके लिए खेद है । उन तीनों व्यक्तियों में से, जिनके नाम गल्ती से नहीं बताये गए थे, कोई भी मन्त्रालय अथवा आकाशवाणी के अधिकारियों का सम्बन्ध नहीं है ।

(ग) सम्बन्धित व्यक्तियों को भविष्य में अधिक सावधान रहने के लिए चेतावनी दी जा रही है ।

आदर्श नेत्र अस्पताल लाजपत नगर, नई दिल्ली को राशन कार्ड का जारी किया जाना

1612. **श्री शिव चरण लाल** : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली में राशन लागू किये जाने के समय आदर्श नेत्र अस्पताल 2 लाजपत नगर, नई दिल्ली को भी एक राशन कार्ड दिया गया था ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उक्त अस्पताल द्वारा राशन को काले बाजार में बेचने की शिकायत प्राप्त होने पर उस राशन कार्ड को रद्द कर दिया गया था ; और

(ग) राशन आरम्भ होने के प्रथम सप्ताह से लेकर 31 दिसम्बर, 1968 को समाप्त होने वाले सप्ताह तक उक्त अस्पताल को प्रति सप्ताह कितने रोगियों के लिए गेहूँ, चावल तथा चीनी दी गई ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) और (ख). आदर्श नेत्र औषधालय, 2 एफ लाजपत नगर नई दिल्ली को कोई राशन कार्ड अथवा परमिट जारी नहीं किया गया था, इसलिए उसे रद्द करने का प्रश्न ही नहीं उठता । तथापि, 370 भगवान दास मैमोरियल ट्रस्ट, 2 एफ, लाजपत नगर, नई दिल्ली को एक परमिट जारी किया था । अगस्त, 1967 में एक शिकायत मिली थी कि औषधालय प्राधिकारी राशन वाली वस्तुओं का दुष्प्रयोग कर रहे थे । औषधालय प्राधिकारियों द्वारा राशन वाली वस्तुएं चोर बाजार में बेचने के बारे में कोई शिकायत नहीं मिली थी । 14-8-67 को किए गए निरीक्षण से विदित हुआ कि राशन वाली ये वस्तुएं अन्तरंग रोगियों के अलावा बाहर के लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए औषधालय में चल रही कैन्टीन को भी सप्लाई की जा रही थीं । इस आधार पर संस्थान का परमिट रद्द कर दिया गया था और केवल अन्तरंग रोगियों की जरूरतें पूरा करने के लिए सप्ताहिक आधार पर अस्थायी परमिट जारी किए गए थे । अन्तिम साप्ताहिक परमिट 4-6-68 को समाप्त हुआ था और इसके बाद संस्थान ने अन्य परमिट के लिए नहीं कहा ।

(ग) दिल्ली प्रशासन से सूचना एकत्रित की जा रही है और प्राप्त होने पर सभा के पटल पर रख दी जाएगी ।

Facilities to Students of Industrial Training Institutes

1613. **Shri Nihal Singh :** Will the Minister of Labour and Rehabilitation be pleased to state :

(a) the nature of facilities being provided to those students of the Industrial Training Institutes of Delhi who stand first in the final year examination of Delhi State Competitions and thereafter in All-India Competitions ;

(b) the number of such students of Industrial Training Institutes as have stood first in All-India Competitions during the past three years ;

(c) whether they have been assured employment and scholarships and if so, the details thereof ; and

(d) if not, the reasons therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Labour, Employment and Rehabilitation (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) (i) The trainees who stand first in the final trade test under Craftsman Training Scheme in nine specified trades in various Industrial Training Institutes in Delhi are allowed to sit for the State Competitive test.

(ii) The trainees, who stand first in Delhi State Competition, are sent for participating in the All-India Skills Competition organised by the Government of India, and are also awarded merit certificates and bronze medals.

(iii) Each trainee, who stands first in the All-India Skills Competition, is awarded merit certificate, tool-kit, a cash award of Rs. 5,000/- and Silver Medal. He is also sent on a tour of visits to industrial centres.

(b) One.

(c) Though no employment or Scholarship was assured, the trainee concerned has been employed as a Craft Instructor (Junior) at one of the I.T.I.'s in Delhi.

(d) The pattern of the State and All-India Competitions provide only for merit-certificates, medals, tool-kits and cash awards and industrial visits and does not assure Employment and Scholarships.

ग्राम दान आन्दोलन को सहायता

1614. **श्री कार्तिक उरांव :** क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने आचार्य विनोबा भावे तथा श्री जय प्रकाश नारायण द्वारा चलाये रहे ग्राम दान आन्दोलन को सहायता दी है ;

(ख) यदि हां, तो केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों द्वारा अब तक कुल कितना धन दिया गया है ;

(ग) क्या सरकार को कोई जानकारी है कि इस सामाजिक क्रांति को किसी अन्य देश द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है ; और

(घ) यदि हां, तो अब तक कुल कितना धन प्राप्त हुआ है तथा इसमें कौन-कौन से देश सम्बद्ध हैं और दिलचस्पी रखते हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) से (घ). जानकारी इकट्ठी की जा रही है।

राज्यों में ग्राम दान अधिनियमों का न होना

1615. श्री कार्तिक उरांव : क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिहार ही केवल एक ऐसा राज्य है जहां ग्राम दान अधिनियम पारित किया गया है जब कि भूदान अधिनियम कई राज्यों में पारित किये गये है ; और

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और सभी राज्यों में इसकी क्रियान्विति में असमानता के क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) तथा (ख). आंध्र प्रदेश, असम, बिहार महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, राजस्थान तथा तामिलनाडु में ग्रामदान भूमि को उपहार रूप में देने तथा उसके प्रबन्ध के लिये कानून बनाये जा चुके हैं।

भूमि राज्य का विषय है। अतः भूदान तथा ग्राम के सम्बन्ध में कानून बनाना मूलतः राज्य सरकारों का उत्तरदायित्व है। राज्य सरकारें स्थानीय परिस्थितियों को दृष्टि में रखते हुए तथा स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर स्थानीय भूदान तथा ग्रामदान कार्यकर्त्ताओं के सुझावों को भी ध्यान में रखती हैं। यथा सम्भव वे अखिल भारतीय सर्व सेवा संघ द्वारा तैयार किये हुये माडल ग्राम-दान बिल को विचार में रखते हैं।

बिहार के छोटा नागपुर तथा संथाल परगना में ग्रामदान आन्दोलन

1616. श्री कार्तिक उरांव : क्या खाद्य कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकारी अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सहायता से बिहार के छोटा नागपुर तथा संथाल परगना के क्षेत्रों में ग्रामदान आन्दोलन में तेजी लाई गई है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इन क्षेत्रों में ग्रामदानों को अवैध घोषित करेगी ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) और (ख). ग्रामदान एक विशुद्ध स्वेच्छिक गैर-सरकारी आन्दोलन है। इस आन्दोलन के प्रचार में सरकारी एजेन्सी को कोई दखल नहीं है। फिर भी दानपत्रों के सत्यापन करने, दान की गई भूमि को मापने और अन्य प्रासंगिक कामों में सहायता दी जाती है। इस आन्दोलन के प्रचार में सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के भाग लेने के बारे में केन्द्रीय सरकार को सूचना नहीं मिली है।

ग्रामदानों की घोषणा उसके अधीन बनाये कानून और नियमों के उपबन्धों के अनुसार की जाती है। सरकार स्वेच्छा से किसी ग्रामदान को वैध या अवैध घोषित नहीं कर सकती है।

Setting up of a Financial Advisory Service

1617. **Shri Jagannath Rao Joshi :** **Shri Suraj Bhan :**
Shri Ram Gopal Shalwale : **Shri Sharda Nand :**
Shri Atal Bihari Vajpayee : **Shri Brij Bhushan Lal :**

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) whether Government propose to set up such a Financial Advisory Service as would make a study regarding the uneconomic and small holdings, arrange loans for them after preparing a phased programme for their development and implement the programmes in such a way which would lead to more income than expenditure as a result of which a petty farmer could also attain self-sufficiency ; and

(b) if so, the details of the scheme and of the action taken thereon so far ?

Tho Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasaheb Shinde) : (a) and (b). It is not proposed to set up any Financial Advisory Service to tackle the problems of small farmers. However a pilot scheme is being undertaken to set up 'Small Farmers' Development Agencies' to study the problems of small farmers and to find and provide solution for them. The broad features of the scheme have already been given in reply to Unstarred Question No. 691 answered on 20th November, 1969.

राजस्थान के जालौर जिले में नलकूप लगाना

1618. **श्री देवकी नन्दन पट्टोदिया :** क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने राजस्थान के जालौर जिले में 200 नलकूप लगाने की योजना को यू० एन० डी० पी० द्वारा और अधिक विचार किये जाने के लिये हस्तांरित किया था; यदि हां तो, यू० एन० डी० पी० को यह परियोजना कब सौंपी गई और इसमें अब तक कितनी प्रगति हुई है और क्या रिपोर्ट प्राप्त हुई और यह कार्य कब तक पूरा हो जायेगा ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उन स्थानों पर भी अभी तक कोई नलकूप नहीं लगाये गये जो इसके लिये उपयुक्त पाये गये थे और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या जालौर जिले में भूमिगत जल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और यदि इसका समुचित उपयोग किया जाये तो यह जिला कमी वाले क्षेत्र की श्रेणी से निकलकर विपुलता वाला क्षेत्र बन जायेगा ; और

(घ) इस जिले में नलकूप लगाने की कुल अनुमानित लागत कितनी है और साधारण लागत को देखते हुए इस परियोजना को क्रियान्वित करने में विलम्ब करने के क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी नहीं। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (विशेष निधि) की तकनीकी और वित्तीय सहायता से भारत सरकार की समन्वेषी नलकूप संस्था ने पश्चिमी राजस्थान में भूमिगत जल संसाधनों का निर्धारण के लिये एक परियोजना प्रारम्भ की है। जिला जालौर इस परियोजना के क्षेत्र में आता है। जालौर क्षेत्र में दिसम्बर, 1966 में कार्य प्रारम्भ हुआ था। क्षेत्र भूविज्ञान और छिद्रण सम्बन्धी कार्य पूर्ण हो चुके हैं। जलोल्का विज्ञान सम्बन्धी दित्ते, ऊपरी

सतह के सिंचाई दित्ते के संग्रह और क्षेत्र में फसल-चक्र के दित्तों का अभिलेख विषयक कार्य जारी है। आशा है 1970 के अंत तक परियोजना पूर्ण हो जायेगी।

(ख) से (घ) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (विशेष निधि) परियोजना के अन्तर्गत जालौर क्षेत्र की जांच पड़ताल 1969 के अन्त तक पूरी नहीं हो सकेगी। फिर भी, प्राथमिक पर्यवेक्षणों से पता चला है कि जालौर के कुछ भागों में पहले ही अत्यधिक पानी बाहर निकाला जा चुका है और उसके फलस्वरूप पानी की सतह नीचे चली गई है और शुद्ध जल में खारी पानी के मिलने के चिह्न दिखाई देने लगे हैं। अतः जालौर क्षेत्र में सीमित स्तर पर भी नलकूपों के निर्माण का कोई भी कार्यक्रम उस समय तक प्रारम्भ करना उपयुक्त नहीं है जब तक कि एक्वी-फायर्स से सम्बन्धित आंकड़े संगृहीत कर उनकी व्याख्या नहीं कर ली जाती। जिला जालौर में वैज्ञानिक आंकड़ों के आधार पर नलकूपों के निर्माण के औचित्य की स्थापना के उपरांत ही नल-कूपों के निर्माण का कोई कार्य इस क्षेत्र में किया जा सकता है।

राज्य वार चीनी मिल

1619. **श्री भगवान दास :**
श्री कं० हाल्दर :
श्री ज्योतिर्मय बसु :
श्री गणेश घोष :

क्या **खाद्य तथा कृषि मन्त्री** यह बताने का कृपा करेंगे कि :

(क) प्रत्येक राज्य में कितने-कितने चीनी मिल हैं और उनकी अधिष्ठापित क्षमता कितनी कितनी है ;

(ख) प्रत्येक राज्य में गैर-सरकारी क्षेत्र, सरकारी क्षेत्र और सहकारी क्षेत्र में कितनी चीनी मिलें हैं ;

(ग) सरकार ने गत तीन वर्षों में प्रत्येक राज्य में चीनी मिलों को कुल कितनी राशि ऋण और सहायता के रूप में दी है ;

(घ) कितना ऋण चुकाया जा चुका है और कितना धन बाकी है ; और

(ङ) प्रत्येक राज्य में कितनी ऐसी चीनी मिलें हैं जिनमें पुरानी मशीनरी लगी हुई है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब-शिन्दे) : (क) तथा (ख). अपेक्षित जानकारी का विवरण सभा पटल पर रख दिया गया। **[ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये** संख्या एल० टी० 2128/69]

(ग) गत तीन वर्षों में भारत सरकार ने चीनी मिलों को कोई ऋण तथा राज सहायता नहीं दी है।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता।

(ङ) कोई ठीक-ठीक सूचना उपलब्ध नही है।

Incidence of Strikes and Lock-Outs in Public and Private Sector Industries

1620. **Shri Om Prakash Tyagi :** **Shri Ram Gopal Shalwale :**
Shri Narain Swarup Sharma : **Shri Ranjeet Singh :**

Will the Minister of **Labour and Rehabilitation** be pleased to state :

(a) the total number of strikes held in Public and Private Sector industries during the year 1968 and 1969 to date ;

(b) the total estimate loss of production as a result of these strikes ;

(c) the number of lock-outs declared by the industrialists in their industries during the above mentioned period ; and

(d) whether in view of these strikes and lock-outs Government propose to make some changes in their industrial policy so that the number of lock-outs and strikes could be reduced ?

The Minister of State in the Ministry of Labour, Employment and Rehabilitation (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) to (c). A statement is placed on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT—2129/69]

(d) The Government's policy on industrial relations is being reviewed in the light of the recommendations of the National Commission on Labour.

सुपर बाजार, दिल्ली में माल के स्टाक का निर्धारण

1621. **श्री जय सिंह :** **श्री हरदयाल देवगुण :**
श्री यज्ञदत्त शर्मा :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजधानी में सुपर बाजार के प्रबन्धकों ने कम बिक्री होने और स्टाक में ऐसी वस्तुएं पड़ी होने के बारे में कभी जांच की है, जो बिकने वाली हैं ;

(ख) यदि हां, तो प्रत्येक किस्म की वस्तुओं की श्रेणी के अन्तर्गत आने वाली वस्तुओं का मूल्य कितना कितना है ;

(ग) ऐसी वस्तुओं की बिक्री शीघ्र करने के लिए और ऐसी न बिकने वाली वस्तुओं की सूची में बड़ी मात्रा में पूंजी रुकी न रहने देने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ; और

(घ) क्या वस्तु सूचियों को संगणक के अन्तर्गत लाने के लिये कोई प्रस्ताव है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री डा० एरिंग) : (क) जी हां, सुपर बाजार के प्रबन्धकों द्वारा स्टाक में कम बिकने वाली तथा अविक्रेय वस्तुओं का समय-समय पर आंकन किया जाता रहा है ;

(ख) ठीक-ठीक जानकारी संकलित की जा रही है ;

(ग) प्रबन्धकों ने इन वस्तुओं को कम लाभ पर और कुछ मामलों में तो क्रय मूल्य से कम पर भी बेचने की अनुमति दे दी है ।

(घ) जी नहीं ।

दिल्ली के सुपर बाजारों में पूंजी विनियोजन

1622. श्री जय सिंह : श्री हरदयाल देवगुण :
श्री यज्ञदत्त शर्मा :

क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजधानी में कुल कितने सुपर बाजार चल रहे हैं और इनमें से प्रत्येक में कुल कितना धन विनियोजित हैं ;

(ख) उक्त उपक्रमों में यदि कोई अन्य अंशधारी है तो उनकी तथा सरकार की स्थिति क्या है ;

(ग) क्या वे लाभ में चल रहे हैं और यदि नहीं, तो उनको गत तीन वर्षों में, वर्षवार कितनी हानि हुई है ; और

(घ) उनको लाभ कमाने योग्य बनाने के लिए उनके कार्य संचालन को दृढ़ बनाने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है अथवा करने का विचार है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में उप मन्त्री (श्री डा० एरिंग) : (क) चार; इनमें से तीन सुपर बाजार—अपना बाजार नाम से कोआपरेटिव स्टोर लि०, नई दिल्ली द्वारा चलाये जाते हैं और एक 'कोआप्स' के नाम से दिल्ली होलसेल कंज्यूमर्स कोआपरेटिव स्टोर्स लि०, दिल्ली द्वारा चलाया जाता है। इन बहु-विभागी भण्डारों में सरकार द्वारा लगाया गया तथा बकाया पूंजीगत धन पहले वाले भण्डार के मामले में 48.47 लाख रु० है और बाद वाले के मामले में 4.50 लाख रु० है।

(ख) कोआपरेटिव स्टोर लि० के मामले में सरकार द्वारा अभिदत्त 31 लाख रु० की अन्शपूंजी के मुकाबले में सदस्यों ने 2.54 लाख रु० की अंशपूंजी एकत्र की है। दिल्ली होलसेल कंज्यूमर्स कोआपरेटिव स्टोर्स लि० एक संघीय संस्था है, और प्राथमिक भण्डार इसके सदस्य हैं। सदस्य समितियों ने 1.40 लाख रु० की अंशपूंजी एकत्र की है और सरकार ने 8.65 लाख रु० अंशपूंजी दी है। कोआपरेटिव स्टोर लि० की सम्पूर्ण प्रबन्ध समिति भारत सरकार द्वारा पहले पांच वर्षों के लिए मनोनीत की गयी है और उसके बाद सरकार को प्रबन्ध समिति में अधिक से अधिक तीन सदस्य मनोनीत करने का अधिकार है, जैसी कि इसकी उप-विधियों में व्यवस्था है। जहां तक दिल्ली होइसेल कंज्यूमर्स कोआपरेटिव स्टोर्स लि० का संबंध है, प्रबन्ध समिति के तीन सदस्य सरकार द्वारा मनोनीत किये जाते हैं और 12 सदस्यों में से शेष सदस्य-समितियों द्वारा चुने जाते हैं। तथापि, स्टोर की प्रबन्ध समिति 4 अक्तूबर, 1969 से सरकार द्वारा विस्थित कर दी गई है और दिल्ली प्रशासन द्वारा नई प्रबन्ध समिति मनोनीत की गई है।

(ग) कोआपरेटिव स्टोर लि० (सुपर बाजार) को वर्ष 1966 67 में 7.08 लाख रु० व 1967 68 में 22.70 लाख रु० की हानि हुई ; 1968-69 की स्थिति का पता तब चलेगा जब लेखाओं की लेखा-परीक्षा हो चुकेगी। दिल्ली होलसेल कंज्यूमर्स कोआपरेटिव स्टोर्स लि० द्वारा चलाये जा रहे 'कोआप्स' बहु-विभागी भण्डार को 1966-67 में लाभ हुआ; बाद की अवधि की स्थिति का पता लेखा-परीक्षा पूरी हो जाने के बाद चलेगा।

(घ) जहां तक कोआपरेटिव स्टोर लि०, नई दिल्ली (सुपर बाजार) का सम्बन्ध है, इसके कार्यकरण में सुधार करने के लिए जो कदम उठाए गए हैं उनमें ये शामिल हैं परिचालन सम्बन्धी व्ययों में कमी करना, प्रशासनिक तथा लेखा प्रक्रियाओं को सुप्रवाही बनाना, सुधरी क्रय नीति अपनाना, स्टाक स्तर का नवीन व्यवथाकरण, स्टाक से वस्तुओं के अनधिकृत रूप से बाहर जाने तथा उनमें होने वली कमी को रोकना, सुदृढ़ सुरक्षा प्रबन्ध, व्यापार में विविधता लाना और सेवाओं का विस्तार करना। 'कोआप्स' बहु-विभागी भण्डार के कार्यकरण में सुधार करने के लिए जो कदम उठाए गए हैं उनमें ये शामिल हैं निर्वाचित प्रबन्ध समिति के स्थान पर मनोनीत प्रबन्ध समिति नियुक्त करना, इसके महा प्रबन्धक के रूप में कार्य करने के लिए एक पी० सी० एस० अधिकारी को नियुक्त करना और स्थापना तथा आकस्मिक व्ययों में कमी करना।

विषय : नाशिकीटों की रोकथाम के लिये अभियान

1623. **श्री धीरेश्वर कलिता :** **श्री जनार्दनन :**
श्री ईश्वर रेड्डी : **श्री हिम्मत सिंहका :**
श्री जगेश्वर यादव : **श्री सीता राम केसरी :**

क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गैर सरकारी आपरेटरों की सहायता से बड़े पैमाने पर नाशिकीटों की रोकथाम का अभियान आरम्भ करने का कोई प्रस्ताव है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस प्रस्ताव पर अनुमानत: कितनी लागत आयेगी ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) नाशिकीटों की रोकथाम करने का कार्य कृषि विकास कार्यक्रमों का एक सामान्य अंग है और यह कार्य राजकीय कृषि विभागों की निगरानी में भूमि पर तथा हवाई-जहाजों द्वारा किया जाता है। भूमि पर होने वाला कार्य किसानों द्वारा पौध रक्षा स्टाफ और विस्तार कार्यकर्त्ताओं की सहायता से स्वयं ही अनिवार्य रूप से किया जाता है, जबकि हवाई छिड़काव भारत सरकार के हवाई जहाजों या उन गैर सरकारी कम्पनियों के साथ हुए करार के अन्तर्गत किया जाता है जिनके पास अपने फिक्सड विंग एयरक्राफ्ट और हेलिकाप्टर हैं। आशा है राज्य अनुदान से इन कार्यक्रमों के लिए प्लान बजट के अन्तर्गत विभिन्न अनुपातों में सहायता उपलब्ध होगी।

(ख) और (ग). प्रश्न ही नहीं होता।

कृषि उत्पादों की बिक्री प्रणाली में परिवर्तनों को लागू करना

1624. **श्री धीरेश्वर कलिता :** **श्री जनार्दनन :**
श्री सरजू पाण्डेय : **श्री बेणीशंकर शर्मा :**

क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विक्रेता के रूप में वास्तविक उत्पादक की स्थिति मजबूत करने की दृष्टि से क्या सरकार का विचार वर्तमान कृषि उत्पादों की बिक्री पद्धति में कुछ परिवर्तन करने का है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या परिवर्तन करने का विचार है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) : (क) जी हां ।

(ख) निम्नलिखित मुख्य परिवर्तन लाने का विचार है :—

1. ऐसे स्थानों पर असैम्बलिंग मार्किटों को नियमित करना जहां वास्तविक उत्पादक विक्रेता है ।

(क) "क्लोजड बिड" (हत्था) को खुले नीलाम की बिक्री में परिणित करना ;

(ख) उत्पादक—विक्रेताओं को बिक्री स्लिप जारी करने के लिए कमीशन एजेन्ट को बाध्य करना ;

(ग) बिक्री के बाद उत्पाद का शीघ्र वजन करने के लिए बाध्य करना ।

(घ) उत्पादक—विक्रेता को अदा की जाने वाली बिक्री कीमत से अनधिकृत कमी को रोकना ;

2. उत्पादकों के द्वारा बिक्री से पहले उत्पाद का श्रेणीकरण, जिससे कि उन्हें गुण के अनुकूल कीमत प्राप्त हो ।

3. उत्पादकों को विपणन की लागत कम करके, उत्पाद के विपणन के लिए उत्पादकों के सहकारी समितियों को प्रोत्साहित करना ; और

4. जब विपणन कीमत कम हो तो अग्रिम धन से उत्पाद को गोदामों के द्वारा जो केन्द्रीय तथा राजकीय गोदाम निगमों ने बनाये हैं, संगृहीत करके रखने के लिए सुविधायें प्रदान करना ।

कृषि विश्वविद्यालयों तथा संस्थानों के लिए धनराशि

1625. **श्री धीरेश्वर कलिता :** **श्री जनार्दनन :**
श्री योगेन्द्र शर्मा :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के महानिदेशक ने कहा है कि केन्द्रीय सरकार तथा राज्य सरकारों द्वारा कृषि विश्वविद्यालयों तथा संस्थानों को पर्याप्त धन न दिये जाने से कृषि को कठिनाई हो सकती है ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) कृषि शिक्षा के सम्बन्ध में बंगलौर में 21 से 25 अक्तूबर 1969 तक हुए अखिल भारतीय सम्मेलन में महा निदेशक ने अपने वक्तव्य में कहा था कि राज्य तथा संघ सरकारें संयुक्त रूप से कृषि विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों को काफी धन देकर उनकी सहायता न करें तो विकास की गति को धक्का लग सकता है ।

(ख) भारत सरकार कृषि अनुसंधान और शिक्षा के लिए पर्याप्त मात्रा में धन देने की आवश्यकता से अवगत है और चौथी योजना की अवधि में कृषि अनुसंधान के लिए उसने 85 करोड़ रुपये की राशि नियत की है जिसमें से 28 करोड़ रुपये कृषि शिक्षा के लिए हैं।

चलचित्र परिषद

1626. **श्री धीरेश्वर कलिता :** **श्री जनार्दनन :**
श्री योगेन्द्र शर्मा :

क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चलचित्र उद्योग के विनियमन और वर्धन के लिये एक चलचित्र परिषद् की स्थापना के प्रस्ताव को अन्तिम रूप दे दिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इस परिषद की स्थापना कब तक हो जाने की आशा है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी, नहीं।

(ख) अभी यह सही बताना सम्भव नहीं कि परिषद् की स्थापना कब होगी। तथापि, प्रारम्भिक कार्य शुरू कर दिया गया है।

जोतों की चकबन्दी में धीमी प्रगति के बारे में कार्यक्रम मूल्यांकन संगठन की रिपोर्ट

1627. **श्री योगेन्द्र शर्मा :** **श्री जनार्दनन :**
श्री धीरेश्वर कलिता : **श्री राम सेवक यादव :**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या योजना आयोग के कार्यक्रम मूल्यांकन संगठन के अध्ययनानुसार भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से जोतों की चकबन्दी के कार्य की गति बड़ी ही धीमी रही है ;

(ख) यदि हां, तो भूमि की चकबन्दी की धीमी प्रगति के क्या कारण हैं ; और

(ग) भूमि की चकबन्दी के कार्य की प्रगति को तेज करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

खाद्य, कृषि सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) : (क) और (ख). कार्यक्रम मूल्याकन संगठन के जोत कार्यक्रम की चकबन्दी के मूल्यांकन के विषय में प्रतिवेदन में यह कहा गया है कि हरियाणा और पंजाब में चकबन्दी कार्य सर्वथा पूरे हो गये हैं और उत्तर प्रदेश में चार चुनीन्दा जिलों के 67 प्रतिशत गावों में तथा लगभग 50 प्रतिशत क्षेत्र में चकबन्दी हो चुकी है। एक राज्य मैसूर को छोड़कर, जहां कार्यक्रम की प्रगति धीमी पड़ गई थी, या अस्थायी रूप से निलम्बित कर दी गई थी तृतीय योजना की अवधि से आगे प्रगति हुई है। राजस्थान में जयपुर और मध्य प्रदेश में दुर्ग जिले ने अद्यतन महत्वपूर्ण प्रगति दिखलाई है। यद्यपि भूमि चकबन्दी के कार्यक्रम को कुछ सीमा तक गतिमान किया गया है तो भी कुल मिलाकर देखा जाये तो कार्य धीमा और रुकता रहा है। जब तक इस

कार्यक्रम को प्राथमिकता नहीं दी जाती और वर्तमान कृषि विकास के संदर्भ में इसके महत्व का अनुभव नहीं किया जाता, बड़े राज्यों में चकबन्दी के कार्यों को पूरा करने में एक लम्बा समय लगेगा। कार्यक्रम के द्वितीय क्रियान्वयन के मार्ग में आने वाली अड़चनें निम्न लिखित हैं —

1. **क्षेत्रों का चयन** : गुजरात और महाराष्ट्र के अनुभवों से स्पष्ट हो गया है कि माध्यमिक और अधिक सिंचाई कार्यों के अधिपत्य में आने वाले क्षेत्रों और सघन खेती कार्यक्रम से आवरित क्षेत्रों में प्रगति अधिक तेज रही है। पिछड़े क्षेत्रों में चकबन्दी का अधिक विरोध होता है।

2. **अधिकारों के अभिलेख की तैयारी** : चुनीदे क्षेत्रों में से अधिकांशों ने सूचित किया है कि अधिकारों का अभिलेख अद्यतन नहीं था और उसको अद्यतन बनाना बड़ा कठिन कार्य था।

3. चकबन्दी योजना को शुरू करने से पहले चकबन्दी के लाभों के बारे में पर्याप्त प्रचार नहीं किया गया।

4. कुछ राज्यों में चकबन्दी के कार्य के लिये समुचित प्रशिक्षित कर्मचारियों का प्रबन्ध नहीं किया गया था।

5. चकबन्दी स्कीमों के लिये राज्य योजनाओं में वित्तीय प्रावधान पर्याप्त रूप से नहीं किये गये थे।

(ग) कार्यक्रम मूल्यांकन संगठन का प्रतिवेदन आवश्यक कार्यवाही के लिये राज्यों को भेज दिया गया है। इस मामले पर 28 और 29 नवम्बर, 1969 को होने वाले मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन में भी विचार किया जायेगा।

वाणिज्यिक फसलों के उत्पादन में कमी

1628. **श्री योगेन्द्र शर्मा :**
श्री जनार्दनन :
श्री धीरेश्वर कलिता :

क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1968-69 में अधिकांश वाणिज्यिक फसलों के उत्पादन में कमी हुई है ;

(ख) यदि हां, तो उत्पादन कितना कम हुआ है ;

(ग) इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) वाणिज्यिक फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) और (ख). गन्ने और आलू के सिवाय अन्य वाणिज्यिक फसलों के उत्पादन में कमी हुई है। निम्न तालिका 1967-68 की तुलना में 1968-69 की अवधि में वाणिज्यिक फसलों के उत्पादन में हुई कमी एवं वृद्धि को प्रदर्शित करती है :—

फसल	1967-68 की तुलना में 1968-69 के दौरान हुई कुल कमी (—) अथवा वृद्धि (+) यदि विशेष रूप से स्पष्ट न किया गया हो तो आंकड़े हजार मीटरी टनों को प्रदर्शित करते हैं)	1967-68 की तुलना में 1968-69 के दौरान उत्पादन में हुई प्रतिशत कमी (—) अथवा वृद्धि (+) (प्रतिशत)
मूंगफली (छिलके सहित)	( ) 1255.1	(—) 21.9
कपास (लिन्ट)	(—) 183.4	(—) 3.4
पटसन	(—) 3268.2	(—) 51.7
मेस्ता	(—) 365.8	(—) 28.7
गन्ना (गुड़)	(+) 2216.9	(+) 22.7
आलू	(+) 540.6	(+) 12.8

प्रत्येक 180 किलोग्राम की हजार गाठों में।

(ग) 1968-69 के दौरान मूंगफली, कपास, पटसन और मेस्ता के उत्पादन में हुई कमी का मुख्य कारण फसल के विकास की अवधि में प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियां अपर्याप्त वर्षा और बुवाई के क्षेत्र में हुई कमी बतलाये गये हैं।

(घ) वाणिज्यिक फसलों के उत्पादन में वृद्धि के लिए निम्न उद्देश्यों से विशेष कार्यक्रम अपनाये जा रहे हैं :—

(क) उद्योगों के लिए कच्चे माल की व्यवस्था।

(ख) निर्यात के लिए अधिक मात्रा की उपलब्धि और (ग) आयात प्रतिस्थापन।

काश्मीर में चुकंदर से चीनी बनाने का कारखाना

1629. **डा० प० मंडल :**
श्री अविचल :

क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या काश्मीर में चुकंदर से चीनी बनाने का कारखाना स्थापित किया जायेगा और यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) : जम्मू तथा काश्मीर सरकार 2000 मीटरी टन प्रतिदिन पेराई क्षमता की चुकन्दर से चीनी बनाने वाली एक फैक्ट्री स्थापित करने की व्यवहार्यता का पता लगा रही है और विशेषज्ञों की रिपोर्ट मिलते ही इस मामले में अन्तिम निर्णय लेगी।

समाचार एजेन्सियों के सम्पादकीय कर्मचारियों की स्वतंत्रता की सुरक्षा के लिए न्यास

1630. **डा० प० मंडल** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सम्पादकीय कर्मचारियों की स्वतंत्रता की सुरक्षा के लिए समाचार एजेन्सियों और सम्पादकीय कर्मचारियों में से प्रसिद्ध व्यक्तियों के न्यास की स्थापना को प्रायोजित करने की क्या संभावनाएं हैं ; और

(ख) समाचार एजेन्सियों के कार्यों की वर्तमान स्थिति क्या है क्योंकि उन्होंने कहा है कि इस स्थिति को नहीं बने रहने दिया जायेगा ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) प्रेस आयोग, 19 4 की सिफ़ारिशों के अनुरूप सरकार यह चाहेगी कि समाचार एजेन्सियां सार्वजनिक निगमों में बदल जायें तथा उनकी सम्पादकीय नीति की देखभाल एक ट्रस्ट द्वारा की जाये, जिस में प्रसिद्ध व्यक्ति हों । यह ट्रस्ट अन्य बातों के साथ साथ सम्पादकीय कर्मचारियों की स्वतंत्रता की सुरक्षा भी करेगा । सरकार इन एजेन्सियों पर कोई नियंत्रण नहीं रखना चाहती ।

(ख) विशेष कर एक समाचार एजेन्सी के असंतोषजनक संचालन के बारे में शिकायतें मिली हैं । इसकी मन्त्रालय में जांच की जा रही है ।

आकाशवाणी से प्रसारित विज्ञापनों की जांच

1631. **डा० प० मंडल** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अवांछित विज्ञापन को ग्रहण न करने की दृष्टि से आकाशवाणी में उन विज्ञापनों की जांच करने के लिए क्या व्यवस्था है जिनमें माल की किस्म तथा कारगरता के बारे में "झूठ अथवा बढ़ा-चढ़ा कर" कहा जाता है ;

(ख) क्या ऐसी जांच करने की व्यवस्था किसी न किसी प्रकार मौजूद है और भविष्य में उसे मजबूत करने की आवश्यकता है अथवा यह एक नई व्यवस्था होगी ; और

(ग) अब तक प्रस्तावित व्यवस्था में ऐसी जांच न करने के क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) और (ख). विज्ञापनों को प्रसारण करने की स्वीकृति देने से पूर्व उनकी सरकार द्वारा निर्धारित व्यापारिक प्रसारण संहिता के अनुसार जांच की जाती है । संहिता की पर्याप्तता पर बराबर पुनर्विलोकन किया जाता है और जब भी जरूरी होगा, उसमें संशोधन किया जायेगा ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

मन्त्रियों के टेलीफोन बिल

1632. **श्री गाडिलिंगन गौड़ :** **श्री रा० कृ० यमीन :**
श्री कृ० मा० कौशिक : **श्री महेन्द्र माझी :**
श्री मीठालाल मीना :

क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि प्रधान मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मन्त्री, निर्माण आवास तथा नगरीय विकास मन्त्री, प्रतिरक्षा उत्पादन मन्त्री तथा सूचना और प्रसारण मन्त्रालय में राज्य मन्त्री के जुलाई, अगस्त, सितम्बर तथा अक्तूबर, 1969 के कुल टेलीफोन बिलों का ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री शेर सिंह) : सूचना इकट्ठी की जा रही है और यथा-समय सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

आकाशवाणी के सभी महत्वपूर्ण केन्द्रों से विज्ञापनों का प्रसारण

1633. **श्री गाडिलिंगन गौड :** क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ऐसी मांग है कि विभिन्न राज्यों द्वारा किये जाने वाले वाणिज्य के लिए उन राज्यों में आकाशवाणी के प्रत्येक महत्वपूर्ण केन्द्र से विज्ञापनों का प्रसारण करने की मांग की गई है ;

(ख) यदि हां, तो क्या राज्य आधार पर भी ऐसी सेवा प्रारम्भ की जायेगी ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कृ० गुजराल) : (क) जी, हाँ ।

(ख) इस सेवा का विस्तार उन केन्द्रों में जहां विज्ञापनों से अधिक आय होने की संभावना है, क्रमबद्ध कार्यक्रम के अनुसार किया जायेगा ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

राजस्थान में खाद्य उत्पादन के लिए भूमि का सर्वेक्षण

1634. **श्री देवकी नन्दन पाटोदिया :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अधिकतम खाद्य उत्पादन करने हेतु स्थिति का सर्वेक्षण करने और तरीकों का सुझाव देने तथा भूमि का पूर्ण उपयोग करने के लिये राजस्थान को एक विशेषज्ञ दल भेजा गया था ;

(ख) यदि हां, तो संयुक्त राष्ट्र के दल ने क्या सिफारिशें की हैं ; और

(ग) क्या इस दल ने यह सिफारिश भी की है कि सिफारिशों की क्रियान्विति के लिए केन्द्र का योगदान आवश्यक है और यदि हां, तो केन्द्रीय सरकार राज्य सरकार को किस प्रकार की सहायता देगी ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) राजस्थान नहरी क्षेत्र में मार्गदर्शी आधार पर एकीकृत बन्दोबस्त तथा विकास परियोजना की सम्भाव्यताओं का पता लगाने के लिए डा० क्रुस्टोडोलोव के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र के दल ने अक्तूबर/नवम्बर, 1968 में राजस्थान का दौरा किया था ।

(ख) दल ने निम्न सिफारिशें की हैं :—

(i) राजस्थान नहरी परियोजना के अनूपगढ़ क्षेत्र में एक लाख एकड़ भूमि में एक समीकृत बस्ती और विकास मार्गदर्शी तथा प्रदर्शन परियोजना की स्थापना करना ;

(ii) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के तकनीकी सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत एक भूमि बन्दोबस्त विशेषज्ञ तथा एक जल प्रबन्ध तथा उपयोग विशेषज्ञ की सेवायें प्राप्त करना ;

(iii) राजस्थान नहरी क्षेत्र के विकास कार्यों में लगे हुए वरिष्ठ आयोजक तथा प्रबंधकों वाले एक उच्च स्तरीय प्रेक्षण दल के शिष्टमण्डल को उन दूसरे देशों में भेजना जिन्होंने बस्ती बसाने के कार्यक्रम को सफलता पूर्वक शुरू किया हो ।

(ग) केन्द्रीय तथा राज्य सरकारें दल की सिफारिशों पर विचार कर रही हैं । परियोजना तैयार होने पर इसमें केन्द्रीय सरकार के भाग लेने के प्रश्न पर विचार किया जायेगा । फिलहाल केन्द्रीय सरकार ने संयुक्त राष्ट्र दल की सिफारिश के अनुसार दो तकनीकी विशेषज्ञों की सेवायें प्राप्त करने के सम्बन्ध में कदम उठाये हैं ।

कृषि ऋण समितियों के द्वारा ली गई अधिक ब्याज दर

1635. **श्री देवकी नन्दन पाटोदिया** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रिजर्व बैंक आफ इन्डिया द्वारा किये गये एक सर्वेक्षण से पता चला है कि केन्द्र प्रशासित क्षेत्रों सहित विभिन्न राज्यों में कार्य कर रही कृषि ऋण समितियां 12 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक ब्याज ले रही हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार उस ब्याज-दर को उचित समझती है ; और

(ग) यदि नहीं, तो ब्याज-दर को घटाने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री डा० एरिंग) : (क) भारतीय रिजर्व बैंक ने कृषि ऋण समितियों द्वारा लिये जाने वाली ब्याज की दर के बारे में अभी हाल ही में कोई सर्वेक्षण नहीं किया । तथापि, भारतीय रिजर्व बैंक ने 1967-68 के

बारे में भारत के सहकारी आन्दोलन से सम्बन्धित जो सांख्यिकी विवरण प्रकाशित किये हैं, उनसे पता चलता है कि देश के कुछ भागों में कृषि ऋण समितियों द्वारा ली जाने वाली ब्याज की उच्चतम दर 12 प्रतिशत तथा 15 प्रतिशत तक है। परन्तु अल्पकालीन ऋणों पर ली जाने वाली ब्याज की सामान्य दरें 7½ प्रतिशत से 10½ प्रतिशत तक और मध्यकालीन ऋणों पर 7½ प्रतिशत से 12½ प्रतिशत तक हैं।

(ख) और (ग) 12 प्रतिशत तथा 15 प्रतिशत की दरें ऊंची हैं। प्राथमिक ऋण समितियों द्वारा ली जाने वाली ब्याज की दर परिचालन लागत उधार लेने की लागत और शीर्ष सहकारी बैंक, केन्द्रीय सहकारी बैंक तथा प्राथमिक ऋण समिति के स्तर पर रखे जाने वाले मार्जिन से सम्बद्ध होती हैं। राज्य सरकारों से अनुरोध किया गया है कि वे सहकारी बैंकों की कार्य-कुशलता में सुधार करके अधिकतम सम्भव सीमा तक सूद की दरों में औचित्य स्थापित करें।

पूर्वी पाकिस्तान से आये शरणार्थियों के पुनर्वास के लिए पश्चिम बंगाल सरकार को सहायता

1636. **श्री देवकी नन्दन पाटोदिया :** **श्री कंवर लाल गुप्त :**
श्री वंश नारायण सिंह :

क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उन्होंने पूर्वी पाकिस्तान से 1950 तक के पश्चात् भारत आये प्रव्रजकों के लिये वित्तीय सहायता के प्रश्न पर पश्चिम बंगाल के पुनर्वास मन्त्री के साथ बातचीत की थी ;

(ख) यदि हां, तो पश्चिम बंगाल सरकार ने क्या प्रस्ताव रखे थे ; और

(ग) इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) से (ग). सम्भवत: माननीय सदस्य दिसम्बर, 1950 के बाद बनाई गई उपवेशी बस्तियों के नियमित करने के प्रश्न पर पश्चिम बंगाल के पुनर्वास मन्त्री के साथ हाल ही में हुई चर्चा के सम्बन्ध में निर्देश कर रहे हैं। वर्तमान नीति के अधीन, ऐसी उपवेशी बस्तियों को नियमित नहीं किया जाता। तथापि पश्चिम बंगाल सरकार से कहा गया है कि इस विषय पर भारत सरकार के विचार के लिये वह व्यापक प्रस्ताव भेजें।

अंतर सरकारी समुद्री परामर्शदातृ संगठन की दसवीं वर्षगांठ पर हिन्दी में स्मृति टिकटें

1637. **श्री० वि नरसिम्हा राव** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अन्तर सरकारी समुद्री परामर्शदातृ संगठन की दसवीं वर्षगांठ

की समृति पर 14 अक्तूबर को जारी किये गये टिकट के डिजाइन का सरकारी फोलडर में दिया गया हिन्दी में विवरण अंग्रेजी अनुवाद से भिन्न है ;

(ख) यदि हाँ, तो स्मृति टिकटों में भूलों की श्रृखला में ऐसी भयंकर भूल का क्या कारण है ; और

(ग) गलती को सुधारने और दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) जी, हां। हिन्दी में डिजाइन के विवरण में गलती से यह छप गया था कि अन्तशासन समुद्री परामर्श संगठन का प्रतीक चिह्न बायें तरफ अंकित है, जबकि यह डाक-टिकट में दाई तरफ था, जैसा कि इसके अंग्रेजी पाठ में दिया गया है।

(ख) ऐसा प्रतीत होता है कि यह गलती छपाई के दौरान हुई है और प्रूफ-शोधन के समय इस पर नजर नहीं गई।

(ग) इस मामले की छानबीन की जा रही है और इस चूक के लिये सम्बन्धित अधिकारियों के विरुद्ध कारवाई करने पर समुचित ध्यान दिया जायेगा।

1969 में चीनी का निर्यात

1638. **श्री नरसिम्हा राव :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1969 में भारत से चीनी का अबाध कुल कितना निर्यात किया गया ;

(ख) उन देशों के नाम क्या हैं, जिन को चीनी का निर्यात किया गया ; और

(ग) इन देशों से कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासहिब शिन्दे) : (क) से (ग). सूचना इस प्रकार है :—

देश	निर्यात की गई मात्रा (मी० टन)	अनुमानित अर्जित विदेशी मुद्रा जहाज तक निष्प्रभार के रूप में (करोड़ रुपये में)
1. ब्रिटेन (एन० पी० क्यू०)	25,400	2.18
2. संयुक्त राज्य अमेरिका	68,550	7.57
जोड़	93,950	9.75

पी० एल० 480 के अन्तर्गत गेहूं का आयात

1639. **श्री नरसिम्हा राव** : क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अमरीकी सरकार के कृषि विभाग ने भारत को 15.75 करोड़ रुपये के मूल्य का गेहूँ खरीदने के लिए दो पी०एल० 480 अधिकारपत्र जारी किये हैं ;

(ख) यदि हां, तो इसके अन्तर्गत कुल कितना गेहूँ दिया जायेगा ; और

(ग) भारत में यह गेहूँ कब तक पहुंचने की संभावना है ?

खाद्य कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क), से (ग). संयुक्त राज्य अमेरिका के कृषि विभाग ने 7 नवम्बर, 1969 को भारत द्वारा 4 लाख मीटरी टन गेहूँ खरीदने के लिए कुल 21,186,000 डालर (15.89 करोड़ रुपये) के दो क्रय प्राधिकार जारी किये हैं। इस सारी मात्रा के मार्च, 1970 के मध्य तक पहुँचने की आशा है।

पश्चिमी बंगाल में पूर्वी पाकिस्तान के शरणार्थियों का बसाया जाना

1640. **श्री चपलाकान्त भट्टाचार्य** : क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या पूर्वी बंगाल से पश्चिम बंगाल में पहले आये हुए शरणार्थियों को बसाने का कार्य पूरा हो चुका है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद):31-3-1958 तक पूर्वी पाकिस्तान से लगभग 31.47 लाख शरणार्थी पश्चिम बंगाल में आये थे। इन शरणार्थियों का पुनर्वास कार्य 1960-61 तक अधिकांश रूप में पूरा हो गया था।

पुराने प्रवासियों के सम्बन्ध में शेष पुनर्वास कार्य तथा 'नये प्रवासियों' (1 जनवरी 1964 को तथा इसके पश्चात भारत आने वाले) जो पश्चिम बंगाल में ठहरे रहे, द्वारा उत्पन्न समस्याओं की गम्भीरता तथा स्वरूप के बारे में श्री एन० सी० चटर्जी संसद सदस्य की अध्यक्षता में भारत सरकार द्वारा नियुक्त पुर्नविलोकन समिति द्वारा अनुमान लगाया जा रहा है।

डाकघर बचत प्रोत्साहन बोनस योजना

1641. **श्री ज्योतिर्मय बसु** :　　**श्री भगवान दास** :
श्री कं० हाल्दर:　　**श्री गणेश घोष** :
श्री वि० कु० मोडक :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

(क) डाकघर बचत प्रोत्साहन बोनस योजना कब लागू की गई थी ;

(ख) क्या इस योजना का उद्देश्य बचत बैंक और राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र की शाखाओं के कर्मचारियों को सामान्य संख्या में क्रमशः 1/6 और 1/11 की कमी करनी थी और यदि नहीं, तो योजना का वस्तुतः क्या उद्देश्य था ;

(ग) पश्चिम बंगाल में अनुमानित उन उम्मीदवारों की सूची और तिथियां क्या है जिन्हें कलकत्ता के बड़े डाकघर की बचत बैंक और राष्ट्रीय बचत प्रमाण-पत्र शाखाओं में काम करने का निर्देश दिया गया था ; और

(घ) क्या इन प्रोत्साहन कलर्कों की योजना के अनुसार पूरा बोनस दे दिया गया है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

सूचना तथा प्रसारण मन्त्रालय और संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री शेर सिंह) : (क) 1-7-1962 ।

(ख) इस योजना का आशय सक्षम स्टाफ को स्वेच्छा से अधिक तथा बेहतर काम करने का मौका देकर तथा बदले में उन्हें अतिरिक्त पारिश्रमिक देकर अल्प-बचत कार्य व्यवस्था में सुधार करना था । अधिक काम की गुंजाइश के प्रोत्साहन के लिए बचत-बैंक तथा बचत पत्र शाखाओं में निर्धारित समय परीक्षण के आधार पर न्यायसंगत स्टाफ में से क्रमशः 1/6 तथा 1/11 स्टाफ की कटौती करना योजना की प्रमुख शर्त थी ।

(ग) कलकत्ता के बड़े डाकघर में काम करने के लिए 19 कर्मचारियों को 29 अप्रैल, 1962 तथा 13 कर्मचारियों को 29 जनवरी, 1963 को मंजूरी दी गई थी । कर्मचारियों के ब्यौरे वाली विवरणिका सभा-पटल पर रखी जा रही है । [**ग्रन्थालय में रखी गई । देखिये** संख्या एल० टी० 2130/69] ।

(घ) स्टाफ कटौती वाली योजना की प्रमुख शर्त के पूरा न किये जाने के कारण कलकत्ता के बड़े डाकघर में वास्तव में प्रोत्साहन योजना लागू ही नहीं की गई । फिर भी, 1-4-1963 से 29-2-1964 की अवधि के दौरान 10 रुपये प्रति माह की खुली दर से स्टाफ को बोनस के हिस्से की अदायगी की गई । वास्तव में खुली दर से अदायगी किये जाने का कोई औचित्य नहीं था किन्तु चूंकि वह स्टाफ को सद्भावना के बतौर दिया जा चुका था, अतः उन्हें परेशानी में न डाल कर उस रकम की उनसे वापिस वसूली नहीं की गई ।

25 अक्तूबर 1969 को प्रेस रिपोर्टरों को सान्ता क्रुज में जाने से रोकना

1642. **श्री सीताराम केसरी** : क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 25 अक्तूबर, 1969 को प्रधान मंत्री के सान्ता क्रुज हवाई अड्डा, बम्बई से विदा होते समय प्रेस रिपोर्टरों को वहां नहीं जाने दिया गया था ; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) और (ख). विषय पर समाचारपत्रों में छपी खबरों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया है । तथापि, महाराष्ट्र सरकार से विवरण की प्रतीक्षा की जा रही है । सूचना यथा-समय सदन की मेज पर रख दी जायेगी ।

रोजगार प्रधान योजनाएं

1643. **श्री जगन्नाथ राव जोशी :** **श्री शारदा नन्द :**
श्री यज्ञदत्त शर्मा : **श्री सूरज भान :**
श्री अटल बिहारी वाजपेयी : **श्री रा० कृ० बिड़ला :**
श्री बृज भूषण लाल : **श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा :**

क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुछ रोजगार प्रधान योजनाएं सरकार के विचाराधीन हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

श्रम, नियोजन और पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) और (ख) चौथी योजना प्रारूप में, सड़कें, छोटी सिंचाई, भूमि संरक्षण, सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण, ग्रामों में बिजली पहुँचाना, ग्रामीण एवं लघु उद्योग आवास एवं नगर विकास जैसी श्रम केन्द्रित योजनाओं पर पर्याप्त जोर दिया गया है ।

Non-Implementation of Wage Board Awards

1644. **Shri Jagannath Rao Joshi :** **Shri Brij Bhushan Lal :**
Shri Yajna Datt Sharma : **Shri Sharda Nand :**
Shri Atal Bihari Vajpayee : **Shri Suraj Bhan :**

Will the Minister of **Labour and Rehabilitation** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the recommendation of the various Wage Board are not implemented ;

(b) whether Government are taking any action to make the said recommendations obligatory : and

(c) if so, the details thereof ; and if not, the reasons therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Labour, Employment and Rehabilitation (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) Difficulties have been experienced, of late, in securing implementation of the recommendations of some Wage Boards.

(b) and (c). The National Commission on Labour has made recommendations on the various aspects of the Wage Board system including implementation of their recommendations. These are being cansidered.

Constitution of Fertilizer Promotion Directorate

1645. **Shri Jagannath Rao Joshi :** **Shri Brij Bhushan Lal :**
Shri Yajna Datt Sharma : **Shri Sharda Nand :**
Shri Atal Bihari Vajpayee : **Shri Suraj Bhan :**

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 633 on the 24th Jully, 1969 and state :

(a) whether a decision has been taken to constitute the Fertilizer Promotion Directorate ; and

(b) if so, the details of the plan ; if not, the reasons for the inordinate delay ?

The Minister of state in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde) : (a) and (b). No final decision has yet been taken. The proposal is presently under active consideration of the Government.

भूमिहीन किसानों की सहकारिता

1646. **श्री भोगेन्द्र झा :** क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री 21 अगस्त, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4398 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भूमिहीन किसानों तथा कृषि-मजदूरों को ऋण देने की व्यवस्था करने वाले सहकारिता अधिनियम अथवा नियम हैं, यदि नहीं, तो ऐसे अधिनियम बनाने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ;

(ख) विभिन्न राज्यों में पिछले तीन वर्षों के दौरान सहकारी संस्थाओं से कितने भूमिहीन किसानों तथा कृषि-मजदूरों को ऋण प्राप्त हुए हैं ;

(ग) विशेष रूप से कृषि-मजदूरों के लिये सहकारी संस्थाओं का गठन करने के बारे में क्या कार्यवाही की जा रही है ; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदयिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री डा० एरिंग): (क) वर्तमान राज्य सहकारी अधिनियमों अथवा नियमों में भूमिहीन किसानों और कृषि श्रमिकों को ऋण देने पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। वर्तमान अधिनियमों तथा नियमों के अन्तर्गत प्राथमिक ऋण समितियां भूमिहीन किसानों और कृषि श्रमिकों को ऋण दे सकती हैं।

(ख) 30 जून, 1968 को देश में 1,74,534 प्राथमिक ऋण समितियां थीं। उन भूमिहीन किसानों और कृषि श्रमिकों की संख्या सम्बन्धी जानकारी उपलब्ध नहीं है जिन्हें पिछले तीन वर्षों में ऋण दिये गये हैं।

(ग) व (घ). एकमात्र कृषि श्रमिकों के लिए सहकारी समितियां स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। चूंकि वर्तमान समितियां स्वयं भूमिहीन किसानों तथा कृषि मजदूरों को ऋण दे सकती हैं, अतः एकमात्र कृषि श्रमिकों की सहकारी समितियां गठित नहीं की गई हैं।

सरकारी समाचार एजेंसी

1648. **श्री कं० हाल्दर :** **श्री भगवान दास :**
श्री वि० कु० मोडक : **श्री गणेश घोष :**

क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार अपनी दो समाचार एजेंसियों—एक अन्तर्राष्ट्रीय और दूसरी आन्तरिक बना रही है ;

(ख) यदि हां, तो कब तक ; और

(ग) सरकारी क्षेत्र की इस प्रस्तावित समाचार एजेंसी की मुख्य-मुख्य बातें क्या होंगी ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ०कु० गुजराल) : (क) से (ग). एक अन्तर्राष्ट्रीय समाचार एजेन्सी को स्थापित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है। एक और आन्तरिक समाचार एजेन्सी स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

Expenditure on National Commission on Labour

1649. **Shri Hukam Chand Kachwai** : Will the Minister of **Labour and Rehabilitation** be pleased to state :

(a) the date when the National Commission on Labour, the report of which was published in 1969, commenced its work ;

(b) whether copies of the said report were distributed among the Members of Parliament ; and

(c) the total expenditure incurred on this Commission from the date of commencement of its work to the date of publication of its report ?

The Minister of State in the Ministry of Labour, Employment and Rehabilitation (Shri Bhagwat Jha Azad) : (a) January 18, 1967.

(b) No.

(c) Rs. 34.95 lakh approximately.

Government Advertisements to Newspapers

1650. **Shri Hukam Chand Kachwai** : **Shri Shri Chand Goyal** :
Shri Bharat Singh Chauhan :

Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) the number of newspapers published in Hindi, English and Urdu, separately in the country at present ;

(b) the number of newspapers having circulation of more than 30,000 but not getting advertisements from the Central Government ; and

(c) the number of newspapers having circulation of less than 30,000 but getting advertisements from the Government ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) The requisite information is given below :

Language	Number of Newspapers
Hindi	2,381
English	2,074
Urdu	902

(b) 45

(c) 1,441

बीजों की बिक्री के लिए बीज समीक्षा समिति का सुझाव

1651. **श्री मयाबन** : **श्री रा० बरुआ** :
श्री नि० रं० लास्कर : **श्री चेंगलराया नायडू** :

क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार ने अनिवार्य रूप से सरकारी जांच किये बिना

बाजारों में बीजों को स्वतन्त्रतापूर्वक बेचने के बारे में वर्तमान प्रक्रिया को जारी रखने सम्बन्धी बीज समीक्षा समिति के सुझाव को अस्वीकार कर दिया है ;

(ख) यदि हाँ, तो इस प्रस्ताव को अस्वीकार करने के क्या कारण हैं ; और

(ग) अन्य कौन-सी सिफारिशें स्वीकार की गई हैं, और उन्हें लागू करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

खाद्य, कृषि, सामुदयिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हां।

(ख) यह महसूस किया गया कि यदि यह सिफारिशें मान ली जातीं तो अधिक प्रचार तथा विपणन सम्बन्धी तकनीकों के दबाव के कारण भारतीय कृषक को सन्देहात्मक किस्मों के बीज उपलब्ध होने का खतरा उत्पन्न हो जाता ।

(ग) बीज पुनरीक्षण दल की रिपोर्ट के खण्ड 1 के अध्याय 5 में दल की सिफारिशें, परिणाम और सार आदि दिये गये हैं । बीज पुनरीक्षण दल की रिपोर्ट की एक-एक प्रति सदनों के पुस्तकालय में उपलब्ध है ।

सिफारिश 1 और 3 के सिवाय जिनमें सरकारी जांच-पड़ताल और परीक्षण के बिना जीव सम्बन्धी परिस्फुटता की जरूरत को समाप्त करने के बारे में सिफारिशें हैं दल की सब सिफारिशें मान ली गई हैं । क्रियान्विति हेतु ये सिफारिशें सभी राज्य सरकारों तथा अन्य सम्बन्धित एजेन्सियों को भेज दी गई हैं । इस मंत्रालय से सम्बन्धित सिफारिशों पर कार्यवाही की जा रही है ।

वाणिज्यिक विज्ञापनों से लाभ और "प्रायोजित कर्यक्रमों को चालू किया जाना"

1652. **श्री मयाबन :** **श्री चेंगलराया नायडू :**
श्री बे० कृ० दासचौधरी :

क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वाणिज्यिक सेवा के लागू किये जाने के पश्चात् आकाशवाणी द्वारा प्राप्त की गई सफलता के कारण अब उनका मंत्रालय "प्रायोजित कार्यक्रमों" को चालू करने पर विचार कर रहा है ;

(ख) यदि हां, तो अन्तिम निर्णय कब तक लिया जायेगा ; और

(ग) वाणिज्यिक सेवा के चालू किये जाने के पश्चात आकाशवाणी द्वारा कितना लाभ अर्जित किया गया है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) तथा (ख). आकाशवाणी की व्यापारिक सेवा के अन्तर्गत बम्बई, कलकत्ता, दिल्ली, मद्रास-त्रिरूचि केन्द्रों से व्यापारिक कार्यक्रम चालू करने का निर्णय किया गया है ।

(ग) व्यापारिक सेवा (कुल राजस्व में से खर्चा निकाल कर) से हुआ लाभ इस प्रकार है :

1967-68	10,59,257 रुपये (अनन्तिम)
1968-69	52,72,895 रुपये (अनन्तिम)

फिल्म वित्त निगम

1653. **श्री मयावन :** क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने फिल्म वित्त निगम से कहा है कि वह कम लागत वाले ब्लैक एण्ड व्हाइट प्रकामोत्तेजक चलचित्रों के निर्माण के लिये ऋण देने की नीति निर्धारित करे ;

(ख) यदि हाँ, तो ये ऋण किस प्रकार के चलचित्रों को और किन शर्तों पर दिये जायेंगे ; और

(ग) अन्तिम निर्णय कब किया जायेगा ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) तथा (ग). जी नहीं। तथापि, फिल्म वित्त निगम के निदेशक बोर्ड ने कल बजट वाली, सादी तथा आफ बीट फिल्मों के निर्माण को प्रोत्साहित करने का साधारण निर्णय किया है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

इण्डियन डायजेस्ट

1654. **श्री मयावन :** **श्री चेंगलराया नायडू :**
श्री नि० रं० लास्कर :

क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार "इण्डियन डायजेस्ट" प्रकाशित करने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय कब तक लिये जाने की संभावना है ; और

(ग) इस डायजस्ट के प्रकाशन का उद्देश्य क्या होगा ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी, हां।

(ख) जल्दी ही।

(ग) प्रस्तावित डायजेस्ट का उद्देश्य देश के एक भाग के जीवन, साहित्य तथा विचारों को देश के दूसरे भागों में अच्छी तरह परिचित करा कर राष्ट्रीय एकता बढ़ाना तथा भारतीय पाठकों तथा विशेषकर नवयुवकों में स्वस्थ अध्ययन प्रवृत्ति पैदा करना है।

विजीनजाम (केरल) में समुद्री अनुसंधान केन्द्र

1655. **श्री पी० विश्वम्भरन** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विजीनजाम (केरल) स्थित समुद्री अनुसंधान केन्द्र एक स्थायी संस्थान है ;

(ख) यदि हां, तो केन्द्र के भवन के निर्माण हेतु क्या कार्यवाही की गई है ;

(ग) इस केन्द्र में अनुसंधान अधिकारियों तथा कर्मचारियों की संख्या कितनी है ; और

(घ) इस केन्द्र का अधीक्षक अधिकारी कौन है तथा गत एक वर्ष में कितनी बार इस केन्द्र का दौरा किया है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : जी, हां। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की केन्द्रीय समुद्री मात्स्यकी अनुसंधान संस्थान का विजीनजाम उप-केन्द्र एक स्थायी संस्था है।

(ख) विजीनजाम बन्दरगाह मछली पकड़ने वाले क्षेत्रों में उप-केन्द्र के लिए स्थायी स्थान हेतु जगह के आवन्टन सम्बन्धी प्रश्न को केन्द्रीय मात्स्यकी अनुसंधान संस्थान के निदेशक ने मात्स्यकी, केरल राज्य ; त्रिवेन्द्रम के निदेशक के सामने रखा है जिन्होंने वायदा किया है कि बन्दरगाह मछली पकड़ने वाले क्षेत्र में अर्जन सम्बन्धी कार्यवाहियों के पूरा होने पर इस प्रार्थना पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेंगे।

(ग) तीन अधिकारी और स्टाफ के अन्य आठ कर्मचारी सदस्य।

(घ) निदेशक केन्द्रीय समुद्री मात्स्यकी अनुसंधान संस्थान, मण्डापम कैम्प (तमिलनाडु)। उसने अक्तूबर, 1969 में समाप्त होने वाले गत एक वर्ष में इस केन्द्र का चार बार दौरा किया।

अनाज के आवंटन के लिये राज्य सरकारों की मांग

1656. **श्री एस० आर० दामानी** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू वर्ष में अनाज के आवंटन के लिये राज्य सरकारों की मांगों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) इन मांगों को पूरा करने के बाद केन्द्रीय सरकार के पास कितना स्टाक रह जायेगा ; और

(ग) वसूली के पूरा हो जाने के बाद सरकार के पास कितना स्टाक होगा ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) 1969 में अब तक राज्य सरकारों से खाद्यान्नों के आवंटन के लिए प्राप्त मांगें बताने वाला एक विवरण सभापटल पर रख दिया गया है। **[ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 2131/69]**

(ख) राज्यों से प्राप्त मांगें हमेशा पूर्णरूप से पूरी नहीं की जा सकती हैं और न ही की जाती हैं। अक्तूबर, 1969 के अन्त तक जितनी भी सप्लाई की व्यवस्था की जा सकती थी, करने के बाद केन्द्रीय सरकार के खाते में गोदामों में खाद्यान्नों का प्रत्यक्ष उपलब्ध स्टाक लगभग 25.9 लाख मीटरी टन था।

(ग) खाद्यान्नों का अधिप्राप्ति वर्ष भर की जाती रही। ऐसा कभी समय नहीं आया है जबकि सभी अनाजों का अधिप्राप्ति कार्य पूरा किया जा सका हो। अतः यह बताना सम्भव नहीं है कि अधिप्राप्ति कार्य पूरा हो जाने के बाद स्टाक-स्थिति क्या होगी।

अनाज का आयात

1657. **श्री एस० आर० दामानी :** क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू वर्ष में अब तक सभी साधनों से कितने अनाज का आयात किया गया है ;

(ख) अनाज की और कितनी मात्रा के लिये करार किया गया है, जिसके चालू वर्ष के दौरान ही प्राप्त होने की सम्भावना है ; और

(ग) इस आयात का देश में वसूली तथा किसानों को अब तक मिलते रहे लाभप्रद मूल्यों को कायम रखने पर क्या प्रभाव पड़ा है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क और ख). पहली जनवरी, 1969 से 31 अक्तूबर, 1969 तक की अवधि में 35.13 लाख मीटरी टन खाद्यान्न आयात किए गए हैं और नवम्बर और दिसम्बर, 1969 के दौरान लगभग 3.75 लाख मीटरी टन खाद्यान्नों के पहुंचने की आशा है।

(ग) इन आयातों से स्थानीय अधिप्राप्ति और भारतीय कृषकों की आर्थिकता पर प्रतिकूल प्रतिक्रिया नहीं हो सकती है क्योंकि सरकार निर्धारित अधिप्राप्ति मूल्यों पर बिक्री के लिये पेश की जाने वाली उचित औसत किस्म के सभी खाद्यानों को सारी मात्रा खरीदने के लिए तत्पर रहती है। ये मूल्य उस स्तर पर रखे गए हैं जोकि उत्पादक के लिए लाभकारी हैं।

भारत में अनाज भण्डारों में जमा रखने की क्षमता

1658. **श्री एस० आर० दामानी :** क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में किसी समय सरकार के भण्डारों में अनाज की अधिकतम मात्रा कितनी थी ;

(ख) विभिन्न राज्यों में कुल कितनी क्षमता के भण्डार बनाये गये हैं ;

(ग) क्या यह चालू वर्ष में आयात किये जाने वाले 50 लाख मीट्रिक टन से अधिक अनाज तथा देश में वसूली के अन्तर्गत इकट्ठा किये जाने वाले अनाज के लिये पर्याप्त होगी ; और

(घ) यदि नहीं, तो इस सारे भण्डार को सुरक्षित रूप में जमा रखने के लिये क्या व्यवस्था करने का विचार है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) पिछले तीन वर्षों में केन्द्रीय पूल में और राज्य सरकारों के पास जून, 1969 के अन्त में खाद्यानों का कुल प्रत्यक्ष स्टाक सब से अधिक था अर्थात् यह स्टाक लगभग 54.81 लाख मीटरी टन था ।

(ख) पहली नवम्बर, 1969 को विभिन्न राज्यों में भारतीय खाद्य निगम की अपनी क्षमता लगभग 26.39 लाख मीटरी टन थी ।

(ग) 1969 के दौरान सभी खाद्यान्नों का लगभग 40 लाख मीटरी टन आयात होने का अनुमान है । विभिन्न राज्य की आवश्यकता के अनुसार समय-समय पर कुछ खाद्यान्न दिए जाएंगे । अपनी क्षमता के अलावा, भारतीय खाद्य निगम द्वारा विभिन्न स्रोतों से गोदाम किराये पर भी लिए जाते हैं । राज्य सरकारों की भी अपनी भण्डारण क्षमता है । इसके अलावा, विभिन्न राज्यों में अतिरिक्त भण्डारण क्षमता का निर्माण किया जा रहा है । पहले से उपलब्ध क्षमता और अतिरिक्त क्षमता के निर्माण के लिए उठाए पगों से भण्डारण सम्बन्धी जरूरतों को पूरा करना होगा ।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

खाद्यान्नों को गोदामों में रखने तथा लाने-ले जाने में हुई हानि

1659. **श्री एस० आर दामानी** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में खाद्यानों को गोदामों में रखने तथा उनके लाने-ले जाने में कितनी मात्रा तथा कितने मूल्य के खाद्यानों की हानि हुई है ;

(ख) चालू वर्ष में कितनी हानि होने का अनुमान है जबकि सरकार को आयात तथा स्थानीय वसूली द्वारा 60,000 से लेकर 70,000 मीटरी टन खाद्यानों को गोदामों में रखना पड़ेगा और लाना-ले जाना पड़ेगा ;

(ग) क्या हानि को समाप्त करने के लिये कोई तरीका ढूंढा गया है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदयिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) 1966-67 तथा 1968-69 के वर्षों में केन्द्रीय भण्डारण डिपों में खाद्यानों का भण्डारण करने तथा उनके लाने-ले जाने में जो हानि हुई थी, वह निम्न प्रकार थी ।

वर्ष	हानि की मात्रा (मी० टन)	मूल्य
1966-67	26,468	1,49,57,551 रुपये
1967-68	12,144	87,86,364 रुपये
1968-69	7,866	68,36,165 रुपये

(ख) वर्ष 1969-70 में खाद्यान्नों के भण्डारण तथा उनके लाने-ले जाने में 1.12 लाख मीटरी टन जिसकी लागत लगभग 8.97 करोड़ रुपये हैं, की हानि होने का अनुमान है।

(ग) और (घ). इन हानियों पर काबू पाने हेतु बहुत से उपाय किये गये हैं। कुछेक किए जा रहे आवश्यक उपाय इस प्रकार हैं :

1. खाद्यान्नों की खरीदी के बारे में नमी की मात्रा आदि सम्बन्धी निर्दिष्टियों को सख्ती से लागू किया जा रहा है।
2. खाद्यान्नों को खुले वैगनों में (कभी-कभी) भेजने की बजाय ढके वैगनों में भेजने के सतत प्रबन्ध किए जा रहे हैं।
3. वर्ष भर लदाई, उतराई तथा तुलाई स्थानों पर छापे मारे जाते हैं।
4. रेल द्वारा संचलन को इस ढंग से आयोजित किया जाता है ताकि यथासम्भव लम्बी अवधि के संचलन तथा पोतान्तरण से बचा जा सके।
5. भण्डारण संबंधी हानि में कमी सुनिश्चित करने हेतु गोदामों का वैज्ञानिक ढंग से निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा, गैर-सरकारी पार्टियों से किराये पर लिये गये निम्न कोटि के गोदामों को धीरे-धीरे छोड़ा जा रहा है और जहां कहीं भी वे सरकार के पास रहेंगे उनको निर्दूषण करने आदि जैसे उपाय किये जा रहे हैं ताकि खाद्यान्न को अच्छी हालत में रखा जा सके और हानि को कम किया जा सके। तकनीकी तथा प्रशिक्षित स्टाफ स्टाकों की दशा का आवधिक निरीक्षण करते रहते हैं और जहां कहीं भी आवश्यक होता है पर्याक्रमण विरोधी उपाय किये जाते हैं।
6. भण्डारण हानि को कम करने के लिये एक ग्रुप प्रोत्साहन योजना को चालू करने के बारे में विचार किया जा रहा है।

Printing of P and T Department Forms in Hindi

*1660. **Shri Molahu Prashad :**
Shri Ram Avtar Sharma :

Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that many forms are printed by Post and Telegraph Department to conduct business ;

(b) if so, the number of forms printed in Hindi and English separately during the period between 1965 and 1968 ; and

(c) the reasons for not printing more forms in Hindi ?

The Minister of State for Communications (Shri Sher Singh) : (a) Yes, Sir.

(b) and (c). A decision has been taken that all P and T forms are to be issued in bilingual scripts *viz.* Hindi-English but forms used by the public will be brought out in trilingual scripts including the regional language. A few forms used by the public on a local basis like application forms for Savings Certificates, also forms used by branch pos

offices will be brought out separately in the regional languages, in addition to Hindi and English.

86 forms are now being printed in Hindi and English. In the case of another 425 forms, the translation work has been completed and the printing has been taken in hand. In the case of the remaining 350 forms, the translation work is in progress.

Cancellation of panel of Teleprinter Supervisors in P. & T. Circle, Lucknow

*1661. **Shri Molahu Prashad :**
Shri Ram Avtar Sharma :

Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a panel of such Teleprinter Supervisors as are now working as Assistant Telegraph Masters has been formed according to Post Master General, U. P. Lucknow, Memo No. Staff. V. 24 XA/General/62 dated the 3rd February, 1962 ;

(b) whether it has been ordered to cancel such panel vild Director General, Post and Telegraphs, Delhi's Memo No. 208/8/69 STV-I/PT dated the 30th June, 1969 ;

(c) if so, the number of Teleprinter Supervisors, working on regular terms, affected thereby ; and

(d) the reasons for issuing such orders ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and Communications (Shri Sher Singh) : (a) Yes.

(b) No. However the names of these officials who did not fulfil the conditions stipulated in the letter quoted by the Member were removed from the panel.

(c) Five (viz. those who had worked less than six month in an allowanced Post).

(d) The matter was reconsidered and the conditions prescribed earlier, were relaxed by the competent authority.

Conversion of Reserved Posts into General Posts

1662. **Shri Molahu Prashad :** Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that according to Office Memorandum No. 8/1/69 Establishment (S. C. T.) dated the 28th January, 1969 of the Ministry of Home Affairs, the approval of Ministry of Home Affairs has to be obtained before converting any reserved post into a general post ;

(b) if so, the number of cases sent to the Ministry of Home Affairs for approval under this rule in 1968-69 and the details thereof ; and

(c) if not, the reasons thereof ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and the Department of Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) Yes, Sir.

(b) and (c). In so far as the posts included in the Central Secretariat Service, Central Secretariat Clerical Service, and Central Secretariat Stenographers Service borne on the cadre of the Ministry of I & B. and the posts included in the Central Information Service are concerned, no occasion arose to convert any reserved post into a general post. The information about the other posts in the Media Units is being collected and will be laid on the Table of the House in due course.

खाद्यान्नों का फालतू भंडार

1663. **श्री हिम्मतसिंहका** : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1969-70 में अनाज का कितना रक्षित भण्डार बनाने का विचार है ;

(ख) इस दिशा में अब तक कितनी सफलता मिली है और क्या वास्तव में जितना अनाज इकट्ठा किया गया है, वह इस दिशा में मूल प्राक्कलनों से कम है ; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) अक्तूबर, 1970 तक लगभग 40 लाख मीटरी टन का बफर स्टाक करने का विचार है ;

(ख) अक्टूबर, 1969 के अन्त तक पूरा करने के लिए 30 लाख मीटरी टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था और यह लक्ष्य पूरा कर लिया गया है ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

उपभोक्ता सहकारी समितियों के आधार ढांचे में परिवर्तन

1664. **श्री मुहम्मद शरीफ** : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में उपभोक्ता सहकारी समितियों के आधार ढांचे में कुछ परिवर्तन करने के प्रश्न पर विचार किया है ; और

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय में उप-मन्त्री (श्री डा० एरिंग) : (क) जी हां ।

(ख) चौथी योजना अवधि में उपभोक्ता सहकारी समितियों का विकास करने से संबंधित कार्यक्रम में इनकी व्यवस्था है :

(1) प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी समितियां, जो कमजोर हैं और आर्थिक तौर पर चल सकने योग्य नहीं हैं, जो परिसमाप्त अथवा केन्द्रीय/थोक भण्डारों में मिला देना चाहिए ।

(2) केन्द्रीय/थोक भण्डारों का बहु-खुदरा एकक सहकारी समितियों के रूप में निर्माण करने की दृष्टि से इन भण्डारों को पुनर्गठित तथा मजबूत किया जाना चाहिए ।

(3) अच्छी तथा चल सकने की सम्भावना वाली प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी समितियों को और अधिक मजबूत किया जाना चाहिए, ताकि वे व्यापार के बहुविध विस्तार वाले बड़े खुदरा भण्डारों के रूप में कार्य कर सकें ।

(4) केन्द्रीय/थोक उपभोक्ता सहकारी समितियों को आधुनिक आधार पर अपनी शाखाओं के रूप में बड़े पैमाने के खुदरा निकास स्थापित करने चाहिएं ।

पश्चिम बंगाल में अनाज की कमी

1665. **श्री देवेन सेन :** क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आगामी मई में पश्चिम बंगाल राज्य में अनाज की कमी होने की संभावना है ;

(ख) यदि हां, तो अनाज की कितनी कमी होने की संभावना है ;

(ग) क्या राज्य सरकार ने केन्द्रीय सरकार से अनाज की समस्त कमी को पूरा करने का अनुरोध किया है ; और

(घ) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) से (ग). 1969-70 के खाद्यान्न-उत्पादन के अनुमान अभी उपलब्ध न होने से अगले वर्ष में बंगाल के सम्भावित खाद्य कमी के संबंध में कोई ठीक-ठीक मूल्यांकन करने का अभी समय नहीं है। तथापि, 27 9-1969 को नई दिल्ली में हुये मुख्य-मंत्रियों के सम्मेलन में यह कहा गया था कि 1970 में पश्चिमी बंगाल में लगभग 2? लाख मीटरी टन खाद्यान्नों की कमी होने की सम्भावना है और केन्द्र से इस सारी कमी को पूरा करने के लिए अनुरोध किया गया था।

(घ) भारत सरकार केन्द्रीय भंडार में उपलब्ध स्टाफ तथा अन्य कमी वाले राज्यों की सापेक्ष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये पश्चिमी बंगाल को उचित आवश्यकताओं को, पूर्ववत्, पूरा करेगी ।

Retirement and Transfer of Producers and Assistant Producers

1666. **Shri Ram Charan :**
Shri Ram Sewak Yadav :

Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 4331 on the 21st August, 1969 and state :

(a) the number of Producer and Assistant Producers who have retired and of those who have been transferred outside Delhi, out of those whose list had been laid on the Table of the House in reply to the question referred to above ;

(b) whether a list giving the names of the aforesaid producers and Assistant producers would be laid on the Table of the House ; and

(c) the number of years for which the persons, who have not been transferred, have been working in Delhi and the reasons for not transferring them from Delhi ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) Four Producers have since retired. None has been transferred. This information has already been supplied in reply to Unstarred Question No. 758 on 20-11-1969.

(b) Names of the four producers who have retired are :

1. Shri Pratap Singh
2. Shri Kuldip Singh Akhtar
3. Shri B. R. Paliwal
4. Smt. Syeeda Raza

(c) The dates from which the persons mentioned in the list enclosed with Question No. 4331 have been working in Delhi have already been indicated in column 6 of that list. The transfers are made in accordance with the exigencies of Public Service.

Mohiuddinpur Sugar Factory in U. P.

1667. **Shri Raghuvir Singh Shastri** : Will the Minister of Food and Agriculture be pleased to state :

(a) the amount of arrears to be paid by Mohiuddinpur Sugar Factory, U. P. to the farmers as a price of their sugar-cane ;

(b) the period for which this amount has been outstanding ; and

(c) the action taken by Government for the payment of the arrears to the farmers ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Co-operation (Shri Annasahib Shinde) : (a) and (b). The amount of arrears of price of sugar-cane to be paid by the Mohiuddinpur Sugar Factory as on the 30th September, 1969 is Rs. 5.21 lakhs.

(c) The Government of Uttar Pradesh has been asked to take necessary action for early realisation of the arrears.

Press Commission

1668. **Shri Raghuvir Singh Shastri** : Will the Minister of Information and Broadcasting and Communications be pleased to state :

(a) whether Government propose to get up a Press Commission ;

(b) if so, its terms of reference ; and

(c) the names of members of the Commission ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) to (c). The matter is under consideration.

आकाशवाणी के अधिकारियों द्वारा राजनीतिक लेख लिये जाना

1669. **श्री एस० एम० जोशी** : क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मंत्री आकाशवाणी के अधिकारियों द्वारा प्रकाशन के लिये लिखे गये लेखे के बारे में 28 अगस्त, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 5254 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर के भाग (ग) में बताई गई जांच कराई गई है और उक्त प्रोड्यूसर को दोषी पाया गया है ;

(ख) क्या यह सच है कि उन लेखों में सरकार की नीतियों की आलोचना की गई थी ;

(ग) यदि हां, तो उक्त प्रोड्यूसर के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ; और

(घ) क्या उन लेखों की प्रतियां सभा पटल पर रखी जायेंगी ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) से (घ). जांच अभी चल रही है और जितनी जल्दी सम्भव हो सकेगा, निर्णय किया जायेगा ।

बाल चलचित्र संस्था के भूतपूर्व मन्त्री पर धन के गबन करने का कथित आरोप

1670. **श्री बाबू राव पटेल :** क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बाल चलचित्र संस्था के भूतपूर्व मंत्री श्री महेन्द्रनाथ द्वारा संस्था के धन का गबन किये जाने का पता किस तिथि को लगा तथा किस तिथि को उन्होंने काम करना बन्द कर दिया ;

(ख) उनके विरुद्ध किस तिथि को तथा कितनी राशि दीवानी मुकद्दमा दायर किया गया और उसका क्या परिणाम निकला ;

(ग) उनके विरुद्ध किस तिथि को तथा किस धारा के अन्तर्गत फौजदारी मुकद्दमा दायर किया गया और किस न्यायालय में तथा किस स्थान पर दायर किया गया और उसका क्या परिणाम निकला ; और

(घ) ऐसे अपराधी के संबंध में न्यायालय का निर्णय प्राप्त करने में विलम्ब कब तक होता रहेगा और इसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जांच करने वाले अधिकारी ने 15 जुलाई, 1965 को अपनी रिपोर्ट में बाल चलचित्र समिति के भूतपूर्व मंत्री श्री महेन्द्रनाथ को वित्तीय अनियमितताओं के लिए उत्तरदायी पाया। श्री महेन्द्रनाथ ने 13 जून, 1962 से समिति में काम करना बन्द कर दिया था।

(ख) 50,000 बेल्जियम फ्रैंक जो 4,600 रुपये के बराबर हैं, की वसूली के लिये दीवानी मुकद्दमा 27 जुलाई 1965 को दायर किया गया था। मुकद्दमे की अभी सुनवाई होनी है।

(ग) बम्बई के पुलिस कमिश्नर के पास 5 अक्तूबर, 1967 को एक फौजदारी शिकायत की गई थी जो भारतीय दण्ड विधान की धारा 408 के अन्तर्गत सी० आर० संख्या 27/68 के अन्तर्गत रजिस्टर की गई है। पुलिस जांच चल रही है।

(घ) दीवानी मुकद्दमे की सुनवाई होनी है और फौजदारी मुकद्दमा चल रहा है।

भारत में शूटिंग की गई पश्चिम जर्मनी की फिल्म "बिलविड इंडिया" का नाम "कामसूत्र" रखा जाना

1671. **श्री बाबू राव पटेल :** क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पश्चिम जर्मनी के एक टेलीविजन तथा फिल्म यूनिट, म्यूनिच के कोन्टी फिल्म ने "बीलविड इंडिया" फिल्म तैयार की थी, जिसके कुछ अंशों की भारत में शूटिंग की गई थी और बाद में इसका नाम "कामसूत्र" रखा गया था ; यदि हां, तो क्या इसका विषय एक अश्लील फिल्म के विषय से बेहतर नहीं है ;

(ख) क्या यह सच है कि बर्लिन फिल्म समारोह में "कामसूत्र" पश्चिम जर्मनी की अधिकृत प्रविष्टि थी, परन्तु विवाद से बचने के लिये इसे तुरन्त वहां से हटा लिया गया ;

(ग) विदेशी फिल्म निर्माताओं को भारत में फिल्म बनाने की अनुमति देने की कसौटी क्या है ; और

(घ) क्या केवल फिल्मों के कथानक की ही जांच की जाती है और अन्तिम रूप में तैयार फिल्म की जांच नहीं की जाती ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल): (क) जी, हां । प्राप्त सूचना के अनुसार, वहां के स्थानीय नियमों के संदर्भ में इस फिल्म को अश्लील नहीं समझा गया था ;

(ख) जी नहीं । बर्लिन समारोह में इसकी प्रविष्टि नहीं था । इसे बर्लिन के एक छोटे थियेटर में दिखाया जा रहा था और समारोह चालू होने पूर्व हटा लिया गया था ।

(ग) भारतीय स्थानों की शूटिंग करने की सुविधायें देने से पूर्व स्क्रिप्टों की जांच की जाती है । ऐसी सुविधायें न तो कान्टीफिल्म द्वारा मांगी थी और न ही सरकार द्वारा दी गई थीं ।

(घ) सामान्यत: केवल फिल्म स्क्रिप्टों की ही जांच की जाती है । तथापि, कुछ मामलों में मंजूरी पत्र में यह निर्धारित किया जाता है कि फिल्म को रिलीज किए जाने से पहले उस देश में जिसका शूटिंग दल होगा स्थित भारतीय दूतावास को दिखाया जाएगा ।

दिल्ली में राशनकार्ड धारियों को बासमती चावल की सप्लाई

1672. **श्री यशपाल सिंह :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में राशनकार्ड धारियों को बासमती चावल की सप्लाई बन्द कर दी गई है ; यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि राशनकार्ड धारियों को घटिया चावल उसी दर पर दिया जाता है जिस पर बासमती चावल दिया जाता था ; यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या सरकार का विचार राशनकार्ड धारियों को बासपती चावल देने का है ; और

(घ) यदि हां, तो किस तारीख से और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) परमल चावल के स्टाक की निकासी करने की आवश्यकता और बासपती के कम स्टाक के कारण सितम्बर और अक्तूबर, 1969 के दौरान दिल्ली में खाद्य कार्ड धारियों को बासपती चावल के स्थान पर परमल चावल जोकि बढ़िया चावल ही होता है, दिया गया था ।

(ख) जी नहीं । दिल्ली में उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से दिए जाने वाले बासमती और परमल चावल का खुदरा भाव क्रमश 1.31 रुपये और 1.23 रुपये प्रति किलोग्राम है ।

(ग) और (घ). दिल्ली में नवम्बर, 1969 में खाद्य कार्डधारियों बासपती चावल दिया जा रहा है और अगर इस विशिष्ट किस्म के चावल की उपलब्धि रही तो यही चावल दिया जाता रहेगा ।

Loss to Crop in North Bihar due to 'Madhua' Insects

1673. **Shri Yashpal Singh :**
Shri Gunanand Thakur :

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) the extent to which crops in North Bihar have been damaged by 'Madhua' insects this time ; and

(b) whether Government propose to grant aid to the farmers in the rabi season and postpone the recovery of loan and land revenue from them for the time being, keeping in view with the damage caused to the Kharif Crops ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Co-operation (Shri Annasahib Shinde) : (a) The extent of damage to crops by Jassids (Madhua) in North Bihar is reported to be about 4.6 per cent in affected areas. The total infested area was estimated at 2.61 lakh acres out of 55.60 lakh acres under kharif paddy.

(b) As the damage to crops in the affected areas is considerably less than 50%, there is no proposal for a general postponement of the recovery of outstanding land revenue and loans. Crop loan assistance through co-operative institutions and banks will, however, be available for *rabi* operations.

Minor Irrigation Scheme of Khardah River in Saharsa District of Bihar

1674. **Shri Yashpal Singh :**
Shri Gunanand Thakur :

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state ;

(a) whether it is a fact that production of foodgrains can be much increased, if irrigation facilities are provided under the Small Irrigation Scheme from Kharodah River in Saharsa District of Bihar ;

(b) whether Government propose to make arrangements for supply of water to the peasants from the said river keeping in view the usefulness of Khardah River "Grow More Food" Movement ;

(c) whether it is a fact that the local authorities and the State Government have also recommended the above proposal ; and

(d) if so, the time by which Government propose to make use of the water of the said river for increased production of foodgrains and the details thereof ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Co-operation (Shri Annasahib Shinde) : (a) to (d). The material is being collected from the State Government and will be placed on the Table of the Sabha on its receipt.

Creation of Postal Division in Saharsa, Bihar

*1675. **Shri Yashpal Singh :**
Shri Gunanand Thakur :

Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a demand is being made for many years for a Postal Division in Saharsa ;

(b) whether it is also a fact that Saharsa fulfils all the requisite conditions for opening a Postal Division ;

(c) whether it is also a fact that one of the reasons for not opening a Postal Division in Saharsa is that certain parts of it are governed from Monghyr, certain parts from Darbhanga and others from Purnea ;

(d) whether it is also a fact that a Postal Division in Saharsa is not only necessary but essential keeping in view the fact that it is a border area and also backward ; and

(e) if so, the time by which the office of the Postal Division is likely to be set up in Saharsa ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and Communications (Shri Sher Singh) : (a) A demand was received (in 1968) last year.

(b) No.

(c) Seven small departmental Sub-Offices employing 13 clerks, alongwith its Subordinate Branch Post Offices, in Saharsa District are under Bhagalpur, Monghyr and Darbhanga Postal Divisions. The transfer of these to the Purnea Postal Division under which all the Post Offices under Saharsa Head Post Office call, is under consideration. But even after taking this into account a separate division for Saharsa District is not justified. The clerical staff employed will be only about 108 against the minimum standard of 150 in a Postal Division.

(d) No. It is also not declared a backward area.

(e) Does not arise, as the proposal is not justified.

कृषि मूल्य आयोग की सिफारिश के अनुसार वसूल किये गये अनाज के मूल्य का किसानों को बन्ध पत्रों (बांडों) के रूप में भुगतान

1676. **श्री अर्जुन सिंह भदौरिया** : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कृषि मूल्य आयोग ने यह सुझाव दिया है कि सरकार को किसानों से वसूल किये गये अनाज के मूल्य का कुछ भाग प्रति क्विंटल 5 रुपये के हिसाब से, बन्ध पत्रों (बांडों) के रूप में देना चाहिये ; और

(ख) क्या उनका मन्त्रालय किसी ऐसे प्रस्ताव पर विचार कर रहा है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हाँ ।

(ख) इस प्रस्ताव पर 27-9-1969 को हुए मुख्य मन्त्रियों के सम्मेलन में विचार-विमर्श किया गया था और यह स्वीकार्य नहीं था ।

राष्ट्रीयकृत बैंकों से ऋण लेने के लिये कृषकों द्वारा दी गई रजिस्ट्री फीस तथा मुद्रांक शुल्क

1677. **श्री अर्जुन सिंह भदौरिया** : क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि राष्ट्रीयकृत बैंकों से ऋण लेने में

राज्यों के रजिस्ट्रेशन विभाग की रजिस्ट्री फीस के लिए तथा मुद्रांक शुल्क पर कृषकों को बहुत बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती है और वे इन बैंकों से ऋण लेने में अपने आपको असमर्थ पाते हैं ; और

(ख) क्या सरकार ऋण लेने के लिए इच्छुक कृषकों को परेशानी तथा कठिनाइयों से बचाने के लिए कोई हल निकालने के संबंध में विचार कर रही है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) और (ख). दिसम्बर, 1968 में रिजर्व बैंक आफ इन्डिया द्वारा वाणिज्य बैंकों के माध्यम से कृषि ऋण पर आयोजित सेमिनार की सिफारिश के आधार पर राज्य सरकारों से अनुरोध किया गया था कि सरकारी समितियों के सदस्यों को सहकारी संस्थाओं से उधार लेने में उपलब्ध रजिस्ट्रेशन शुल्क तथा स्टाम्प शुल्क की रियायतें वाणिज्य बैंकों से ऋण लेते समय अन्य कृषकों को भी उपलब्ध की जायें । वर्तमान जानकारी के अनुसार तमिलनाडु सरकार ने सहकारी समितियों के सदस्यों को रजिस्ट्रेशन शुल्क तथा जांच शुल्क पर ऋण भार प्रमाण पत्र देने के विषय में अन्य कृषकों को भी वाणिज्य बैंकों से ऋण लेने के संबंध में इस प्रकार की रियायतें उपलब्ध की है । अन्य राज्य सरकारें रियायतें देने के लिये, अपनी पूर्ण आय की स्थिति तथा राजस्व की संभावित हानि को दृष्टिगत रखते हुये, इन सुझावों पर विचार कर रही है ।

Powerful Transmitter for Leh

1678. **Shri Arjun Singh Bhadoria** : Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state whether a powerful transmitter is proposed to be installed in Leh, Ladakh in the near future so as to conveniently broadcast the Indian news to Tibet and Chinese area ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri I. K. Gujral) : A radio station will be set up at Leh during the Fourth Five Year Plan.

खाद्यान्नों के नियंत्रण पर छूट

1679. **श्री स० चं० सामन्त** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत सितम्बर मास के दूसरे सप्ताह में उन्होने कलकत्ता, बम्बई, मद्रास तथा ऐसे ही अन्य बड़े शहरों में खाद्य वस्तुओं पर नियंत्रण कम करने के लिये कहा था, वह क्या है ;

(ख) उपभोक्ताओं को क्या लाभ पहुंचे हैं ;

(ग) गत वर्ष की अच्छी फसल तथा आगामी वर्ष में अच्छी फसल की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए नियंत्रण में छूट देने की दिशा में क्या उपाय किये जाने का विचार है ; और

(घ) क्या नियंत्रण में छूट देने अथवा नियंत्रण को हटाने के परिणाम स्वरूप खाद्यान्नों तथा अन्य वस्तुओं की कीमतों को स्थिर रखा जा सकेगा ।

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) और (ख). खाद्य तथा कृषि मंत्री ने केवल यही कहा था कि खाद्य स्थिति में सुधार

को देखते हुए वे राशन वाले प्रमुख नगरों में कुछ ढीलें देने की सम्भावना पर विचार कर रहे हैं। तथापि, सितम्बर, 1969 के मध्य से कोई ढीलें नहीं दी गई हैं।

(ग) गत दो वर्षों में खाद्य स्थिति में सुधार होने से नियंत्रण काफी ढीलें कर दिये गये हैं। देश भर में दाल तथा जौ के संचलन पर कोई प्रतिबंध नहीं है। प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों में से अधिकतर क्षेत्रों में मोटे अनाजों के संचलन पर लगे प्रतिबन्ध में ढील दे दी गई है। जम्मू तथा कश्मीर से पश्चिमी बंगाल तक सारे उत्तर भारत में गेहूँ के संचलन पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। फिलहाल नियंत्रणों में कोई और ढील देना उचित नहीं समझा जाता है।

(घ) बाजार में उपलब्धि में वृद्धि होने की स्थिति में नियंत्रणों में ढील देने से सामान्यतः मूल्यों में भारी उतार-चढ़ाव नहीं होता है।

पूर्वी पाकिस्तान से शरणार्थियों का पुनः आना

1680. **श्री हेम बरुआ :**
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
श्री बंशनारायण सिंह :
श्री कंवर लाल गुप्त :

क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ समय पहले भारी संख्या में पूर्वी पाकिस्तान से शरणार्थी पुनः आये हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इस प्रव्रजन के क्या कारण हैं और पाकिस्तान के साथ स्थिति को सामान्य बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) जी, नहीं। जनवरी, 1969 से पूर्वी पाकिस्तान से भारत में प्रव्रजन का वही स्वरूप है जोकि तदनुरूपी अवधि का पिछले वर्ष था।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

Upward Revision of Pay-Scales of Transmission Executives

1681. **Shri Mohan Swarup :** Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) the time since when the case of upward revision of pay-scales of the Transmission Executives of the A. I. R. has been under the consideration of Government ;

(b) the number of representations received by Government from the Transmission Executives during the last three years together with the date of each of the representation ;

(c) the action taken thereon so far ; and

(d) if the above case is still under the consideration of Government, the justification for keeping it pending for such a long time ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) On representations received from Transmission Executives from time to time, the question of revision of their pay scale was considered but dropped in view of Government ban on upward revision of scales.

(c) the information is given in the statement placed on the Table. [*Placed in Library. See* No. LT-3132/69.]

(c) The representationists were last informed through a circular on 4-7-1968 that it was not possible so make any revision in the scale of pay attached to the posts of Transmission Executive in A. I. R.

(d) Does not arise.

Modernization of Farming

1682. **Shri Yashwant Singh Kushwah : Shri R. K. Birla : Shri Beni Shanker Sharma :**

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state :

(a) the detatils of the recommendations made by the Expert Committee constituted under the Chairmanship of Dr. S. R. Sen for the modernization of farming ; and

(b) the steps taken by the Government in this connection ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasaheb Shinde) : (a) A summary of the important recommendations made in the Fourth Report of the Expert Committee on Assessment and Evaluation of the IADP, entitled "Modernising Indian Agriculture", is placed on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT—2133/69]

(b) Copies of the report have been circulated to all State Governments and other concerned organizations for taking necessary action on the recommendations.

So far as the Government of India is concerned, the recommendations have been considered in a series of meetings and the views of the Government are being finalised.

Sino-Pak. Instigation Over Radio Broadcasting to Ladakhi People

1683. **Shri Yashwant Singh Kushwah** : Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a fullfledged anti-India broadcasting campaign has been started in Bodhi and Walter languages by Pakistan and China Radios in order to instigate the Ladakhi people ; and

(b) the steps taken by Government of India in this regard ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) Chinese and Pakistani radio stations broadcast anti-Indian propaganda in Ladakhi, Tibetan and Balti languages.

(b) All India Radio regularly broadcasts programmes in Ladakhi from Srinagar. It is also proposed to introduce programmes in Balti which is spoken in the Kargil area and is slightly different from Ladakhi. Besides, a Radio Station is being set up at Leh for broadcasts in Ladakhi and other dialects.

Ground Stations under Intelsat-3 (International Telecommunications Satellite Cooperation) Programme

1684. **Shri Yashwant Singh Kushwah** : Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) the time by which the ground stations to be established in India under 'Intelsat-3' (International Telecommunications Satellite Cooperation) Programme are expected to be established and their location ; and

(b) the brief details of the achivements attained so far by the above said 'Intelsat' ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri Sher Singh) : (a) The Satellite Communications Ground Station at Arvi near Poona is expected to be completed by end of February, 1970. This is the only Satellite Communications Ground Station which is being set up in India for the present for working with the INTELSAT-III Satellite over the Indian Ocean.

(b) The International Telecommunications Satellite Consortium, INTELSAT for short, is responsible for the design, development, construction, establishment, maintenance and operation of the Space Segment of the Global Commercial Communications Satellite System. The INTELSAT launched the world's first communications satellite known as INTELSAT-I, also named "Early Birds" in April, 1965. A series of four satellites were launched under the INTELSAT-II Programme, two in the Pacific and one in the Atlantic Ocean ; one satellite failed to activate. Under the INTELSAT-III Programme, four more satellites were launched one each over the Indian, Pacific and Atlantic Ocean ; one satellite in this series also failed to activate. With the launching of these satellites, world-wide communications through the satellite system have become available for providing international telegraph, telephone, telex and television facilities.

Employment to Unemployed Villagers

1685. **Shri Yashwant Singh Kushwah** : Will the Minister of **Labour and Rehabilitation** be pleased to state whether there is a proposal under consideration of Government to register the names of the large number of unemployed villagers in their respective village in order to provide employment to them ?

The Minister of State in the Ministry of Labour, Employment and Rehabilitation (Shri Bhagwat Jha Azad) : No However, there are 183 Employment Information and Assistance Bureaux functioning in selected Community Development blocks in the country where unemployed villagers can seek employment assistance.

Talks on Bank Nationalisation and Rabat Conference Relayed from A.I.R.

1686. **Shri Ram Swarup Vidyarthi** : **Shri Kanwar Lal Gupta** :
Shri Bansh Narain Singh :

Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) the number of talks, discussions and commentaries in respect of bank nationalisation and Rabat Conference relayed from A.I.R. and the number of time such news were broadcast in the news bulletins ; and

(b) the details of rules framed regarding the number of talks to be broadcast on a particular subject ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) The number of talks, discussion and commentaries on bank nationalisation and Rabat Conference as broadcast from All India Radio is respectively 522 and 62. It is, however, difficult to give the number of times each of those items was broadcast in the news, as it would require scanning of thousands of bulletins.

(b) The number of broadcast talks on a given subject depends on the importance of the subject and the period for which the subject is of interest in the country.

सूरतगढ़ फार्म (राजस्थान) की फसल को क्षति

1687. **श्री नवल किशोर शर्मा :** क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सूरतगढ़ (राजस्थान) फार्म की खड़ी फसल की भारी क्षति हुई है ;

(ख) क्या फसल को हुई इस क्षति का सीधा कारण यही था कि उचित समय पर पर्याप्त कार्यवाही नहीं की गई ; और

(ग) यदि हां, तो कितनी हानि हुई तथा क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) से (ग). जी, नहीं । चने के कुछ खेतों पर खेती को काट डालने वाले कीड़ों (एग्रोटिस) का मामूली आक्रमण हुआ था । कीड़ों के दिखाई देने पर तुरन्त ही समस्त चने के खेतों में बी०एच०सी०-10 प्रतिशत का छिड़काव करके हानि को रोक दिया गया । केवल नाम मात्र हानि हुई है ।

चीनी का निर्यात तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसके मूल्य में गिरावट

1688. **श्री मि० सू० मूर्ति :** क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अन्तर्राष्ट्रीय चीनी बाजार में मंदी है ;

(ख) यदि हां, तो इसका हमारे चीनी के निर्यात पर क्या प्रभाव पड़ा है ;

(ग) वर्ष 1969-70 तथा 1970-71 में निर्धारित मात्रा में चीनी निर्यात करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ; और

(घ) अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में चीनी के मूल्य में कितनी गिरावट आई है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) मूल्य कम हैं लेकिन हाल में मामूली बढ़ोत्तरी का रुख आया है ।

(ख) चीनी के अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य कम होने के कारण भारत से चीनी के निर्यात से हानि होती है और इस पर बहुत ही अधिक राज सहायता देनी पड़ती है । एक वर्ष चीनी के निर्यात की मात्रा निश्चित करते समय इस तथ्य को भी ध्यान रखा जाता है ।

(ग) निर्यात के लिए चीनी की बिक्री पंचांग वर्ष के आधार पर की जाती है । 1969 में 0.94 लाख मीटरी टन चीनी का निर्यात किया गया है । 1970 के लिए चीनी निर्यात की नीति विचाराधीन है ।

(घ) लंदन डेली प्राइस जोकि चीनी के मूल्य का अन्तर्राष्ट्रीय सूचकांक है, में भारी अन्तर है जैसा कि निम्नलिखित सारणी से स्पष्ट है :—

वर्ष	वार्षिक औसत लंदन डैली प्राइस प्रति टन लागत भाड़ा सहित यू०के० 96 आधार
1963	71.70
1964	51.11
1965	21.51
1966	17.87
1967	19.35
1968	21.83

पहली जनवरी, 1969 से अन्तर्राष्ट्रीय चीनी करार के अस्तित्व मे आने के बाद लंदन डैली प्राइस अक्तूबर, 1968 के 17.25 पौंड से बढ़कर अक्तूबर, 1969 में 34.00 पौंड प्रति टन लागत भाड़ा सहित यू०के० 96 आधार हो गयी थी ।

अनिकापल्लि मे (आन्ध्र प्रदेश) में मैक्स (मेन आटो एक्सचेंज) की स्थापना

1689. **श्री मि० सू० मूर्ति** : क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अनिकापल्लि, आन्ध्र प्रदेश में एक मैक्स (मेन आटो एक्सचेंज) स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है क्योंकि यह एक बड़ा व्यापार केन्द्र और बढ़ता हुआ नगर है ; और

(ख) यदि हां, उसका काम कब आरम्भ होने की संभावना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री शेर सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) प्रस्तावित एक्सचेंज की स्थापना का काम 1970-71 की प्रथम तिमाही मे आरम्भ हो जायेगा ?

विशाखापत्तनम में कर्मचारी राज्य-बीमा अस्पताल

1690. **श्री मि० सू० मूर्ति** : क्या श्रम तथा पुनर्वास मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि आन्ध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम में मल्कापुरम स्थान पर एक कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल और कर्मचारियों के क्वार्टरों के निर्माण पर 40 लाख रुपये व्यय हुए हैं ?

(ख) क्या यह भी सच है कि कुछ कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी लेकिन उपकरणों के अभाव के कारण अस्पताल खोलने के लिये डाक्टरों की नियुक्ति नहीं की गई ;

(ग) क्या सरकार के विचार से अस्पताल का कार्य चलाने के लिए चार लाख रुपये की अतिरिक्त धन राशि पर्याप्त होगी ;

(घ) यदि हां, तो उक्त धन राशि की व्यवस्था करने और डाक्टरों की नियुक्ति करने में विलम्ब के क्या कारण है और कब तक व्यवस्था की जायेगी ?

श्रम, रोजगार और पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने निम्नलिखित सूचना भेजी है :

(क) मल्कापुरम में 36.20 लाख रुपये की स्वीकृत लागत पर एक 110 पलंगों के कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल और कर्मचारियों के क्वार्टरों का निर्माण किया जा रहा है ।

(ख) जी नहीं ;

(ग) और (घ). आन्ध्र प्रदेश की सरकार ने, जो कि इस प्रयोजना को लोक निर्माण विभाग से पूर्ण करवा रहे हैं, कर्मचारी राज्य बीमा निगम के स्वीकृत लागत में 4.16 लाख रुपये की वृद्धि करने की प्रार्थना की है । कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने राज्य सरकार से इस प्रस्ताव के औचित्य को बताने वाली कुछ अतिरिक्त सूचना भेजने की प्रार्थना की है । उत्तर की प्रतीक्षा की जा रही है । जब भवन उपयोग के लिए तैयार हो जायेगा तभी चिकित्सा कर्मचारियों की नियुक्ति की जा सकती है ।

Experiments for Evolution of High-Yielding and Tasty Varieties of Paddy

1691. **Shri K. M. Madhukar** : Will the Minister of Food and Agriculture be pleased to state :

(a) whether Government agree with the view that scientific research and experiments should persistently continue for the evolution of high yielding and tasty Paddy varieties with a view to meeting the country's needs of rice ;

(b) if so, whether any further progress has been made in this direction after the evolution of Japa, Padma, Taichung Native and IR varieties ;

(c) if so, the details thereof ; and

(d) if not, the reasons therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasaheb Shinde) : (a) Yes. It is well appreciated that the research and experiments should continue for the development of high yielding and more palatable paddy varieties which appeal to the Indian taste. The emphasis is being laid on the both the production potential of the varieties as well as their quality. Research programme under All-India Coordinated Scheme on Rice as well as at the Central Rice Research Institute, Cuttack and IARI is directed to the development of fine Basmati-like varieties to achieve this end.

(b) The researches have led to the development of fine varieties, Basmati-like, which have slender grain and have better quality than IR-8, Taichung Native I and Jaya Padma or similar other varieties which have been released in recent years.

(c) BC. 5, BC. 6 and BBS. 873 are such varieties which are of fine quality and resemble Basmati in grain shape. They have been developed by IARI and All India Coordinated Rice Project. Further tests are being carried out for studying their adaptibility and suitability for different areas. Andhra Pradesh Agriculture University has developed another fine variety *Hamsa* which has become quite popular in some parts of Andhra Pradesh. Further research is in progress to develop even better varieties than the above mentioned ones.

(d) Does not arise.

Distribution of Fallow Land in Bihar During Gandhi Centenary Year

1692. **Shri K. M. Madhukar** : Will the Minister of Food and Agriculture be pleased to state :

(a) the number of families to whom Government fallow land has been distributed in Bihar during the Gandhi Centenary year ; the number of people who have benefited therefrom and the total acreage of Government land that remains to be distributed or consolidated ;

(b) whether the said distribution is not a necessary step towards agricultural progress and social justice ; and

(c) if so, the concrete steps proposed to be taken by Government in this regard ?

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasaheb Shinde) : (a) to (c). According to available information, an area of about 22,79,899 acres of land in Bihar have been classified as culturable waste-land. It has been the declared policy of the State Government to settle landless Harijans, Scheduled Tribes and backward communities on culturable wasteland and agricultural land in rural areas. Five acres are given for agricultural purposes and one-eighth of an acre for homestead purposes. This policy is being followed by the Government of Bihar in the Gandhi Centenary Year in the form of a special campaign. Instructions have been issued to the District officers to accelerate the progress of settlement. The details as to how much land have been settled in the Gandhi Centenary Year are not readily available with the Government of Bihar, but on the basis of reports so far received, an area of about 1,81,918 acres has been settled with 1,13,135 families.

गांधी शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय कार्यक्रमों की संख्या

1693. **श्री ए० श्रीधरन :**
डा० सुशीला नैयर :
श्री यमुना प्रसाद मंडल :
श्री क० लक्कप्पा :
श्री एस० एम० कृष्ण :

क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गांधी शताब्दी वर्ष के सिलसिले में आकाशवाणी के विभिन्न केन्द्रों से कितने राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रसारित किये गये ; और

(ख) प्रत्येक आकाशवाणी केन्द्र द्वारा उक्त प्रसारणों को कितना समय दिया गया ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) 1 अक्तूबर, 1969 से 20 नवम्बर, 1969 तक ।

(ख) दिल्ली से प्रसारित किये जाने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम सभी केन्द्रों द्वारा रिले किये जाने के लिये उपलब्ध हैं, परन्तु इस बात का पता नहीं है कितने केन्द्रों ने 31 कार्यक्रमों में से किस किस को रिले किया । अपेक्षित जानकारी एकत्र की जा रही है और उपलब्ध होने पर सदन की मेज पर रख दी जायेगी ।

पूर्वी पाकिस्तान के शरणार्थियों का अन्दमान और निकोबार द्वीपसमूहों में पुनर्वास

1694. **श्री समर गुह** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा स्थापित अन्दमान और निकोबार द्वीप समूहों के

लिये तुरन्त विकास कार्यक्रम सम्बन्धी अन्तर विभागीय दल ने यह सुझाव दिया था कि फरवरी, 1965 में अन्दमान और निकोबार द्वीपसमूहों की यात्रा करने के बाद पूर्वी बंगाल के 75,000 शरणार्थियों को 1971 तक पूर्ण रूप से बसाया जाना चाहिये तथा आगामी पांच वर्षों की अवधि में 150,000 और शरणार्थियों को बसाया जाना चाहिये ।

(ख) यदि हां, तो चौथी पंचवर्षीय योजना में इन द्वीप समूहों में केवल 600 शरणार्थी परिवारों अथवा 3,000 लोगों को बसाने का लक्ष्य सरकार ने क्यों बनाया है ;

(ग) क्या उपयुक्त दल ने चौथी पंचवर्षीय योजना अवधि में मध्य अन्दमान, हेतापुर काचमैंट, लिटल अन्दमान, नेती, हैवलक, रटलैण्ड, मंगरोब फारेस्ट, कच्चाल ग्रेट निकोबार, मानकौराई, कामोरटा, ट्रिंकट द्वीपसमूहों में 45,300 एकड़ भूमि तथा अगली योजना अवधि में 81,000 एकड़ और भूमि को कृषि योग्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया था ; और

(घ) यदि हां, तो इन द्वीपसमूहों में शरणार्थी बसाने के लक्ष्य पूरे न कर सकने के क्या कारण है ?

श्रम, रोजगार, तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) से (घ). एक विवरण सभापटल पर रख दिया गया है । [ग्रन्थालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 2134/69]

पूर्वी पाकिस्तान से आये शरणार्थियों को अन्दमान तथा निकोबार द्वीप-समूह में बसाने के लिये भूमि को खेती योग्य बनाया जाना

1695. श्री समर गुह : क्या श्रम तथा पुनर्वास मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या "लिटल अन्दमान" द्वीप में 284 वर्गमील चपटा भूमि को कृषि योग्य बनाया जा सकता है ;

(ख) क्या इस द्वीप में कृषि योग्य बनाये जा सकने वाली 60,000 एकड़ भूमि पर, 5 एकड़ प्रति परिवार के आधार पर कम से कम 12,000 परिवारों को बसाया जा सकता है जब कि वहां पर अब तक केवल 26 परिवारों को ही बसाया गया है ;

(ग) यदि हां, तो शरणार्थियों के वहां पर बसाये जाने में इस विलम्ब के क्या कारण हैं ;

(घ) क्या पूर्व पाकिस्तान से आये शरणार्थी पहले अन्दमान और निकोबार द्वीप में जाकर बसने के अनिच्छुक थे किन्तु अब वहां पर पुनर्वास की अच्छी सम्भावना होने के कारण वे वहां जाने के लिये बिल्कुल तैयार है ; और

(ङ) सरकार इन द्वीपों में बड़ी संख्या में बसने के लिये उनकी पूरी सुविधायें क्यों नहीं दे रही है और क्या ऐसी खेती योग्य बनाई गई भूमि की कमी के कारण अथवा इन द्वीपों में शरणार्थियों के पुनर्वास के सम्बन्ध में सरकार की नीति में परिवर्तन के कारण है ?

श्रम, रोजगार, तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क)

जी, नहीं। लिटल अन्दमान द्वीप का क्षेत्र 282.4 वर्गमील है ; इस लिये, यह कहना ठीक न होगा कि द्वीप में उद्धार करने योग्य चपटी भूमि का क्षेत्र 284 वर्गमील है।

(ख) अनुमान है कि इस द्वीप में उपनिवेशन के लिये लगभग 60,000 एकड़ भूमि उपलब्ध होगी। अन्य स्थानों में सरकार के अनुभव से प्रतीत होता है कि उद्धार किये गये क्षेत्र में से लगभग 20% क्षेत्र सामुदायिक सुविधाओं-जैसे कि सड़कों, क्रीड़ा स्थलों के लिये खुले स्थानों, चराई, प्रशासनिक भवनों, स्कूलों, हस्पतालों औषधालयों, ग्रामीण टैकों, सिंचाई इत्यादि-के लिये आवश्यक होता है। इसके अतिरिक्त, जब तक विस्तृत भूमि सर्वेक्षण नहीं किया जाता, यह नहीं कहा जा सकता कि उद्धार किये गये क्षेत्र का सारा शेष भाग खेती करने के योग्य होगा। द्वीप के विस्तृत सर्वेक्षण तथा उसमें उपनिवेशन के अन्य उपायों के लिए योजनाऐं बनाई जा रही हैं। विभिन्न आबाजाही शिविरों में रहने वाले पूर्वी पाकिस्तान से आये जिन प्रवासी परिवारों ने पिछले वर्ष तक अन्दमान तथा निकोबार द्वीपों में जाने की इच्छा प्रकट की थी, उन्हें पहले ही उन द्वीपों में भेजा जा चुका है।

(ग) लिटल अन्दमान द्वीप में शरणार्थियों के पुनर्वास में कोई परिचार्य देर नहीं हुई है। जैसा कि उपरोक्त (ख) के उत्तर में कहा गया है, आवाजाही शिविरों में रहने वाले उन सभी परिवारों को जिन्होंने पिछले वर्ष तक अन्दमान तथा निकोबार द्वीपों में जाने की इच्छा प्रकट की थी वहां भेजा जा चुका है। चालू वर्ष में 16 परिवारों ने वहाँ जाने की इच्छा प्रकट की है ; उन्हें आगामी कार्यकाल के अन्तर्गत अन्दमान तथा निकोबार द्वीपों में भेज दिया जायेगा।

(घ) सरकार की अन्दमान तथा निकोबार द्वीपों में पुनर्वास देने की पेशकश पर आवाजाही शिविरों में रह रहे पूर्वी पाकिस्तान से आये प्रवासी परिवारों की प्रतिक्रिया से यह प्रकट नहीं होता कि वह उन द्वीपों में जाने के लिये सामान्यत: इच्छुक हैं।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

ग्रेटर निकोबार द्वीप समूह में भूतपूर्व सैनिकों तथा शरणार्थियों का बसाया जाना

1696. **श्री समर गुह** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत सरकार के अन्तर विभागीय दल के प्रतिवेदन के अनुसार ग्रेटर निकोबार में लगभग 18,800 एकड़ भूमि कृषि योग्य बनाई जा सकती है जिसमें से, 1,500 एकड़ धान की खेती के लिये उत्तम है और शेष नारियल सुपारी और फलों की खेती के लिये ;

(ख) यदि हां, तो क्या कम से कम 2,000 परिवारों को वहाँ बसाया जा सकता है परन्तु केवल 69 भूतपूर्व सैनिकों के परिवारों को वहां अब तक बसाया गया है ;

(ग) क्या इस द्वीप में पुनर्वास कार्य की गति तीव्र करने के लिये कार्यवाही की जायेगी ;

(घ) क्या भूतपूर्व सैनिकों के साथ साथ पूर्वी बंगाल से आये शरणार्थियों और बर्मा और

लंका से आये भारतीयों को भी वहां पर बसाने का विचार है ताकि अन्दमान की तरह वहां पर भी एक मिश्रित समाज का विकास किया जा सके ; और

(ङ) यदि हां, तो ऐसे विकास की क्या योजना है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) अन्दमान तथा निकोबार द्वीपों के विकास संभाव्य का मूल्यांकन करने के लिये जो अन्तर्विभागीय दल गठित किया गया था, उसके अनुसार ग्रेट निकोबार द्वीप में उद्धार करने के लिये 15,000 एकड़ क्षेत्र उपलब्ध होने का अनुमान है । तथापि, इससे पूर्व 1960 में जो सर्वेक्षण किया गया था उसके अनुसार, इस द्वीप में लगभग 18,800 एकड़ भूमि का उद्धार हो सकने का अनुमान था । यह अनुमान लगाया गया था कि इसमें से लगभग 1,500 एकड़ धान की फसल के लिये और शेष भूमि आर्कानट तथा कोकोनट (नारियल) रोपण के लिये उपयुक्त होगी ।

(ख) से (ङ). इस द्वीप में कृषि तथा बागान के लिये भूमि की उपयुक्तता स्थापित करने, कृषि तथा बागान के प्रयोजन के लिये प्राप्य क्षेत्र सुनिश्चित करने और बताने, तथा सिंचाई के संभाव्य इत्यादि के सम्बन्ध में इस क्षेत्र का विस्तृत सर्वेक्षण करना अभी शेष है । इस द्वीप में बड़े पैमाने पर उपनिवेशन करने से पूर्व, सभ्य रहन-सहन के लिये कुल इन्फ्रास्ट्रक्चर (स्थापना) नये सिरे से बनाना पड़ेगा । अन्दमान तथा निकोबार द्वीप समूह के अन्य द्वीपों तथा मुख्य भूमि के साथ संचार सुविधाएँ अधिक सन्तोषप्रद आधार पर स्थापित करनी होंगी । "कैम्पबैल बे" में घाट के कार्य को पूरा करने का काम हाथ में ले लिया गया है और इसमें कुछ प्रगति भी हुई है । भूतपूर्व सैनिकों के 100 परिवार बसाने की एक मार्गदर्शी परियोजना पिछले वर्ष मंजूर की गई थी जिसके अन्तर्गत 69 परिवार द्वीप में भेजे गये हैं । शेष परिवारों को आने वाले शुष्क मौसम में वहाँ भेजा जायेगा । 1971 तक भूत-पूर्व सैनिकों के अन्य 100 परिवारों को इस द्वीप में भेजे जाने की योजना तैयार की जा रही है । आवश्यक परिवहन सुविधाओं का निर्माण हो जाने तथा सभ्य जीवन के लिये प्रत्येक प्रकार की सुविधा की स्थापना करने के उपरान्त, द्वीप में उपनिवेशन के लिये पूर्ण कार्यक्रम तैयार किया जायेगा । वर्तमान उपनिवेशी उन भूत-पूर्व सैनिक परिवारों में से चुने गये हैं जिन्हें पुनर्वास की आवश्यकता है । तथापि इसका यह अभिप्राय नहीं है कि इस द्वीप का उपनिवेशन सरकार केवल भूत-पूर्व सैनिकों के परिवारों तक ही सीमित रखेगी । इसके अतिरिक्त, यदि चुनाव केवल भूत-पूर्व सैनिकों के परिवारों तक ही सीमित रखा जाये तो भी इससे द्वीप में सर्वदेशीय समाज की स्थापना में कोई बाधा नहीं होगी क्योंकि भूत-पूर्व सैनिकों के परिवार देश के सभी भागों से आते हैं ।

अन्दमान में बसे शरणार्थियों की समस्यायें

1697. **श्री सगर गुह** : क्या श्रम तथा पुनर्वास मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अन्दमान द्वीप समूह में बसाये गये पूर्वी बंगाल के शरणार्थियों को, यद्यपि वे उचित पुनर्वास की संभावना से प्रसन्न हैं, कुछ समस्याओं अर्थात् भूमि को खेती योग्य बनाने की धीमी गति, भू-संरक्षण के लिये समुचित उपायों का अभाव, पास के अन्य क्षेत्रों से आने वाले

जंगली सूअरों और हिरणों द्वारा धान की बोई गई फसल नष्ट किये जाने का निरन्तर खतरा, उनके कृषि उत्पादों के लिये परिवहन सुविधाओं की कमी, सड़क, जहाज और संचार सुविधाओं की कमी, उनके स्कूलों में पर्याप्त संख्या में अध्यापकों का न होना, अस्पताल और डाक्टरों की कमी, बसने वालों के प्रत्येक परिवार के लिये भूमि के वितरण की असमान नीति जिसके अन्तर्गत कुछ मामलों में 10 एकड़ और अन्य मामलों में 5 एकड़ भूमि दी जाती है, रोजगार सुविधाओं की कमी और पुनर्वास ऋणों की वसूली के लिये दबाव डाला जाना ; और

(ख) यदि हां, तो इसद्वीप समूह में शरणार्थियों के उचित, शीघ्र उपयुक्त पुनर्वास के हेतु इन कठिनाईयों को दूर करने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) और (ख). पूर्वी पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियों के परिवारों को संघ शासित क्षेत्र, अन्दमान तथा निकोबार द्वीपों में उस क्षेत्र सम्बन्धी 1949 में चालू की गई उपनिवेशन योजना के अन्तर्गत और फिर 1964 में शुरू किये गये त्वरित विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत बसाया गया। पहले बसाये गये लोगों का पुनर्वास हर पहलू से पूर्ण हो चुका है। और वे संघी क्षेत्र में पहले से ही रहने वाले समुदाय के साथ पूरी तरह घुल मिल गये हैं। जहां तक भूमि के असमान वितरण की शिकायत का सम्बन्ध है, जानकारी एकत्रित की जा रही है और सभा की मेज पर रख दी जायेगी। पूर्व बसाये गये शरणार्थियों के जत्थों के पुनर्व्यवस्थापन को सुगम करने के लिये उनको कुछ ऋण दिये गये थे और उन परिवारों से प्रशासन की सामान्य रीति के अनुसार वह ऋण वसूल किये जा रहे हैं। इन ऋणों को बट्टे खाते में डालने के बारे में समय समय पर मांगें की गई हैं किन्तु सरकार के लिये ऐसी मांगों को मानना संभव नहीं हो सका। वे परिवार, जो हाल ही में चालू किये गये त्वरित विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत बसाये गये हैं, अभी पूर्ण रूप से नहीं बस पाये हैं। उनके पुनर्वास के लिये जो प्रशासनिक मशीनरी स्थापित की गई हैं, वह उन्हें उनके दिन प्रतिदिन की उन समस्याओं के सम्बन्ध में जिनका वह प्रायः स्वयं निजी साधनों द्वारा समाधान नहीं कर पाते, आवश्यक सुविधाएं प्रदान कर रही है बसाये गये व्यक्तियों को पूर्ण रूप से उद्धार की गई भूमि दी जाती है। इन भूमियों के सम्बन्ध में भूमि संरक्षण उपाय किये जा रहे हैं ; इस बारे में उचित उपायों में बसाये गए व्यक्तियों को स्वयं भी आवश्यक योगदान देना होगा। इन सभी उपनिवेशनों में सड़कों और समुद्र संचार की पर्याप्त मात्रा में व्ययस्था की गई है और प्रगति पूर्वक इस में सुधार किया जा रहा है बसाए गए व्यक्तियों को चिकित्सा तथा उनके बच्चों के लिये स्कूलों की सुविधाएं पहले से दी जा रही हैं ; दूरस्थ तथा नये खोले गये क्षेत्रों में, इन के स्तर मुख्य भूमि के विकसित क्षेत्रों के स्तर के बराबर सदैव नहीं है किन्तु ये सुविधाएं अपर्याप्त नहीं है। बसाये गये व्यक्तियों को कृषि सम्बन्धी सभी वस्तुएं दी जा रही है और पर्याप्त कृषि विस्तार सेवा स्थापित कर दी गई है। मुख्य भूमि के विभिन्न भागों की तरह इन द्वीपों में भी जंगली सूअरों तथा हिरणों का खतरा है। बसाये गए व्यक्तियों को उत्साह दिया गया है कि वे पर्याप्त सावधानी रखें जिससे कि वे इन पीड़िक जन्तुओं से अपनी फसलों की हानि को बचा सकें। बसाये गए व्यक्ति प्रसन्न तथा सन्तोषप्रद जीवन बिता रहे हैं और आशा की जा सकती है कि एक या दो वर्ष की अल्प अवधि में, वे भी पूर्व बसाये गए व्यक्तियों की तरह अपनी आवश्यकताओं का ध्यान रखने योग्य हो जायेंगे।

Exclusion of News of Bank Nationalisation from Hindi Bulletins

1698. **Shri Prakash Vir Shastri** : Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) whether the news in respect of proclamation of the ordinance regarding bank nationalisation was excluded from the Hindi Bulletin ;

(b) whether it is also a fact that the said news had been broadcast in the regional language bulletins broadcast prior to the Hindi Bulletin ;

(c) whether it is also a fact that in the English news Bulletin, broadcast immediately after the Hindi Bulletin, the said news got first place ;

(d) if so, whether the order to exclude the said news from the Hindi Bulletin was issued to make the Hindi Bulletin insignificant ; and

(e) whethr it is a fact that the pro-English officers had made the Hindi Bulletins in respect of one or two items insignificant in this manner previously also ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) Yes, Sir.

(b) Yes, Sir. In Punjabi, Kannada, Marathi and Gujarat bulletins.

(c) Yes, Sir.

(d) No, Sir.

(e) No, Sir.

ग्रामीण क्षेत्रों में नये डाकघर खोलना

1699. **श्रीमती सुशीला रोहतगी** : क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ग्रामों में नये डाकघर खोलने के सम्बन्ध में सरकार की नीति क्या है ;

(ख) क्या ग्राम पंचायतों के सभी प्रधान कार्यालयों में डाकघरों का व्यवस्था करने के सम्बन्ध में एक योजनाबद्ध कार्यक्रम बनाया गया है ; और

(ग) यदि हां, तो इस कार्यक्रम की मुख्य-मुख्य बातें क्या हैं ?

सूचना और प्रसारण तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री शेर सिंह) : (क) से (ग), ग्रामीण इलाकों में नए डाकघर खोलने के बारे में सरकार की नीति सभापटल पर दिये गए विवरण में दी गई है।

मौजूदा स्थिति यह है कि यदि अनुबन्ध में दिए गए विभागीय मानक पूरे हों, तो ग्राम पंचायत के मुख्यालयों में डाकघर खोले जा सकते हैं। जो गांव ग्राम पंचायतों के मुख्यालय हैं, वहां घाटे की कुछ वित्तीय सीमाओं की शर्तों को ध्यान में रखते हुए, विभिन्न चरणों में डाकघर खोलने के लिए एक अलग योजना विचाराधीन है। [**ग्रन्थालय में रखा गया । देखिये** संख्या एल० टी० 2135/69]

आयातित चावल के लिए राज्य सहायता

1700. **श्रीमती सुशीला रोहतगी** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बढ़िया किस्म के आयातित चावल को भी राज्य सहायता दी जा रही है ;

(ख) यदि हां, तो राज्य सहायता की दर प्रति क्विंटल क्या थी ; और

(ग) मोटे चावल को दी जाने वाली प्रति क्विंटल राज्य सहायता की दर की तुलना में यह कितनी है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहब शिन्दे) : (क) विदेशों से आयात किया गया चावल आमतौर पर मोटा चावल होता है। केवल हाल ही में पी० एल० 480 करार के अन्तर्गत संयुक्त राज्य अमेरिका से बेहतर किस्म के चावल का कुछ स्टाक प्राप्त हुआ है। क्योंकि आयातित चावल के निर्गम मूल्य चाहे वह मोटा या बढ़िया चावल हो, देसी चावल की तुलनात्मक किस्मों के स्तर पर रखे जाते हैं और तथ्य यह है कि आयातित चावल देसी चावल से महंगा होता है, इसलिये बढ़िया तथा मोटे आयातित चावल के वितरण में राजसहायता निहित होती है।

(ख) आयातित बढ़िया चावल के बारे में लगभग 31.00 रुपये प्रति क्विंटल।

(ग) आयातित मोटे चावल के मामले में निहित राजसहायता लगभग 23.00 रुपये प्रति क्विंटल है।

सोयाबीन को पण्योपयोगी बनाने, उसके उपयोग तथा विपणन सम्बन्धी सम्मेलन

1701. **श्रीमती सुशीला रोहतगी** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका ध्यान सोयाबीन को पण्योपयोगी बनाने, उसके उपयोग तथा विपणन के सम्बन्ध में हाल में नैनीताल में हुए अखिल भारतीय सम्मेलन की ओर दिलाया गया है ; और

(ख) क्या सरकार को इस सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हां।

(ख) जी नहीं।

इंजीनियरिंग स्नातकों को रोजगार दिलाने के लिए प्रशिक्षु अधिनियम, 1961 में संशोधन

1703. **श्री अदिवचन** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार प्रशिक्षु अधिनियम, 1961 में संशोधन करने के किसी प्रस्ताव पर

विचार कर रही है ताकि इंजीनियरी स्नातकों को तथा डिप्लोमाधारियों को रोजगार प्राप्त करने में सुविधा प्राप्त हो सके;

(ख) यदि हां, तो प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है तथा उस पर क्या निर्णय किया गया है; और

(ग) आवश्यक विधान कब लाया जायेगा।

श्रम, नियोजन और पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) (क) जी हां।

(ख) और (ग) विवरणों को सम्बन्धित हितों से विचार-विनिमय द्वारा अन्तिम रूप दिया जा रहा है।

चीनी उद्योग का राष्ट्रीकरण

1704. **श्री अविचन :** **श्री प्रेमचंद वर्मा :**
श्री राम सेवक यादव :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री ने चीनी उद्योग के राष्ट्रीकरण के बारे में केन्द्रीय आदेश प्राप्त करने के लिए प्रधान मंत्री को एक पत्र लिखा था;

(ख) यदि हां, तो पत्र में क्या लिखा था; और

(ग) इस संबंध में क्या केन्द्रीय निर्देश दिये गये है?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिंदे) : (क) और (ख) : उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री ने प्रधान मंत्री को भेजे गये अपने पत्र में यह सुझाव दिया कि विचार-विमर्श द्वारा चीनी उद्योग के राष्ट्रीकरण के प्रश्न पर एक अखिल भारतीय नीति तैयार की जानी चाहिए और वे ऐसी नीति का स्वागत करेंगे।

(ग) इस विषय के विभिन्न पहलुओं की जांच हो रही है।

A. I. R. Station for Kota

1705. **Shri Onkar Lal Berwa :** Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Radio Stations are functioning in several Districts of Rajasthan ;

(b) the basis on which the provision of a Radio Station is made ; and

(c) the reasons for not making provision of a radio station in Kota, Rajasthan ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) There are five transmitting Centres in Rajasthan, namely, at Jaipur, Bikaner, Udaipur, Ajmer and Jodhpur.

(b) Location of Radio Station is decided keeping in view considerations of public policy, area, population language and culture of the region concerned, its seat of administration, availability of talent and technical feasibility.

(c) The Radio Stations at Ajmer and Indore provide adequate broadcast coverage to the Kota region.

Non-delivery of Evening Mail marked as 'Express Delivery in Kotah, Rajasthan

*1706. **Shri Onkar Lal Berwa :** Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the evening mail marked as 'Express Delivery' is not delivered in Kotah, Rajasthan ;

(b) whether it is also a fact that arragements exist in other cities for delivering such mail ; and

(c) if so, the reasons for not delivering the mail when the Frontier Mail arrives there at half-past eleven ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broodcasting and in the Department of Communications (Shri Sher Singh) : (a) No. Mails received upto 16.16 hours by Frontier Mail are included in the evening delivery.

(b) Yes.

(c) Does not arise.

शीतलपुर चीनी मिल, बिहार, श्रमिकों को मजूरी का भुगतान

1707. **श्री वेणी शंकर वर्मा** : क्या **खाद्य तथा कृषि मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिहार के जिला मुजफ्फरपुर में गारौल स्थित शीतलपुर चीनी मिल गत दो वर्षों से बन्द पड़ी है जिसके कारण 1200 बेरोजगार हो गये हैं;

(ख) क्या यह भी सच है कि श्रमिकों को गत दो वर्षों मजूरी नहीं दी गयी है;

(ग) यदि हां, तो क्या श्रमिकों अथवा प्रबन्धकों से वित्तीय सहायता के लिए कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है;

(घ) क्या उस पर विचार किया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले हैं?

खाद्य कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिंदे) : (क) जी हाँ ।

(ख) जी हां ।

(ग), (घ) से (ङ) : राज्य सरकार को वित्तीय सहायता के लिए मैनेजमेंट से एक अभ्यावेदन मिला है और चालू मौसम के दौरान उसके कार्य चालन की सम्भावना को समुचित रूप से ध्यान में रखकर राज्य सरकार उस पर विचार कर रही है ।

उपग्रह संचार व्यवस्था

1708. **श्री वेणी शंकर शर्मा :** क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश भर में 1976 तक उपग्रह संचार व्यवस्था स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है; और

(ग) इस मामले में क्या कार्यवाही की गयी है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) से (ग) : मामले की जांच की जा रही है तथा निर्णय करने में अभी कुछ समय लगेगा ।

गांधी जी के श्रम सम्बंधी सिद्धान्तों का प्रचार करने के लिए एक श्रम अध्ययन संस्थान की स्थापना करना

1709. **श्री वेणी शंकर शर्मा** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय श्रम अध्ययन संस्थान द्वारा सितम्बर, 1969 के अन्त में नई दिल्ली में "गाँधी जी और श्रमिक" विषय पर आयोजित की गयी दो दिन की विचार गोष्ठी में यह विचार किया गया था कि गांधी के श्रम संबंधी सिद्धान्तों का प्रचार करने और महात्मा गांधी द्वारा परिकल्पित शांति प्रधान समाज का निर्माण करने के लिए श्रम अध्ययन सम्बन्धी एक संस्थान स्थापित किया जाये;

(ख) क्या विचार गोष्ठी में अन्य बातों के साथ-साथ राजनीतिक उद्देश्यों से की गयी हड़तालों पर नियंत्रण करने के लिए भी कहा गया था; और

(ग) यदि हां, तो इस बारे में क्या कारवाही करने का विचार है?

श्रम, रोजगार और पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मन्त्री श्री भागवत झा आजाद) : (क) गोष्ठी ने सिफारिश की कि ट्रेड युनियन संगठन तथा क्रियाकलाएं व औद्योगिक सम्बन्धों के तकनीक के बारे में गांधी दर्शन की जानकारी कराने के लिए स्वायत्त निकाय के रूप में एक श्रम अध्ययन सम्बन्धी गांधी संस्थान स्थापित किया जाना चाहिए । इस संस्थान द्वारा श्रमिकों को प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए, अनुसन्धान करना चाहिए, पत्रिका लिखवानी चाहिए और सूचना के लिए एक परिसूचन केन्द्र के रूप में काम करना चाहिए तथा सामन्यतः श्रमिकों के सम्बन्ध में गांधी दर्शन के प्रचार का काम करना चाहिए ।

(ख) गोष्ठी ने राजनैतिक आर्थिक हड़तालों में भेद करने का सुझाव दिया । आर्थिक हड़तालें वैध और कभी-कभी आवश्यक भी हो सकती है; लेकिन राजनैतिक हड़तालों को टाला जाना चाहिये !

(ग) इन और इसी प्रकार के अन्य विषयों पर सरकार राष्ट्रीय श्रम आयोग की सिफारिशों के प्रकाश में विचार कर रही है ।

संसद् सदस्यों के निर्वाचन क्षेत्रों में टेलीफोन लगाना

1710. **श्री वि० प्र० मन्डल** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रत्येक संसद् सदस्य के निर्वाचन क्षेत्र में उसके निवास स्थान पर टेलीफोन लगाने का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) क्या अपने निर्वाचन क्षेत्र में किसी भी स्थान पर रह रहे संसद् सदस्यों में वे संसद् सदस्य शामिल होंगे जो गांवों में रह रहे हैं और जहां टेलीफोन कनेक्शन नहीं हैं। लेकिन टेलीफोन लाइनें उन गाँवों से गुजरती हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) जी हां। यह व्यवस्था आवास तथा टेलीफोन सुविधा (संसद् सदस्य) संशोधन नियमावली 1969 में दिये गये प्रावधानों के अनुसार की जा रही है। ये कनेक्शन सदस्यों की ओर से राज्य/लोक सभा सचिवालय के माध्यम से मांग पत्र प्राप्त होने पर दिये जाते हैं।

(ख) जी हां, बशर्ते कि जहां टेलीफोन लगवाना हो, वह जगह किसी मौजूदा टेलीफोन केन्द्र के प्रचालन क्षेत्र के भीतर स्थित हो।

आकाशवाणी के विज्ञापन कार्यक्रम से प्राप्त राजस्व

1711. **श्री वि० प्र० मण्डल** : क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी के विज्ञापन कार्यक्रम से कुल कितना वार्षिक राजस्व प्राप्त होता है ;

(ख) क्या आकाशवाणी के पटना केन्द्र से विज्ञापन कार्यक्रमों का प्रसारण प्रारम्भ करने की कोई योजना है ; यदि हां, तो कब ; और यदि नहीं, तो क्यों ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ०कु० गुजराल) : (क) 1968-69 वर्ष के लिए 82,22,548 रुपये।

(ख) व्यापारिक सेवा का अन्य केन्द्रों में विस्तार करने की सम्भावना के बारे में जांच की जा रही है। इस सेवा को पटना केन्द्र से निकट भविष्य में चालू करने का विचार नहीं है क्योंकि पटना केन्द्र से विज्ञापन आय अधिक होने की सम्भावना नहीं है।

A. I. R. Broadcasts in Foreign Languages

1712. **Shri Ram Avtar Sharma** : Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) the names of the foreign languages in which broadcasts are made by the External Services Division of the A. I. R. ;

(b) whether it is a fact that the broadcasts for South-East Asian Countries (Indonesia, Malaya, Japan, Burma, Thailand etc.) are not made by the A. I. R. in their respective languages ;

(c) if so, the reasons therefor and whether Government propose to start the broadcasts for Japan in Japanese language keeping in view our increasing economic and cultural relations with that industrially advanced country ; and

(d) if not, the reasons therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting and in the Department of Communications (Shri I. K. Gujral) : (a) Indonesian, Swahili, French, Burmese, Tibetan, Chinese (Kuoyu and Cantonese), Pushtu, Arabic, Persian, Dari, Sinhala, Thai, Nepali and English.

(b) No, Sir. All India Radio broadcasts to South-East Asian countries in all the languages except Japanese, Malay, Vietnamese, Laotian and Cambodian.

(c) (i) A service in Malay has already been sanctioned and it will be started shortly. Steps are also being taken to start Vietnamese, Laotian and Cambodian.

(ii) A proposal to start a service in Japanese in under consideration.

(d) Does not arise.

खेतों पर डी० डी० टी० के छिड़काव का प्रभाव

1714. **श्री रामावतार शर्मा** : क्या खाद्य, कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात का पता है कि अमरीका तथा अन्य पश्चात्य देशों ने खेती पर डी० डी० टी० का छिड़काव करने पर कड़े प्रतिबन्ध लगा दिये हैं क्योंकि इससे बहुत विषयक्तता हो जाती है, इसका प्रभाव संचयागत होता है तथा यह भूमि से सब्जियों और फिर पशुओं और बाद में मनुष्यों में चला जाता है ;

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ; और

(ग) कीटनाशी औषधियां, जिनमें मनुष्यों को नुकसान होता है, बनाने के लिए देश में डी०डी०टी० का एक बड़ा कारखाना स्थापित करने के क्या कारण है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हां।

(ख) डी०डी०टी० के दीर्घकाल तक होते रहने वाले प्रभावों का पता लगाने के लिए कुछ देशों में चल रही अनुसन्धान परियोजनाओं पर भारत सरकार दृष्टि रखे हुए हैं। इस बारे में अभी तक कोई पक्का परिणाम प्राप्त नहीं हुआ है कि मिट्टी, वनस्पति और पशुओं से डी०डी०टी० के दुष्प्रभाव मानव पर भी आ जाते हैं। देश में डी०डी०टी० का प्रयोग मुख्यत: मकानों को अन्दरूनी दीवारों, छतों पर मलेरिये से छुटकारा पाने के लिए ही सीमित स्तर पर किया जाता है। इस प्रकार के प्रयोग से प्राप्त होने वाले लाभों की तुलना में हानि नाममात्र ही है। डी०डी०टी० का प्रयोग जारी रखा जा रहा है क्योंकि अन्य कीटनाशक औषधियां अधिक नशीली तथा महंगी हैं।

(ग) देश की कीटनाशक औषधियों की आंतरिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए और विदेशों से डी०डी०टी० आयात करने में व्यय होने वाली विदेशी मुद्रा को बचाने के लिए डी०डी०टी० सरकारी क्षेत्र के पैट्रोलियम और रासायनिक और खान और खनिज मन्त्रालय के अधीन लगाये गये प्लान्टों में ही तैयार होती है।

भारत के खाद्य निगम द्वारा आटा मिलों को सड़े हुए गेहूँ की सप्लाई

1715. **श्री रामावतार शर्मा** : क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि भारत का खाद्य निगम, जिसे आटा मिलों को गेहूँ सप्लाई करने का एकाधिकार प्राप्त है, आटा मिलों को बढ़िया गेहूँ के साथ सड़ा हुआ गेहूँ, जो मनुष्य के खाने योग्य नहीं होता, स्वीकार करने के लिए बाध्य कर रहा है ;

(ख) क्या निगम मिलों को इस बात की धमकी भी देता है कि अन्यथा उन्हें कोई गेहूं नहीं दिया जायेगा ; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं तथा खाद्य निगम द्वारा किये जाने वाले ऐसे कदाचारों को रोकने के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिंदे) : (क) से (ग). जी नहीं । कोई सड़ा हुआ गेहूं सप्लाई नहीं किया जा रहा है ।

भारतीय खाद्य निगम को स्थायी आदेश है कि केवल मानव उपयोग के उपयुक्त गेहूं ही दिया जाना चाहिए । इसमें रोलर-फ्लोर मिलों को दिया जाने वाला गेहूं भी शामिल है ।

Application fee for Telephone Connections

1716. **Shri Ram Avtar Sharma** : Will the Minister of **Information and Broadcasting and Communications** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a sum of Rs. 10/- will be charged for every application for a telephone connection from the 1st December, 1969 ;

(b) whether applicants on the waiting list will also have to pay a similar sum ; and

(c) if so, what are the reasons for charging this money from applicants on the waiting list ?

The Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting (Shri Sher Singh) : (a) Yes.

(b) Yes.

(c) A priced form of application for a new telephone connection is being introduced so that only those persons apply for telephone connections who genuinely need them. This will be conductive to proper maintenance of waiting list registers. The price of Rs. 10/- for the form, besides the cost of printing and sale of the form is meant to cover the expenditure incurred in clerical work for registration of the application, maintenance of waiting list and subsequent correspondence with the applicant till the connection is sanctioned.

The application of this decision to those already on the waiting list is done with the view to make the existing waiting lists more realistic by weeding out the spurious applications, or multiple applications in different names when only one telephone is actually required.

गांधी शताब्दी वर्ष में नलकूप लगाना

1717. **श्री शिव चन्द्र झा** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्वनियोजित कार्यक्रम के अनुसार गांधी शताब्दी वर्ष में नलकूप नहीं लगाये गये ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) यदि नहीं, तो बिहार में साधारणतया और विशेषकर मधुबनी उपमंडल में खण्डवार कितने-कितने नलकूप लगाए गये ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिंदे) : (क) खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय या बिहार सरकार ने

गांधी शताब्दी वर्ष की अवधि में देश/राज्य में किसी निश्चित संख्या में नलकूप खोदने की कोई योजना नहीं बनाई है ।

(ख) प्रश्न नहीं होता ।

(ग) 1968-69 के अंत में बिहार राज्य में 10,239 गैर सरकारी नलकूप और 1,205 राजकीय नलकूप मौजूद थे । इनके अतिरिक्त सन् 1969-70 में 4,600 गैर-सरकारी नलकूप और 125 राजकीय नलकूप खोदने का कार्यक्रम है । जहां तक विशेषकर मधुबनी उप-प्रभाग में खण्ड-वार नलकूप लगाने का सम्बन्ध है, राज्य सरकार से जानकारी मंगाई गई है और उसकी प्रतीक्षा की जा रही है ।

बिहार में नीमा छोटी सिंचाई योजना

1718. **श्री शिव चन्द्र झा** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मधुबनी उपमण्डल (बिहार) में नीमा छोटी सिंचाई योजना 1966 से मंजूर हुई पड़ी है, परन्तु अभी तक इसका कार्य आरम्भ नहीं किया गया ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है । और कार्य शीघ्र कराने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

खाद्य, कृषि, समुदायिक तथा विकास सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिंदे) : (क) और (ख). मधुबनी उपमण्डल में नीमा (छोटी) सिंचाई योजना एक सिंचाई एवं जल निकासी की योजना है, जो 1966 में स्वीकृत की गयी थी । योजना की कुल लागत 3.98 लाख रुपये थी । योजना के दो भाग हैं (i) जल निकास के लिये एक सम्पर्क नाली का निर्माण (ii) सिंचाई कार्यों के लिए एक बांध का निर्माण सम्पर्क नाली का निर्माण सन् 1966 में प्रारम्भ किया गया था और 8,000 रुपये की राशि व्यय की गई है । किन्तु इस कार्य को स्थगित करना पड़ा क्योंकि इसके लिए अपेक्षित भूमि को पूर्णतः अर्जित नहीं किया गया था । भूमि अर्जन की औपचारिकता को पूर्ण कर दिया गया है और नाली का कार्य भी पूरा कर दिया गया है । जहां तक बान्ध के निर्माण का प्रश्न है इसे अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने पूर्व निर्धारित स्थल को बदलने का प्रस्ताव रखा है । योजना का मौजूदा कमाण्ड-क्षेत्र 2,651 एकड़ है, जबकि स्थल में परिवर्तन होने के फलस्वरूप कमाण्ड-क्षेत्र बढ़कर 2650 एकड़ हो जायेगा। ईंटों और सीमेंट आदि भवन निर्माण सम्बन्धी सामग्री के मूल्य में वृद्धि होने और स्थल में परिवर्तन होने के कारण पूर्व अनुमानों में संशोधन करने की आवश्यकता है । आशा है कि कार्य के पुनर्शोधित अनुमान राज्य सरकार द्वारा एक अथवा दो माह के अन्तर्गत संस्वीकृत कर दिये जायेंगे और उसके उपरान्त तुरन्त आगामी निर्माण कार्य को प्रारम्भ कर दिया जायेगा ।

सहकारिता आन्दोलन

1719. **श्री बेद व्रत बरुआ** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भिन्न भिन्न राज्यों में सहकारिता आन्दोलन को भिन्न भिन्न प्रकार की सफलता प्राप्त हुई है ;

(ख) क्या इसके कारणों का पता लगाया गया है ; और

(ग) जिन क्षेत्रों में सहकारिता आन्दोलन को कम सफलता मिली है उनमें उसे सहायता देने हेतु क्या विशेष उपाय किये जा रहे हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में उप मन्त्री (श्री डा० एरिंग) : (क) जी हां । सहकारी आन्दोलन का विकास विभिन्न क्षेत्रों में असमान है ।

(ख) जी हां । भारत सरकार तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनेक राज्यों के सहकारी आन्दोलन से सम्बन्धित समस्याओं की समय समय पर समीक्षा की गई है । अखिल भारतीय ग्रामीण ऋण समीक्षा समिति ने भी अपनी हाल ही की रिपोर्ट में क्षेत्रीय असमानताओं के कारणों का विश्लेषण किया है । मुख्य कारण ये हैं संस्थागत ढाँचे में संगठनात्मक तथा संरचनात्मक कमजोरियां और क्षेत्र के पिछड़ेपन जैसे बाह्य कारण ।

(ग) राज्य सरकारों को संरचनात्मक तथा संगठनात्मक कमजोरियां प्राथमिक ऋण समितियों के जीव्यता कार्यक्रम, कमजोर केन्द्रीय बैंकों के पुनर्स्थापन और सहकारी कार्मिकों के सामान्य संवर्गों के गठन के माध्यम से ठीक करने के लिए सुझाव दिये जा चुके हैं और मार्गदर्शक सिद्धांत सूचित किये जा चुके हैं । जिन राज्यों में सहकारी आन्दोलन कमजोर हैं वहां कृषि ऋण निगमों की स्थापना करना भी स्वीकार किया जा चुका है और इस प्रयोजन के लिये एक अधिनियम पारित किया गया है । पूर्वी राज्यों तथा राजस्थान जहां सहकारी आन्दोलन अपेक्षाकृत कमजोर था, में सहकारी समितियों को विशेष केन्द्रीय सहायता देने का एक कार्यक्रम 1968-69 के अन्त तक लागू था । इन राज्यों को इनके ऋण-पत्र कार्यक्रमों में अनुपातत: विकास की उच्च दर स्वीकार की जाती है । तथापि, आर्थिक पिछड़ेपन से पैदा होने वाली क्षेत्रीय विषमताओं को केवल इन क्षेत्रों के सामान्य आर्थिक विकास द्वारा ही दूर करने की आशा की जा सकती है ।

बढ़िया किस्म के बीजों का उत्पादन

1720. **श्री बे० कृ० दास चौधरी** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने पर्याप्त मात्रा में बढ़िया किस्म के बीज पैदा करने के लिए कोई कार्यक्रम बनाया है जिसके लिए राष्ट्रपति ने 10 सितम्बर, 1969 को नई दिल्ली में हुए तीसरे अखिल भारतीय बीज उत्पादन सम्मेलन में जोर दिया था ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) और (ख). वर्तमान नीति के अन्तर्गत बीजों का उत्पादन और वितरण करना राज्य सरकारों का उत्तरदायित्व है । समस्त राज्यों के अधिक उत्पादनशील किस्मों के कार्य-क्रमों की बीज सम्बन्धी आवश्यकताओं का, प्रत्येक कृषि मौसम के प्रारम्भ होने से बहुत पहले राज्य प्रतिनिधियों के साथ पुनरीक्षण किया जाता है । जब कभी कोई कमी दिखाई देती है उसे राष्ट्रीय बीज निगम की सहायता से विशेष उत्पादन कार्य-क्रमों के माध्यम से या अधिशेष क्षेत्रों से सप्लाई भेज कर पूरा कर दिया जाता है ।

केन्द्र, राज्य सरकार, सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्रों में बीज उद्योग द्वारा किये गये वर्षों को एकत्रित प्रयत्नों से देश में बीजों में आत्म निर्भरता ला दी है। वस्तुतः अब हमारे पास काफी फालतू बीज (और विशेषतः संकर बीज) मौजूद है।

चतुर्थ योजना की अवधि में कृषि उत्पादन कार्यक्रम में सुधरे बीज को एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त होगा। सुधरे कार्यक्रम के अन्तर्गत, 1·00 लाख एकड़ भूमि लाने का प्रस्ताव है जिसमें अधिक उत्पादनशील किस्में भी सम्मिलित है। उच्चजीन गुण के बीजों के समुचित उत्पादन एवं वितरण को सुनिश्चित करने की दिशा में कितने ही कार्य क्रमों को शुरू किया जायेगा।

बीजों की उपलब्धि के विषय में उठाये गये अन्य कदमों में उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र में बीज उत्पादन के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की हुई विश्व बैंक से सहायता प्राप्त करने वाली परियोजना का उल्लेख करना आवश्यक प्रतीत होता है। इसका उद्देश्य यह है कि परियोजना पूरी होने पर विभिन्न फसलों के उन्नत बीजों का उत्पादन 56,000 टन कर दिया जाये।

खाद्य नियंत्रण ढील

1721. **श्री जे० के० चौधरी :**

श्री न० रा० देवघरे :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने बहुत अच्छी खरीफ फसल को देखते हुए देश में खाद्य नियंत्रण में ढील करने का विचार किया है ; और

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) और (ख). खुले बाजार और सरकार दोनों के पास दीर्घावधि तक लगातार उपलब्धि रहने वाले खाद्यान्न स्टाक को देखते हुए ही खाद्य-नियंत्रण में ढील दी जाती है न कि आवश्यक रूप से केवल अच्छी फसल के आधार पर। मोटे अनाजों पर से नियंत्रण बहुत हद तक पहले ही हटा लिया गया है।

संवाददाताओं को परेशान किया जाना

1722. **श्री मधु लिमये :** क्या **सूचना और प्रसारण तथा संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को समाचार पत्रों के अफसरों, मालिकों तथा सम्पादकों द्वारा संवाददाताओं को परेशान किये जाने की शिकायतें प्राप्त हुई है ;

(ख) दिनमान तथा समाचार भारती के मामलों के बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या सरकार को पटना में बिड़ला के एक दैनिक पत्र 'सर्चलाईट' के संवाददाता द्वारा मुंगेर के जिलाधीश की इच्छा के विरुद्ध एक सच्चा समाचार दिये जाने पर उसे हटा दिये जाने के बारे में कोई शिकायत प्राप्त हुई है और यदि हां, तो इस मामले का ब्यौरा क्या है ; और

(घ) क्या सरकार ने उक्त संवाददाता को सर्चलाइट में पुनः बहाल कराने के लिए कोई कार्यवाही की है ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल): (क) से (घ). समाचार भारती तथा सर्च लाइट के प्रबन्धकों के विरुद्ध शिकायतें मिली हैं। सर्चलाइट के संवाददाताओं का मामला श्रम तथा रोजगार विभाग को उचित कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। समाचार भारती के कर्मचारियों के बारे में स्थानीय प्राधिकारियों से विचार विमर्श किया जाता हैं।

महाराष्ट्र में सहकारी चीनी मिलों का मुनाफा

1723. **श्री मधु लिमये :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान महाराष्ट्र में उत्तरदायी क्षेत्रों में दिये गये इस आशय के वक्तव्य की ओर दिलाया गया है कि उस राज्य में सहकारी चीनी मिलों ने एक वर्ष में केवल 40 करोड़ रुपये लगाकर 48 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है ;

(ख) इस मुनाफे में से कितनी राशि करों के रूप में सरकार को प्राप्त हुई है ;

(ग) क्या सरकार महाराष्ट्र के ऐसे देहाती क्षेत्रों में जहां अब तक सिंचाई और बिजली की व्यवस्था नहीं की गई है, सिंचाई और बिजली की व्यवस्था करने के लिए मुनाफे की इस अत्यधिक राशि का प्रयोग करने के लिए मार्गोपाय ढूंढेगी ; और

(घ) यदि नहीं, तो ऐसी योजना न बनाने तथा उसे क्रियान्वित करने में राज्य सरकार का सहयोग न प्राप्त करने के क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री डा० एरिंग) : (क) सरकार को इस बारे में कोई सूचना नहीं मिली है।

(ख) से (घ). प्रश्न नहीं उठते।

चीनी का उत्पादन तथा निर्यात

1724. **श्री मधु लिमये :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने यह अनुमान लगा लिया है कि 1969-70 की फसल में मोटे रूप में चीनी का कितना उत्पादन होने की सम्भावना है ;

(ख) चीनी के अनुमानित उत्पादन में से कितनी मात्रा में उसका निर्यात किये जाने की सम्भावना है ;

(ग) सरकार निर्यातकर्ताओं का चयन किस आधार पर करती है ; और

(घ) आगामी वर्ष में निर्यातकर्ताओं को कितनी राजसहायता देने का सरकार का विचार है ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (डा० श्रीमति चन्द्र शेखर) : गुरु तेग बहादुर, भाई मोतीदास तथा अन्य शहीदों के स्मारक बनाने के लिए उप-राज्यपाल, दिल्ली प्रशासन तथा दिल्ली राज्य की गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के बीच कोतवाली की भूमि के 0.7 एकड़ के एक भाग को उस पर खड़ी संरचनाओं सहित उन्हें हस्तान्तरित करने के लिए पत्राचार हुआ। उसी भूमि को हस्तान्तरित करने के लिये एक करार किया गया था जोकि दिल्ली राज्य की गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के द्वारा उप-राज्यपाल को लिखे गये उनके दिनांक 10 अक्तूबर, 1968 के पत्र में उल्लिखित थी। अन्य शर्तों में अधिक निम्नांकित हैं :

(1) प्रबन्धक कमेटी, दिल्ली प्रशासन को उनको दी जाने वाली भूमि तथा उसके ऊपर बनी संरचनाओं के वास के समान नई कोतवाली बिल्डिंग के निर्माण के लिए 16,35,000 रुपये देगी ;

(2) कुल राशि में से 10 लाख रुपये तुरन्त दिए जायेंगे तथा शेष छः महीने के भीतर।

करार के अनुसार, कमेटी, के द्वारा 10 लाख रुपये की प्रारंभिक अदायगी कर दी गयी तथा दिल्ली प्रशासन ने दरियागंज में नई कोतवाली का निर्माण आरम्भ कर दिया। नई बिल्डिंग निर्माणाधीन है तथा उसे शीघ्रातिशीघ्र पूरा करने के लिए दिल्ली प्रशासन सभी यथा सम्भव प्रयत्न कर रहा है। प्रशासन ने कमेटी से अभी तक शेष भुगतान की मांग नहीं की है, क्योंकि उनका यह विचार है कि नई बिल्डिंग का निर्माण हो जाने के बाद भूमि के दिये जाने के समय भुगतान लिया जाये।

कतिपय संगठनों ने गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी को निःशुल्क भूमि दिये जाने के अनुरोध दिल्ली प्रशासन को प्राप्त हुए । क्योंकि यह मामला बात-चीत तथा करार के द्वारा तय हुआ था, अतएव इन अनुरोधों पर विचार नहीं किया गया है ।

Shri Bal Raj Madhok : Mr. Speaker, Sir, our country has a high tradition of sacrifices and Guru Tegh Bahadur is a shining example of that. He was a martyr and he gave his life to the cause of his country and his religion at a time when Aurangzeb, intoxicated with the Islam theocracy, was ruling over the country. There is a long line of succession in that era who gave their lives in the Chandni Chowk, Delhi. Chandni Chowk, the Fountain of Chandni Chowk and the Kotwali are the hallowed by the blood of these martyrs and these places should have been converted into a giant memorial long back. But unfortunately before the regime of Jana Sangh in Delhi, the Congress Government did precious little in this connection. Now to our request of converting the Kotwali Building into a memorial of Guru Tegh Bahadur, they have asked for money from the Gurudwara Prabandhak Committee.

In this connection I have two or three specific questions to ask. First, is the Government prepared to give a grant of Rs. 20 lakhs to the G. P. C. for erecting the statue of Guru Tegh Bahadur ? Secondly, apart from the value of the land, will the Government make some donations for the erection of the statues of these martyrs ? Thirdly, will the Government erect a memorial to Bhai Mati Das at a point where he was sawn to death ?

The Minister of Health and Family Planning and Works, Housing and Urban Development (Shri K. K. Shah) : I had thought that Prof. Madhok would at least speak justly. Money had been given to Delhi Administration. I have not received any resolution, referred to by Shri Madhok, from Delhi Administration.

Shri Kanwar Lal Gupta (Delhi-Sadar) : You know that the copy of the resolution was sent to Home Minister.

Shri K. K. Shah : It should have been sent to Education Ministry.

Shri Prakash Vir Shastri (Hapur) : Sir. I rise on a point of order. It is your responsibility to ensure that the Minister gives a satisfactory reply. He says that he has not received any resolution while they maintain that they have sent a resolution. The Minister should categorically say that he is prepared to give the land free of charge and he should also state the amount the Central Government will give.

Shri K. K. Shah : I have clearly stated that the alleged letter is being traced in the Education Ministry.

Shri Ram Swarup Vidyarthi (Karol Bagh) : Unfortunately, there is no co-ordination at the Centre. Eight Ministries are dealing with the affairs of the Union Territory of Delhi. They have not cared to heed the demand of the Delhi Administration that one Ministry should be made responsible for matters relating to the Union Territory of Delhi.

The hon. Minister is misleading the House. The Metropolitan Council of Delhi passed a resolution and sent it to the Central Government. It was sent eight months before. Later on the Executive Council took a unanimous decision and forwarded it to the Centre for the action. Will he refute it also. That resolution says that a grant of Rs. 20 lakhs should be given to the G. P. C. Are Government prepared to do this ?

Shri K. K. Shah : The hon. Member may send a copy to me, then I shall find out from the various Ministries.

अध्यक्ष महोदय : मन्त्री महोदय कहते हैं कि उन्होंने यह बता दिया था कि वह पत्र शिक्षा-मन्त्रालय को भेजा जाये परन्तु उन्होंने उसे गृह-कार्य मन्त्रालय के पास भेज दिया। अब माननीय मन्त्री कहते हैं कि उसकी एक प्रति उन्हें भेज दी जाये।

Shri Kanwar Lal Gupta (Delhi-Sadar) : The Delhi Metropolitan Council is definitely of the opinion that the value of the land should not be charged from the G. P. C. and in addition to this they want to give them a grant of Rs. 20 lakhs for the erection of memorial. I do not know whether the letter has come or has not come to the Home Ministry. But the point is, do not make this discrimination. For the Teen Murti Museum no money was charged from the Nehru Memorial Trust as he was a national leader, so basically it will be wrong to charge money from the G. P. C.

Are the Government ready to revise their decision, if not now, on receipt of the resolution in case it has not reached them yet ? We want an assurance from the hon. Minister in this matter as Shri Randhir Singh says that the whole House backs it.

Shri K. K. Shah : The Delhi Administration should not have charged the value of land from them and so we are not involved in it. That is why I kept quiet and did not interrupt him.

Shri Kanwar Lal Gupta : Let me complete my question ?

अध्यक्ष महोदय : अब तक वह क्या कर रहे थे। मैं अब कुछ नहीं कर सकता।

Shri Kanwar Lal Gupta : The Minister should tell us whether the Government will revise its decision and return the value of the land to the G.P.C.

Are Government also prepared to give a grant of Rs. 20 lakhs for the erection of this memorial to the G. P. C. and if not, what are the reasons therefor ?

Shri K. K. Shah : The Delhi Administration adopts various resolutions and recommends them to the Centre. Why did'nt they recommend this thing when the negotiations were going on ?

Nothing transpired about charging the value of the land but an agreement was reached between the Delhi Administration and G. P. C. (Delhi State) under which the G. P. C. had agreed to pay Rs. 16,35,000 to the Delhi Administration for the construction of new Kotwali Building having accommodation equivalent to the structures standing on the land to be given to them. In the case of giving grant for the Ghalib memorial, a proposal was made and it was sent to the Education Ministry and they granted the money for it. In this case also the Education Ministry will be addressed as soon as a copy of the letter is received from the hon. Member or the Home Ministry. Whatever is possible will be done in this case also.

इन्डिया गेट पर महात्मा गांधी की मूर्ति लगाने के बारे में

RE : ERECTION OF STATUE OF MAHATMA GANDHI AT INDIA GATE

डा० राम सुभग सिंह (बक्सर) : पहले महात्म गांधी की मूर्ति इन्डिया गेट पर लगाने का

निर्णय किया गया था परन्तु हमें पता चला है कि सरकार ने इस स्थान में परिवर्तन करने का फैसला किया है। यह बहुत ही आपत्तिजनक है। इसपर चर्चा होनी चाहिये।

श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी (केन्द्रपाड़ा) : मंत्री महोदय को एक वक्तव्य देना चाहिये।

श्री रंगा (श्रीकाकुलम) : यह बड़ा महत्वपूर्ण मामला है। इसपर चर्चा होनी चाहिए।

अध्यक्ष महोदय : इस विषय पर ध्यान दिलाने वाला प्रस्ताव आया हुआ है। मैंने उसे स्वीकार कर लिया है।

सभापटल पर रखे गये पत्र
PAPERS LAID ON THE TABLE

रायगुड्डा अम्ब और बोटाचो बांध की घातक दुर्घटना का जांच प्रतिवेदन और केन्द्रीय कोयला खान रक्षा केन्द्र समिति, धनबाद का वार्षिक प्रतिवेदन

The Minister of State in the Ministry of Labour, Employment and Rehabilitation (Shri Bhagwat Jha Azad) : I beg to lay on the Table.

(1) A copy of the Report of Inquiry into the fatal accident at Raigudda Amb and Botacho Band (Nanora) Ferro Manganese Mine, Mysore, on the 21st May, 1969. [**ग्रन्थलय में रखी गई। देखिए संख्या** एल० टी० 2118/69]

(2) A copy of the Annual Report of the Central Coal Mines Rescue Stations Committee, Dhanbad, for the year 1968-69.[**ग्रन्थालय में रखी गयी। देखिये संख्या** एल० टी० 2119/69]

बिहार गन्ना सम्भरण तथा क्रय का विनियमन अधिनियम

खाद्य, कृषि सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में उप मन्त्री (श्री डा० एरिंग) : मैं श्री अन्नासाहेब शिदे की ओर से बिहार राज्य विधान मण्डल (शक्तियों का प्रत्यायोजन) अधिनियम, 1969, की धारा 3 की उपधारा (3) के अन्तर्गत बिहार गन्ना (सम्भरण तथा क्रय का विनियमन) अधिनियम, 1969 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) (राष्ट्रपति का 1969 का अधिनियम संख्या 8) की एक प्रति जो दिनांक 31 अगस्त, 1969) के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था सभा पटल पर रखता हूँ। [**ग्रन्थालय में रखी गई। देखिये संख्या** एल० टी० 2120/69]

बिड़ला काटन मिल्स में हड़ताल के बारे में वक्तव्य
STATEMENT ON BIRLA COTTON MILLS STRIKE

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : दिल्ली प्रशासन द्वारा भेजी गई सूचना के अनुसार, बिरला कौटन स्पिनिंग और वीविंग मिल, दिल्ली के श्रमिक 1968-69 के वर्ष के बोनस के प्रश्न 26 अक्तूबर, 1969 से हड़ताल पर हैं।

यह सूचित किया गया है कि प्रबन्धकों ने बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 के अनुसार 4 प्रतिशत बोनस ओफर किया है। लेकिन श्रमिक और अधिक बोनस की माँग कर रहे हैं। यह मामला राज्य के क्षेत्राधिकार में आता है। दिल्ली प्रशासन ने सौहार्द-पूर्ण समझौता कराने के लिए प्रबन्धकों व श्रमिकों के प्रतिनिधि बुलाए। लेकिन इन विचार-विमर्शों से सफलता प्राप्त नहीं हुई। इस विवाद को पंच-फैसले के लिए भेजने का एक सुझाव दिया गया। इसे श्रमिकों ने स्वीकार नहीं किया। इन परिस्थितियों में, दिल्ली प्रशासन ने इस विवाद को 8 नवम्बर को अतिरिक्त औद्योगिक न्यायाधिकरण के पास न्याय-निर्णय के लिए भेज दिया है। उन्होंने साथ ही हड़ताल को निषिद्ध करने का आदेश भी निकाला। लेकिन हड़ताल अभी भी चल रही है अन्य मिलों के कपडा श्रमिकों ने बिरला कौटन स्पिनिंग तथा वीविंग मिल के हड़ताली श्रमिकों के प्रति सहानुभूति प्रकट करने के लिए 20 नवम्बर, 1969 को एक दिन की सांकेतिक हड़ताल की।

2. यह विवाद न्याय-निर्णय के लिए भेजा जा चुका है, फिर भी संबंधित पक्ष आपस में और विचार-विमर्श करके समझौता करा सकते हैं। दिल्ली प्रशासन तथा श्रम मन्त्रालय की मध्यस्थता इस कार्य के लिये उपलब्ध होती रहेगी। सरकार को आशा है कि संबंधित पक्ष उत्पादन की क्षति को रोकने तथा अच्छे औद्योगिक संबंध बनाये रखने के हित में इस विवाद को शीघ्र निपटाने के लिये फिर बात-चीत शुरू करेंगे।

मैं यह भी बताना चाहता हूं कि माननीय खाद्य तथा श्रम मन्त्री द्वारा हिदायतें दिये जाने पर उप श्रम मंत्री ने 22, 24, तथा 25 तारीख को बातचीत की थी। फिर 26 तारीख को हमारे मुख्य श्रम आयुक्त ने उन्हें बुलाया था। कुछ प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है। हमें आशा है कि समझौता हो जायेगा।

अध्यक्ष महोदय : वक्तव्य पर चर्चा नहीं होगी।

श्री म० ला० सोंधी (नई दिल्ली) : उन्हें 30 जनवरी मार्ग पर जाकर देखना चाहिये कि लोग जाड़े में बैठे होते हैं।

श्री भागवत झा आजाद : उन्हें दिल्ली प्रशासन के पास जाना चाहिये। क्योंकि उन्होंने हड़ताल को रोका है।

श्री म० ला० सोंधी : वे लोग सर्दी में कष्ट सहन कर रहे हैं तथा कोई भी उनका ध्यान नहीं रखता। वे लोग नारे लगाते हैं कि श्री बिड़ला लाखों आदमियों का शोषण करके शान्ति की नींद सो रहा है।

श्री भागवत झा आजाद : उन्हें दिल्ली प्रशासन से पूछना चाहिए जिन्होंने हड़ताल पर रोक लगाई थी।

श्री म० ला० सोंधी : उन्हें जाकर उनकी दशा तो देखनी चाहिए।

श्री भागवत झा आजाद : मैं पहले ही वहां हो आया हूं।

Shri Kanwar Lal Gupta (Delhi Sadar) : Shall the hon. Minister call both the parties d settle their dispute.

अध्यक्ष महोदय : उन्हें मेरी अनुमति के बिना ऐसे ही खड़े नहीं हो जाना चाहिए ।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर, : मैं मंत्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि वह कर्मचारियों के प्रतिनिधियों, दिल्ली प्रशासन के प्रतिनिधियों तथा केन्द्रीय सरकार के प्रतिनिधियों की एक बैठक बुलायें ताकि बातचीत करने के लिए श्री बिड़ला पर दबाव डाला जा सके क्योंकि अन्यथा वे लोग बातचीत को समाप्त करने का प्रयत्न कर रहे हैं । अत मैं चाहता हूँ कि मंत्री महोदय आश्वासन दें कि वह इस काम के लिए एक विशेष अधिकारी को, विशेषकर केन्द्र के मुख्य श्रम आयुक्त को, नियुक्त करेंगे तथा दिल्ली प्रशासन से यह आश्वासन लेंगे कि किसी भी व्यक्ति को तंग नहीं किया जायेगा ।

Shri Kanwar Lal Gupta : This is my constituency you had said just now that the question of the concerned Member shall be replied to.

अध्यक्ष महोदय : मैंने नियम पढ़ा है । उसके अन्तर्गत वक्तव्य पर चर्चा नहीं की जा सकती ।

खाद्य तथा कृषि मन्त्री और श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मन्त्री (श्री जगजीवन राम) : मन्त्री महोदय ने जो कुछ कहा है मैं उसी को दोहरा रहा हूं । जब मुझे इस बात का पता लगा तथा जब मिल के कर्मचारियों ने जलूस निकाला तो मैं ने मुख्य श्रम आयुक्त तथा अन्य अधिकारियों से कहा कि वे इस मामले के बारे में दिल्ली प्रशासन से बातचीत करें क्योंकि यह मामला दिल्ली प्रशासन के श्रम आयुक्त के अन्तर्गत आता है । बातचीत चल रही है तथा आशा है कि कोई दल निकल आयेगा ।

Shri Kanwar Lal Gupta : I had written a letter to the hon. Minister and had stated in it that about 6000 labourers are on strike. The present condition is that people are dying of starvation. I know that this matter comes under the jurisdiction of Delhi Administration. But they can have your over-all guidance. I want that an assurance should be given from Mill-owners' side that the mill-workers on strike will not be victimised.

Shri Jagjiwan Ram : I will again say that this watter relates to Delhi Administration. But the good offices of the central Government offices are always used. It is expected that this matter will he settled very soon.

मोटर गाड़ी (संशोधन) विधेयक—जारी

MOTER VEHICLES (AMENDMENT) BILL—*Contd.*

खण्ड 2—जारी

अध्यक्ष महोदय : हम कल खण्ड 2 पर चर्चा कर रहे थे । श्री लोबो प्रभु ने दो संशोधन प्रस्तुत किये थे ।

श्री लोबो प्रभु (उद्दीपी) : अन्य संशोधन पर्यटन बसों के विशिष्ट विवरण के सम्बन्ध में है । मेरा यह प्रताव है कि राज्य सरकार को नहीं बल्कि केन्द्रीय सरकार को विशिष्ट विवरण

निर्धारित करना चाहिये । इसका कारण यह है कि बसें पर्यटक लगभग सारे देश में जाती हैं तथा विशिष्ट विवरण समान न होने के कारण लाइसेंस के सम्बन्ध में उन्हें कठिनाई हो सकती है ।

संसद कार्य विभाग और नौवहन तथा परिवहन मन्त्रालय में उप मंत्री (श्री इकबाल सिंह) : विशिष्ट विवरण अर्थात् गाड़ियों की किस्म आकार आदि राज्यों द्वारा अपनी सुविधा अनुसार निर्धारित किये जाते हैं । अतः इस संशोधन को स्वीकार करना उचित नहीं है ।

श्री रंगा (श्रीकाकुलम) : हमारा सुझाव तो केवल पर्यटन बसों के सम्बन्ध में है जिनके मालिक एक से अधिक राज्यों में बसें चलाने के लिये लाइसेंस लेते हैं । ऐसी बसों के विशिष्ट विवरण केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित किये जाने चाहिए । यदि माननीय मंत्री इससे सहमत नहीं हैं तो उन्हें अन्तर-राज्य पर्यटक बसों के लिए निर्धारित स्तर को विशिष्ट विवरण परिचालित करने चाहिये तथा यह देखना चाहिये कि समूचे भारत में उनका एक ही स्तर हो ।

श्री इकबाल सिंह : यह स्तर राज्यों द्वारा निर्धारित किया जाता है तथा मोटर गाड़ी निरीक्षकों द्वारा लागू किया जाता है । जब वे गाड़ियों का निरीक्षण करते हैं तो वे देखते हैं कि गाड़ियां विशिष्ट विवरण के अनुसार हैं । चूंकि विभिन्न राज्यों में विशिष्ट विवरण भिन्न-भिन्न होते हैं इसलिये यदि हमें उसका निर्धारण करेंगे तो उससे अधिक कठिनाइयां उत्पन्न हो जायेंगी ।

जहां तक दूसरे सुझाव का संबंध है हम सभी राज्यों को इन सभी चीजों का स्वर निर्धारित करने के लिये कह रहे हैं ।

इसके पश्चात् अध्यक्ष महोदय द्वारा श्री लोबो प्रभु को संशोधन मतदान के लिये रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ

The amendment was put and negatived

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है ।

"कि खण्ड 2 विधेयक का अंग बनें ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ
The motion was adopted.

खण्ड 2 को विधेयक में जोड़ दिया गया
Clause 2 was added to the Bill

खण्ड 3 और 4

अध्यक्ष महोदय : खण्ड 3 और के सम्बन्ध में कोई संशोधन नहीं है अतः प्रश्न यह है ।

"कि खण्ड 3 और 4 विधेयक का अंग बनें ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।
The motion was adopted.

खण्ड 3 और 4 विधेयक में जोड़ दिये गये ।

Clauses 3 and 4 were added to the Bill

खण्ड 5

अध्यक्ष महोदय : अब हम खण्ड 5 लेते हैं ।

श्री लोबो प्रभु : मेरे दो संशोधन संख्या 42 और 43 हैं । मेरा पहला संशोधन ड्राइवरों की पुनः परीक्षा के सम्बन्ध में है । मैं समझता हूँ कि ड्राइवरों की हर की डाक्टरी परीक्षा होनी आवश्यक नहीं है । इस सम्बन्ध में मैं एक सरल सा सुझाव देना चाहता हूँ । यह नियम 40 वर्ष से अधिक आयु वाले ड्राइवरों पर लागू होना चाहिये क्योंकि उससे पहले की आयु के लोग सामान्यतः स्वस्थ होते हैं । हमें ऐसे नियम नहीं बनाने चाहिये जिनसे इन कर्मचारियों को नौकरशाही से परेशान होना पड़े । हमें ऐसा काम नहीं करना चाहिये जिससे परिवहन लागत बढ़े क्योंकि वह पहले ही बहुत अधिक है ।

मेरा दूसरा संशोधन ड्राइवर को दिये गए लाइसेंस की पुनः परीक्षा के सम्बन्ध में है जबकि उस के नवीकरण का प्रार्थना पत्र किसी अन्य अधिकारी को दिया जाता है । आपको यह पता होना चाहिए कि जब ड्राइवर के विरुद्ध दोषसिद्धि की जाती है तो उसे लाइसेंस में दर्ज कर दिया जाता है । इसलिए लाइसेंस का नवीकरण इसलिए नहीं रोका जाना चाहिए कि पहले लाइसेंस जारी करने वाले अधिकारी ने उसका सत्यापन नहीं किया है । अतः मेरा यह सुझाव है कि हमें नियमों को और जटिल नहीं बनाना चाहिए ।

श्री ओम प्रकाश त्यागी (मुरादाबाद) : मैं अपने संशोधन संख्या 9 और 17 प्रस्तुत करता हूँ ।

श्री शिव चन्द्र झा (मधुबनी) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि पृष्ठ 4 पंक्ति 11 में "one year" [एक वर्ष] के स्थान पर "six-months" [छः महीने] शब्द रखे गए । (18)

श्री ओम प्रकाश त्यागी : मैं अपना संशोधन संख्या 19 प्रस्तुत करता हूँ ।

श्री लोबो प्रभु : मैं अपने संशोधन संख्या 42 और 43 प्रस्तुत करता हूँ ।

Shri Om Prakash Tyagi : I beg to move my amendment No. 84.

In the transport system the most exploited person is the driver. He has to labour day in and day out. Your Bill also is effecting him. The condition imposed upon time to produce a medical certificate at the time of revenue of the licence is not good. This matter should be reconsidered. We feel that generally people have normal eye sight before 40 years of age. The eye sight deteriorates only after 40. Therefore medical certificate should not be asked for from the drivers who are less than forty years. If this clause is passed than he will have to give bribe to the doctor to get the certificate even though his eye sight is normal. So it is not good to impose this tax on him.

It has been said in this clause that in case the request for renewal of any paid driver is rejected then his fee will be refunded in such manner as may be prescribed. Through this amendment I want that the time to return the fee should be fixed otherwise people have to suffer on account of red-tapism.

It has also been said in this clause that after the receipt of application for renewal and upto the time the antecedents of paid driver, are verified "such authority may grant a provisional licence." I feel that the word "shall" should be placed for the word "may".

Shri Shiva Chandra Jha : It has been said in this clause that on the receipt of application for renewal by the paid employee he may be given provisional licence for such period or periods not exceeding one year". I want that instead of one year he should be given licence for six months. I know that many persons ply motor vehicles in villages without getting any licences. So I feel that the applicants should be given licences only after their antecedents are verified. Uptil that time he should be issued a licence upto six months and not for one year.

श्री इकबाल सिंह : जहां तक पहले संशोधन का सम्बन्ध है मेरे विचार से माननीय सदस्य यह नहीं समझ सके कि लाइसेंस का नवीकरण तीन वर्ष बाद किया जाता है। हमारे पास ऐसी बहुत सी शिकायतें आई थीं कि ड्राइवर एक स्थान पर लाइसेंस ले लेता है, जब वहां दुर्घटना हो जाती है तो उसका लाइसेंस रद्द कर दिया जाता है तब वह दूसरे स्थान पर जाकर लाइसेंस ले लेता है। इसलिए हम अब उसे एक अस्थायी लाइसेंस एक वर्ष के लिए जारी करेंगे।

जहां तक डाक्टरी प्रमाण-पत्र का सम्बन्ध है हमारे पास अनेक शिकायतें आई हैं कि जिन ड्राइवरों की नजर ठीक भी नहीं होती उन्हें लाइसेंस दिया जाता है। उनको लाइसेंस नवीकरण तीन वर्ष बाद दिया जाता है। इसलिए दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से उनकी डाक्टरी परीक्षा होनी आवश्यक है।

अध्यक्ष महोदय द्वारा संशोधन संख्या 9, 17, 19, 84, 42 और 43 मतदान के लिए रखे गये तथा अस्वीकृत हुए।

Amendment Nos 9, 17, 19, 84, 42 and 43 were put and negatived

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है कि :

पृष्ठ 4 पंक्ति 11 में "one year" [एक वर्ष] के स्थान पर "six monthts" [छः महीने] शब्द रखे जायें। (18)

श्री इकबाल सिंह : चूंकि यह संशोधन विवादग्रस्त नहीं है, इसलिए हम इसे स्वीकार करते हैं।

अध्यक्ष महोदय : मैं श्री शिवचन्द्र झा का संशोधन सभा में मतदान के लिए रखता हूँ।

पृष्ठ 4 पंक्ति 11 में "one year, [एक वर्ष] के स्थान पर "six months" [छः महीने] शब्द रखे जाये। (18)

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted.

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खंड 5 संशोधित रूप में विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The motion was adopted.

खंड 5 को, संशोधित रूप में, विधेयक में जोड़ दिया गया ।

Clause 5, as amended, was added to the Bill

खण्ड 6 से 8

अध्यक्ष महोदय : चूंकि खण्ड 6,7 तथा 8 के बारे में कोई संशोधन नहीं है, इसलिए मैं इन सब खण्डों को एक साथ मतदान के लिए रखता हूँ । प्रश्न यह है : "कि खण्ड 6,7 और 8 विधेयक का अंग बने"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

खण्ड 6,7 और 8 विधेयक में जोड़ दिए गए ।

Clauses 6, 7 and 8 were added to the Bill.

अध्यक्ष महोदय : अब सभा मध्याह्न भोजन के लिए दो बजे म० प० के लिए स्थगित की जाती है ।

इसके पश्चात् लोक सभा मध्याह्न भोजन के लिए २ बजे म० प० तक के लिए स्थगित हुई ।

The Lok Sabha then adjourned for lunch till Fourteen of the Clock

मध्याह्न भोजन के पश्चात् लोक सभा दो बजकर छः मिनट पर पुनः समवेत हुई ।

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at six Minutes Past Fourteen of the Clock

[श्री एम० बी० राणा पीठासीन हुए
Shri M. B. Rana *in the Chair*]

खण्ड 9—(धारा 21 का संशोधन)

श्री इकबाल सिंह : मैं प्रस्ताव करता हूँ :

पृष्ठ 5, पंक्ति 10 में "1968" के स्थान पर "1969" रखा जाये । [114]

यह एक बहुत छोटा सा संशोधन है ।

श्री लोबो प्रभु (उडीपी) : मैं प्रस्ताव करता हूँ :

पृष्ठ 5, पंक्ति 18 और 19 से "and the fee to be paid in respect thereof" [और उस के लिए शुल्क लिया जायेगा] शब्द निकाल दिये जायें । (44)

सरकार चाहे तो स्कूलों को अपने नियंत्रणाधीन ले सकती है परन्तु इन प्रशिक्षण स्कूलों पर शुल्क नहीं लगाया जाना चाहिये, क्योंकि वह उसे अदा करने की स्थिति में न है । इसके अतिरिक्त हम उन पर जो शुल्क लगायेंगे, वह उसे ड्राइवरों से वसूल कर लेंगे । और ड्राइवर प्रयोक्ताओं से वसूल कर लेंगे । अतः इन बातों को देखते हुए मैं आशा करता हूं कि मंत्री महोदय मेरे संशोधन को स्वीकार कर लेंगे और इन प्रशिक्षण स्कूलों पर शुल्क नहीं लगाया जायेगा ।

श्री इकबाल सिंह : हम ने इस मामले पर विचार कर लिया है। इस संशोधन को स्वीकार करने में मुझे कोई आपत्ति नहीं है। मैं संशोधन संख्या 44 स्वीकार करता हूँ। प्रशिक्षण स्कूलों के कोई शुल्क नहीं वसूल किया जायेगा।

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

पृष्ठ 5, पंक्ति 10 में "1968" के स्थान पर "1969" रखा जाये। [114]

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

पृष्ठ 5, पंक्ति 18 और 19 से "and the fee to be paid in respect there of" [और उसके लिये शुल्क लिया जायेगा] शब्द निकाल दिया जायें। [44]

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

सभापति महोदय : खण्ड 9, संशोधित रूप में विधेयक का अंग बने।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

खण्ड 9, संशोधित रूप में विधेयक में जोड़ दिया गया

Clause 9, as amended was added to the bill,

खण्ड 10—(धारा 25 का संशोधन)

Shri O. P. Tyagi : I beg to move :

Page 5, Line 28 for "Three"

substitute "Six" (20)

Clause 10 reads as follows :

"Provided that where a motor vehicle so registered is a chassis to which a body has not been attached and the same is detained in a workshop beyond the said period of one month far being fitted with a body, the period may on payment of such fee, if any, as may be prescribed be extended by such further period or periods also, however that total period may not exceed three months."

My submission is that the transport business is done mainly by poor people and they require considerable time for arranging the required amount because only their partial needs are met by the financers. This time limit of three months which is being fixed is not sufficient. So my submission is that the word "three" be substituted to "six" so that they may get sufficient time.

Shri Iqbal Singh : I think my hon. friend Shri Tyagi has been unable to understand the point. Formerly there was no time limit for building the body and then getting that vehicle registered. Eormerly the time limit fixed under this Clause it was two months, which was latter made three months in the Joint Select Committee. Now if the hon. Members suggestion is accepted that means the body will be fitted in six months and vehicle

owner will have no earnings from that vehicle for six months. This will mean that person who has borrowed money on instalments will have a heavy burden of repayment of instalments as well as the amount of interest on the capital sum borrowed by him. So extending the time limit, will not prove beneficial to him in any case. I think the time limit for three months is quite reasonable I hope the hon. Member will withdraw his amendment.

श्री ओम प्रकाश त्यागी : मैं अपना संशोधन वापस लेने के लिये सभा की अनुमति चाहता हूँ ।

संशोधन संख्या 20 सभा की अनुमति से वापस लिया गया ।

Amendment No. 20 was by leave withdrawn.

सभापति महोदय : संशोधन संख्या 106 से सम्बन्धित माननीय सदस्य उपस्थित नहीं हैं । इस लिए प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 10 विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

खण्ड 10 विधेयक में जोड़ दिया गया ।

Clause 10 was added to the Bill.

खण्ड 11 और 12

खण्ड 11 और 12 विधेयक में जोड़ दिये गये ।

Clause 11 and 12 were added to the Bill.

खण्ड 13

Shri O. P. Tyagi : I beg to move :

पृष्ट 6, पंक्ति 15 "agreement" [समझौता] के बाद by parties concerned"

[सम्बद्ध पक्षों द्वारा] शब्द जोड़ दिये गये । (21)

Sir, generally people purchase buses or trucks on hire purchase basis. At the time of registration of such a vehicle it is notified by the Registering Authority on the registration document that the vehicle has been purchased on hire-purchase agreement. At the termination of hire purchase agreement the authority is empowered to delete these remarks that the vehicle is purchased on hire-purchase agreement. Now it has been provided in this clause that any entry made under Sub-section (1) on Sub-section (2), may be cancelled by the registering authority on proof of the termination of the hire-purchase agreement. Now suppose some third party comes with a proof to the registering authority that hire-purchase agrement has terminated in that case the remarks will be omitted without the knowledge of the parties concerned. So my submission is that the authority should be empowered to delete those remarks on proof of the termination of the hire-purchase agreement by the parties concerned. These remarks should not be allowed to be deleted on the saying of any third party.

श्रीमती इला पाल चौधरी (कृष्णनगर) : मैं अपने संशोधन संख्या 30 और 31 प्रस्तुत करती हूँ । मुझे प्रमाण शब्द पर आपत्ति है । इससे समझौता करने वाले पक्षों को कठिनाई होगी।

श्री अब्दुल गनी दार (गुड़गांव) : मैं अपना संशोधन संख्या 32 प्रस्तुत करता हूं। यह बहुत जरूरी है कि अथिरिटी कोई भी हो, जब तक दोनों पक्ष उसके पास आकर समझौते को रद्द करने को न कहें, तब तक उनका समझौता रद्द न किया जाय।

श्रीमती इला पाल चौधरी : मैं अपना संशोधन संख्या 33 प्रस्तुत करती हूं।

श्री ओम प्रकाश त्यागी : मैं अपना संशोधन संख्या 86 प्रस्तुत करता हूं।

श्री इकबाल सिंह : भारक-क्रय अधिनियम संसद् के समक्ष लाया जा रहा है। ये सब धारें उस अधिनियम में शामिल की गई हैं। हमने यह उपबन्ध उस अधिनियम में इस लिये शामिल किये हैं, ताकि बैंक तथा अन्य संस्थान भी परिवहन मालिकों को ऋण दे सकें। अब तक केवल छोटी छोटी कम्पनियों से उन्हें ऋण दिया जाता है और वे कम्पनियां उनसे बहुत अधिक ब्याज लेती थी। परिवहन चालकों के लिए यह एक बहुत महत्वपूर्ण विधेयक है और इससे बस अथवा टैक्सी चालकों को ऋण मिल सकेगा। जहां तक संशोधन संख्या 21 का सम्बन्ध है, उसे स्वीकार करने में मुझे कोई आपत्ति नहीं है। मैं उसे स्वीकार करने को सहमत हूं।

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

पृष्ठ 6, पंक्ति 15

"agreememt" [समझौता] के बाद "by parties concerned" [सम्बद्ध पक्षों द्वारा] शब्द जोड़ दिये जायें। (21)

संशोधन स्वीकृत हुआ

The amendment was adopted.

सभापति महोदय : अब मैं अन्य सब संशोधन मतदान के लिए रखता हूं।

अन्य संशोधन मतदान लिये रखे गये तथा अस्वीकृत हुए।

The other amendments were put and negatived.

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 13, संशोधित रुप में विधेयक का अंग बने"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted.

खण्ड 13 संशोधित रूप में विधेयक में जोड़ दिया गया।

Clause 14, as amended, was added to the Bill.

खण्ड 14

खण्ड 14, विधेयक में जोड़ दिया गया

Clause 14 was added to the Bill.

खण्ड 15

सभापति महोदय : अब हम खण्ड 15 को लेंगे। क्या श्री त्यागी अपना संशोधन संख्या 87 प्रस्तुत कर रहे हैं ?

Shri Om Prakash Tyagi : Under this clause any bus and truck having no passangers or load or going to same workshop for repairs etc. can also be challaned.

श्री इकबाल सिंह : माननीय सदस्य खण्ड 17 का उल्लेख कर रहे हैं। क्या वह खण्ड 15 से सम्बन्धित अपना संशोधन प्रस्तुत करना चाहते हैं ?

श्री ओम प्रकाश त्यागी : जी नहीं।

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 15 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।
The motion was adopted.

खण्ड 15 विधेयक में जोड़ दिया गया।
Clause 15 was added to the Bill.

खण्ड 16

सभापति महोदय : खण्ड 16 के बारे में कोई संशोधन नहीं है। प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 16 विधेयक का अंग बने"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।
The Motion was adopted

खण्ड 16 विधेयक में जोड़ दिये गया।
Clause 16 was added to the Bill.

खण्ड 17

श्रीमती इला पाल चौधरी : मैं अपना संशोधन संख्या 34 प्रस्तुत करती हूं। मेरा यह संशोधन बहुत छोटा है। मैं चाहती हूं कि पंक्ति संख्या 22 से 24 तक को निकाल दिया जाये। क्योंकि यह अनावश्यक हैं। यदि कोई वाहन तेल लेने अथवा किसी मरम्मत आदि के लिए खड़ा है, तो वह पहले ही कठिनाई भी है, इसलिए उस पर ये पंक्तियां लागू करना उसको और भी कठिनाई में डालना है। मैं मंत्री महोदय से अनुरोध करती हूं कि इन पंक्तियों को निकाल दिया जाये।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : मैं माननीय सदस्या के संशोधन का समर्थन करता हूं।

श्री आर० एस० अरुमुगम (टेंकासी) : मैं माननीय सदस्या के संशोधन का समर्थन करता हूं।

श्री लोबो प्रभु (उदीपी) : मेरा संशोधन भी श्रीमती इला पाल चौधरी के संशोधन के समान है। मैं अनुरोध करता हूँ कि माननीय सदस्या के संशोधन को स्वीकार किया जाये।

श्री इकबाल सिंह : क्या माननीय सदस्या चाहती है कि पंक्ति संख्या 22 से 24 तक को निकाल दिया जाये।

श्रीमती इला पाल चौधरी : मेरा संशोधन इस प्रकार है :

पृष्ठ 7, पंक्ति 22 से 24 तक को निकाल दिया जाये।

पंक्ति 22 से 24 तक इस प्रकार हैं :

"(क) उपधारा (1)" किसी सार्वजनिक स्थान "के बाद कोष्ठक तथा ये शब्द" (चाहे ऐसे किसी वाहन में वास्तव मे कोई सामान अथवा यात्री हों अथवा नही) जोड़ दिये जाये। मैं समझती हूँ ये पंक्तियां अनावश्यक हैं और इन्हें आसानी से निकाला जा सकता है।

श्री इकबाल सिंह : इसकी कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि ये पंक्तियां केवल व्याख्यात्मक हैं और इन खण्ड को पूर्णतया स्पष्ट बनाने के लिए जोड़ी गई है।

श्री आर० एस० अरुमुगम : मैं प्रस्ताव करता हूँ :

पृष्ठ 8, पंक्ति 20 के बाद

"(n) to any transfort Vehicle while proceeding empty to any place for purpose of repair."

[(थ) कोई भी परिवहन गाड़ी जब कि वह खाली होकर मरम्मत के लिए किसी भी स्थान पर जा रही है।] शब्द जोड़ दिये जायें। [118]

मैं आशा करता हूं कि मंत्री महोदय मेरे इस संशोधन को स्वीकार करेंगे।

श्री इकबाल सिंह : मैं इस संशोधन को स्वीकार करने को तैयार हूँ।

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

पृष्ठ 8, पंक्ति 20 के बाद

"(n) to any transport vehicle while proceeding empty to any place for purpose of repair."

[(थ) कोई भी परिवहन गाड़ी जबकि वह खाली होकर मरम्मत के लिए किसी भी स्थान पर जा रही हो।] शब्द जोड़ दिये जाये। [118]

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The Motion was adopted.

श्रीमती इला पाल चौधरी : मैं अपना संशोधन संख्या 34 वापिस लेती हूँ।

संशोधन सभा की अनुमति से वापिस लिया गया।

The Amendment was, by leave withdrawn

सभापति महोदय : प्रश्न यह है कि:

"खंड 17, संशोधित रूप में, विधेयक अंग बने"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The Motion was adopted.

खंड 17, संशोधित रूप में विधेयक में जोड़ दिया गया ।

Clause 17, as amended, was added to the Bill.

खंड 18

खंड 18 विधेयक में जोड़ दिया गया

Clause 18 was added to the Bill

खंड 19 (धारा 44 का संशोधन)

श्री शिव चन्द्र झा (मधुबनी) : मैं संशोधन संख्या 22 और 23 प्रस्तुत करता हूँ ।

I want that the Hon. Minister may give due Consideration to may points. I want that there should be three persons instead of two in the Transport Authority. If the opinion is divided between the two then it would be difficult to give judgement. If there are three persons then it would be easy to make Judgement on majority.

श्री लोबो प्रभु (उदीपी) : मैं संशोधन संख्या 46, 47 और 48 प्रस्तुत करता हूँ ।

मेरा पहला संशोधन बहुत महत्वपूर्ण और विवादास्पद है । इसमें कहा गया है कि गैर सरकारी व्यक्ति को इसमें शामिल नहीं किया जाना चाहिए । ये नामांकन द्वारा नियुक्त किये जाते हैं । इन्हें 30,000 से 1 लाख रुपये तक के परमिट के बारे में निर्णय लेना पड़ता है अतएव इनके मार्ग में लोभ का आकर्षण आ सकता है । अतएव इस पर निष्पक्ष रूप से विचार किया जाना चाहिए । हमारा यह प्रयत्न है कि परमिट व्यवस्था में सुधार लाया जाये ताकि इसमें न्यूनतम भ्रष्टाचार की गुंजाइश भी न रहे । यदि नामांकन की प्रथा जारी रखी जाये तो इसका तात्पर्य यह हुआ कि सरकार किसी पर अनुकम्पा कर रही है । मेरा सुझाव सीधा यह है कि गैर-सरकारी व्यक्तियों को दीवानी तथा आपराधिक मामलों में निर्णय न लेने दिया जाये । अतएव मेरा अनुरोध है कि देश की भावनाओं का आदर किया जाये और यह निर्णय गैर-सरकारी अधिकारियों पर न छोड़ा जाये ।

अब मैं अपने दूसरे संशोधन पर बोलूंगा कि कौन से सदस्य होने चाहिए । इस खंड में यह कहा गया है कि कम से कम उनमें से एक व्यक्ति को न्यायिक अनुभव होना चाहिए । इसका अर्थ यह भी लगाया जा सकता है कि उस व्यक्ति को थोड़ा बहुत न्यायिक अनुभव होना चाहिए । मेरा संशोधन यह है कि वह न केवल न्यायिक अधिकारी ही होना चाहिए अपितु बुद्धिमान भी होना चाहिए । यदि इसमें सब जज और जिला जज होंगे तो हमें उनकी निष्पक्षता पर संदेह नहीं रहेगा। लोगों को उन पर विश्वास होना चाहिए । उन कार्यकारी अधिकारियों पर, जिन्हें केवल न्यायिक अनुभव है, लोगों का इतना विश्वास नहीं रहेगा ।

कई गांव ऐसे हैं जहां कि सड़कों पर बसें चलाना उपयुक्त नहीं है। वे दूर-दूर बिखरे पड़े हैं और यदि आप इसके लिये परमिट भी दें तो कोई परमिटधारी उस क्षेत्र में नियमित रूप से बसें चलाना ठीक नहीं समझेगा। हमें इन गांव वालों की आवश्यकताओं को समझना पड़ेगा। तालुक बोर्ड या पंचायत या स्थानीय निकाय यह कह सकते हैं कि उनके पास सड़कों की देख-रेख के लिए धन नहीं है यदि हमें उन गांवों की आवश्यकताओं को पूरा करना है तो हमें ऐसा व्यक्ति ढूंढ़ना पड़ेगा जो इन सड़कों की देख-रेख के लिए वित्त दे सके। कई लाइसेंसधारी सड़क की देख-रेख के लिए वित्त देने को तैयार हो जाएंगे यदि उनको उस मार्ग पर कई वर्षों तक के लिये एकाधिकार का अधिकार दिया जाये। जब तक वह सड़क एक स्तर तक बनी रह सके तब तक के लिये वह परमिटधारी के लिए सुरक्षित रखी जाये।

चौथी योजना में सड़कों के लिये 800 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है जिसमें से 400 करोड़ रुपये केन्द्र और 400 करोड़ रुपया राज्य के लिए रखा गया है। यह कहा गया है कि राज्य इसमें से 100 करोड़ रुपया गांवों की सड़कों के लिए कम रहेगा। मेरा अनुरोध है कि इस पर पुनर्विचार किया जाये। क्या गांवों के सड़कों के लिए इतनी कम राशि रखना उचित है। ऐसी स्थिति में जबकि गांव की सड़कों के लिए पर्याप्त धन राशि की व्यवस्था नहीं की गई है, गैर-सरकारी पक्ष को सड़क के एकाधिकार का अधिकार न देना कहां तक उचित है ?

श्रीमती इला पाल चौधरी (कृष्णानगर) : मैं संशोधन संख्या 58, 59, 60 प्रस्तुत करती हूँ।

मेरा पहला संशोधन सुस्पष्ट है। दूसरे संशोधन के बारे में मेरा यह कहना है कि क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण और राज्य परिवहन प्राधिकरण में भेदभाव क्यों किया जा रहा है क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण में गैर-सरकारी अधिकारी भी शामिल होने चाहिए ताकि इसमें लोगों की आवाज भी सुनी जा सके।

श्री अब्दुल गनी दार (गुड़गांव) : मैं संशोधन संख्या 75, 76 और 77 प्रस्तुत करता हूँ।

I had stated yesterday that the Government may find out a way so that any operator may have not to deposit taxes at one place. The operators have to face difficulties while crossing from one region to other region. The Centre may consider over it.

I have an experience that those non-officials members also join the board an favourite of Ministers. In my opinion these things should be left on officials. The departments, who issue licences in regard to import, export etc., have officials and they are the persons who issue these licences.

The clause provides for appointment of an official possessing judicial experience. What I suggest is the official so appointed for the purpose should have to take credit a service record above board. There are instances where persons against whom charges of corruption were being inquired into have been promoted. Such things should not be allowed to happen.

श्रीमती इला पाल चौधरी (कृष्ण नगर) : मेरा संशोधन इस परन्तुक को हटाने के लिये है। जब आप एक ही व्यक्ति से प्राधिकरण बनाते हैं तो समूची शक्ति उसमें निहित हो जाती है और इस प्रकार न्याय की आशा नहीं की जा सकती चाहें वह व्यक्ति न्यायिक अनुभव प्राप्त ही क्यों न हो। इसलिये मेरा संशोधन यह है कि प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण का गठन केवल एक व्यक्ति से ही नहीं किया जाना चाहिए।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : समितियों में गैर-सरकारी सदस्यों को भी शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि सभी गैर-सरकारी सदस्य भ्रष्ट नहीं होते। वे अच्छे सामाजिक कार्यकर्ता होते हैं। दूसरी बात यह कि सड़कें आमतौर पर सामुदायिक विकास खण्डों द्वारा बनायी जाती हैं, किन्तु किसी विशेष मामले में यदि ऐसा नहीं किया जाता, तो सड़क निर्माण का कार्य किसी मालिक को एकाधिकार के रूप में न देकर सहकारी समिति को दिया जाना चाहिए। पांच या छः वर्ष के लिये सीमित एकाधिकार के सम्बन्ध में हमें कोई आपत्ति नहीं है। किन्तु यह एकाधिकार किसी विशिष्ठ मालिक को नहीं दिया जाना चाहिए।

श्री इकबाल सिंह : हमने विधेयक में दो अधिकारियों, अर्थात एक सरकारी तथा एक गैर-सरकारी अधिकारी की व्यवस्था की है जिसका आशय है कि दो से कम नहीं। उससे अधिक हो सकते हैं। केवल ऐसे संघ राज्य क्षेत्रों अथवा छोटे क्षेत्रों में जहां प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण और राज्य परिवहन प्राधिकरण का विलय किया गया है और केवल एक ही प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण है, एक अधिकारी को वह भी न्यायिक अनुभव प्राप्त नियुक्त करने की व्यवस्था की गई है।

प्रस्तावित रूप में यह खण्ड उपयुक्त खण्ड है और सभी हितों के अनुकूल है। ये नियुक्तियां राज्य सरकारों द्वारा की जानी हैं, न कि केन्द्रीय सरकार द्वारा हम केवल मार्गदर्शी सिद्धान्तों की व्यवस्था कर रहे हैं।

इस प्राधिकरण में अधिकारियों की संख्या यथा स्थिति 7 या 8 तक भी हो सकती किन्तु आमतौर पर 5 या 6 होती हैं लेकिन दो से कम नहीं। कुछ क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व गैर-सरकारी अधिकारी करते हैं। कुछ स्थानों में लारी मालिकों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग स्थिति है।

जहां तक एकाधिकार का सम्बन्ध है, मैं इस बारे में कुछ नहीं कह सकता। प्रत्येक परमिट तीन वर्ष के लिये दिया जाता है। उसका नवीकरण करवाया जा सकता है। विधेयक में इसके लिए व्यवस्था नहीं की जा सकती।

जहां तक सड़कों के निर्माण का सम्बन्ध है, वैसे तो कोई भी व्यक्ति सड़क बना सकता है और कोई सुविधा दे सकता है। लेकिन विधेयक में किसी के लिये एकाधिकार की व्यवस्था नहीं की जा सकती।

जहां तक न्यायिक अनुभव का सम्बन्ध है, कुछ राज्यों में न्यायपालिका को कार्यपालिका से पृथक कर दिया गया है और कहीं पर नहीं किया गया इसलिये, इन शब्दों अर्थात 'न्यायिक अनुभव प्राप्त" का प्रयोग किया गया है।

सभापति महोदय द्वारा संशोधन संख्या 22,23,46,47,48,58,59 तथा 60 सभा में मतदान के लिये रखे गये तथा अस्वीकृत हुए।

Amendments 22, 23, 46, 47, 48, 58, 59 and 60 were put and negatived.

Shri Abdul Gani Dar : I seek the leave of the House to withdraw my amendments No. 75, 76 and 77.

सभापति महोदय : क्या सभा माननीय सदस्य को अपने संशोधन वापस लेने की अनुमति देती है ?

कुछ माननीय सदस्य : जी हां ।

सभा की अनुमति से संशोधन संख्या 75,76, तथा 77 वापस लिये गये ।

The amendments 75, 76 and 77 were, by leave, withdrawn.

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 19 विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

खण्ड 19 विधेयक में जोड़ा गया

Clause 19 was added to the Bill.

खण्ड 20—धारा 45 का संशोधन

श्री अब्दुल गनी डार : मैं अपना संशोधन संख्या 35 प्रस्तुत करता हूँ ।

श्री शिव चन्द्र झा : मैं अपने संशोधन संख्या 24 और 25 प्रस्तुत करता हूं ।

My amendments, if accepted would benefit the common men desirous for having motor cars Under the proposed provision, a person who applies for a permit, will be will be required to deposit Rs. 500/- which is a heavy burden on the middle-class persons. I would, therefore request the hon. Minister to reduce this amount to Rs. 200/- so that every body desirous of applying for a permit could easily afford it.

My second amendment seeks to prescribe a specific period of one week instead of the words 'as soon as possible'. Supposing some body is not granted a permit he had applied for, he should be refunded the amount of security within a week, otherwise, these may be inordinate delay in making the payment to the depositor.

I hope it is a very reasonable amendment, and the hon. Minister should have no difficulty in accepting it.

श्रीमती इलापाल चौधरी : मैं अपना संशोधन संख्या 61 प्रस्तुत करती हूँ ।

मैं चाहती हूं कि विधेयक के पृष्ठ 9 पर, 26 से 41 तक की पंक्तियां निकाल दी जायें । यदि ऐसा करना संभव न हो, तो श्री शिव चन्द्र झा का यह संशोधन, कि जमानत की राशि 500 रुपये से घटाकर 200 रुपये कर दी जाये, स्वीकार किया जाना चाहिए । क्योंकि 500 रुपये की राशि मध्यम वर्ग के लोगों के लिये भारी रकम है ।

श्रीमती ओम प्रकाश त्यागी : मैं अपने संशोधन संख्या 90, 91 तथा 92 प्रस्तुत करता हूँ ।

Most of the people do not read the official gazette. So this provision will not benefit the people in general. My amendment, therefore, seeks to insert the words "and in any one of the leading daily newspapers in regional language" after the word "gazette" so that the common man is benefited thereby.

The hon. Minister has been good enough to appreciate the spirit of my amendment and I hope he will accept the same.

श्री इकबाल सिंह : पहले फीस का कोई उपबन्ध नहीं था । कोई भी व्यक्ति अर्जी दे सकता था। परिणाम स्वरूप हजारों आवेदन-पत्र आते थे, यहां तक कि जिन्हें आवश्यकता नहीं होती थी, वे भी आवेदनपत्र दे देते थे, जिसके कारण हमें को परमिट जारी करने में विलम्ब होता था । इसे रोकने तथा यह सुनिश्चित करने के लिये कि आवेदनपत्र केवल उन्हीं व्यक्तियों के आयें, जिन्हें वस्तुत : इसकी आवश्यकता हो, हमने ऐसी यह व्यवस्था होने का निर्णय लिया है । मूल अधिनियम में 5,000 की व्यवस्था थी, जिस संयुक्त समिति ने घटाकर 500 रुपये कर दिया हैं और यदि सदस्यगण जोर देते हैं, तो मैं उसे घटाकर 200 रुपये करने के प्रश्न पर भी विचार कर सकता हूँ ।

मूल अधिनियम में कुछ और प्रक्रिया भी निर्धारित की गई है । हमें उसका अनुसरण करना है । एक व्यक्ति, जो 6,0000 रुपये की बस चलाना चाहता है, उसके लिये 200 रुपये या 300 रुपये जमा करना कोई बात नहीं है, यदि वह इस राशि को बहुत बड़ी राशि समझता है, तो मेरी राय में वह वास्तविक आवेदनकर्ता नहीं है ।

जहां तक अधिसचना को प्रादेशिक भाषायी समाचारपत्रों में प्रकाशित करने का प्रश्न है, वास्तव में उसे कुछ व्यापारी पत्रिकाओं अथवा परिवहन कर्मचारियों तथा परिवहन संचालकों की पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित करने की प्रथा रही है । क्योंकि सम्बन्धित लोगों के लिए यह अधिक लाभकारी है । उसे अन्य समाचारपत्रों तथा दैनिक पत्रों में प्रकाशित करने का कोई लाभ नहीं है । हमें इसे उन पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित करना होता है जिन्हें परमिटों में रुचि रखने वाले लोग पढ़ते हैं ।

वर्तमान पद्धति के अनुसार उसे छोटे व्यापारी समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाता है, चाहे वे संचालकों के हों अथवा परिवहन कर्मचारियों के । यह प्रथा जारी रहेगी और नये विधेयक में हमने गजट में प्रकाशित करने की व्यवस्था केवल इसलिये की है कि उसे गजट में भी प्रकाशित किया जाना चाहिए । हमने इसे अधिक सख्त बनाने का प्रयत्न किया है । जो अधिक ठीक है । मैं इसे दैनिक समाचारपत्रों में प्रकाशित करने के सुझाव को स्वीकार नहीं करता ।

Shri Shiv Chandra Jha : The hon. Minister has not stated anything about my amendment 25 which seeks to specify a period of one week for refunding the money to the applicant in the event of the non-grant of a permit to him. It will be in the interest of and beneficial for the motor car owners

श्री इकबाल सिंह : मैंने 500 रुपयों के स्थान पर केवल 200 रुपये स्वीकार किये हैं । एक सप्ताह की अवधि के बारे में राज्य सरकार को निदेश दिये जा सकते हैं । श्री ओम् प्रकाश त्यागी के सुझाव के बारे में राज्य सरकारों को उन्हें प्रकाशित करने को कहा जा सकता है । वास्तव में ये पत्रिकायें साप्ताहिक हैं और इनको कानून के अन्तर्गत रखने के लिये उन्हें क्षेत्रीय पत्रिकायें कहना पड़ेगा । इस सम्बन्ध में यही कठिनाई है ।

Shri Om Prakash Tyagi (Moradabad) : In the first reading an assurance was given in this respect. Whether the state government and the Transport Department would follow

your practice or not, is a different thing but it is sure that what I have suggested would be beneficial for the public.

श्री इकबाल सिंह : व्यापार सम्बन्धी कोई दैनिक समाचार पत्र नहीं है। राज्य सरकारें भी इसी प्रक्रिया को अपना रही हैं अन्यथा सारी प्रक्रिया ही व्यर्थ हो जाती है।

Shri Om Prakash Tyagi : But any local newspaper or some thing like that should be written in this.

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

कि पृष्ठ 9, पंक्ति 29 में

'five' [पांच] के स्थान पर 'two' [दो] रखा जाये, [संख्या 24]

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The Motion was adopted.

सभापति महोदय : अब मैं संशोधन संख्या 25,35,61,90,91 तथा 92 मतदान के लिए रखता हूँ।

संशोधन संख्या 25,35,61,90,91 तथा 92 मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए।

Amendment Nos. 25,35,61,90,91 and 92 were put and negatived.

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

'कि खण्ड 20 संशोधित रूप में विधेयक का अंग बने।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The Motion was adopted

खण्ड 20 संशोधित रूप में विधेयक में जोड़ दिया गया

Clause 20, as amended was added to the Bill

खण्ड 21 और 22

सभापति महोदय : खण्ड 21 में कोई संशोधन नहीं है। खण्ड 22 में श्री मधुकर का संशोधन है किन्तु माननीय सदस्य अनुपस्थित है। अतः मैं इन खण्डों को मतदान के लिए प्रस्तुत करूंगा।

प्रश्न यह है :

'कि खण्ड 21 तथा 22 विधेयक का अंग बनें''।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The Motion was adopted

खण्ड 21 तथा 22 विधेयक में जोड़ दिए गए।

Clauses 21 and 22 were added to the Bill

खण्ड 23

श्री लोबो प्रभु (उदीपी) : मैं प्रस्ताव करता हूँ :

कि पृष्ठ 10, पंक्ति 38 में

'seasons' [ऋतुओं] शब्द के पश्चात

'and the same is prominently marked on this vehicle' [वाहन पर यह बात स्पष्टतः अंकित कर दी जाय] शब्द जोड़ दिये जायें (संख्या 49)

